
वृषकल्पद्रुम

अर्थात्

पशुचिकित्सा



खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन, बम्बई

श्रीः

वृषकल्पद्रुम

अर्थात्

पशुचिकित्सा

तियरीग्रामनिवासी केशवसिंह ताल्लुकदारजी निर्मिता

खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन, बम्बई-४.

संस्करण : जुन २०१३, संवत् २०७०

मूल्य : १०० रुपये मात्र

मुद्रक एवं प्रकाशक:
खेमराज श्रीकृष्णदास,
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग,
मुंबई - ४०० ००४.

Printers & Publishers :
Khemraj Shrikrishnadass Prop: Shri Venkateshwar Press, Khemraj Shrikrishnadass Marg, 7th Khetwadi, Mumbai - 400 004.

Web Site : http://www.Khe-shri.com
Email : khemraj@vsnl.com

Printed by Sanjay Bajaj For M/s.Khemraj Shrikrishnadass Proprietors Shri Venkateshwar Press, Mumbai-400 004, at their Shri Venkateshwar Press, 66 Hadapsar Industrial Estate, Pune 411 013

भूमिका

★

वर्त्तमान समयमें हमारे देशवासियोंका मूलधन कृषी (खेती) ही है। प्रायः सभी देशवासी इसीके द्वारा निर्वाह करते हैं और इसीके सहारे एक दो गौ-भैंस भी रख लेते हैं; परन्तु जब वे दरिद्रोपयोगी पशु दैविक अथवा भौतिक व्याधियोंसे ग्रसित होते हैं तब लोगोंको बहुत बडी कठिननता होती है लेकिन विना उस विषयकी औषधी जाने बिचारे किसान कर ही क्या सकते हैं? उपरोक्त कठिनताके निवारणार्थ यह देशहितैषी यन्त्रालय "पशुचिकित्सक" ग्रंथकी खोज ही में रहा करता था। निदान अब हमारे हितैषी ताल्लुकदार परमोदार केशवसिंह स्थान तियरी जिला उन्नावने यह ग्रंथ बनाय भेज दिया, इसमें बैल, गौ, भैंसादि पशुओंके रोगहारक यन्त्र और उनके चित्रसमेत शुभाशुभ लक्षण और सम्पूर्ण रोगोंके शमन करनेवाली अनेकाअनेक औषधियां वर्णित हैं। सब किसानों को यह परमोपयोगी पुस्तक अवश्य ही एक एक अपने घरमें रखना योग्य है, कारण कि इसके द्वारा वे पशुओंको भली भांति नीरोग रखके अपना काम ले सकेंगे।

आपका कृपापात्र–

खेमराज श्रीकृष्णदास

अध्यक्ष 'श्रीवेङ्कटेश्वर' स्टीम प्रेस, बम्बई


श्री :


अथ वृषकल्पद्रुमग्रन्थकी

विषयानुक्रमणिका

अनुक्रमणिका


इति अनुक्रमणिका समाप्त





श्रीकृष्णगोदोहन.

चि. १



पृ. ९

चि. २



पृ. १२


चि. ३



पृ. २०

लांबटंगा - बैल


चि. ४



पृ. २१

अश्वसीना बैल.


चि. ५



पृ. २२


नबरगेबँन बैल.

चि. ६




पृ. २२

खुर फैला बैल.



चि. ७ पृ. २८

खुर पालिया बैल.




चि. ८ पृ. २८

खुर चपाती बैल.




चि. ९ पृ. २८




खुरखुराबैल

चि.१० पृ.२९



खुरकराबैल


चि.११ पृ.२९



खुरघसियाबैल


चि १२ पृ.२९

कचखुरा बैल.



चि. १३ पृ. २९

मैरा-शृंग बैल.



चि. १४ पृ. ३०


वड-श्रृंगा बैल.



चि. १५ पृ. ३०

मेढ़िया शृंगबैल.


चि.१६



पृ.३०

भेडिया श्रृंग बैल.


चि.१७



पृ.३०

औंधी चाचरि बैल.


चि.१८



पृ.३०


बकियाशृंगबैल.

चि.१९ पृ.३०



सरगापत्तालींबैल

चि.२० पृ.३१




कैंचा शृंगबैल.

चि.२१ पृ.३१





चि.२२ पृ.३१




चि.२३ पृ.३१



चि.२४ पृ.३१

डुंडाशृंगबैल.


चि.२५



पृ.३२

डुंड़ाशृंगपैदायसीबैल.


चि.२६



पृ.३२


मुण्डाशृंगबैल.

चि.२७



पृ.३२

मुण्डा श्रृंगपै दायसी.



चि.२८ पृ.३२

मोट श्रृंगाबैल.



चि.२९ पृ.३२


चिरश्रृंगाबैल.



चि.३० पृ.३२


वेंदिया शृंगबैल.

चि.३१ पृ.३३



खुरकपलीनाबैल.

चि.३२ पृ.३३




गरेला शृंगाबैल

चि.३३ पृ.३३



खुटखुटा श्रृंग बैल.


चि.३४



पृ ३३

कौडिहां श्रृंग बैल.


चि.३५



पृ.३४

चौरा रंग देहका बैल.


चि.३६



पृ.३४

धौरा सोनहिला रंगका बैल.

चि.३७



पृ.३४

कबेलिया रंगकाबैल.


चि.३८



पृ.३४

कजरा रंगका बैल.


चि.३९



पृ.३५

श्याम कर्ण रंगकाबैल.

चि.४०



पृ.३९

चवुवा टिकुवाबैल.


चि.४१



पृ.३९

मुहधोवासेतवदन्काबैल


चि.४२



पृ.३९

पीले रंगका बैल.


चि.४३



पृ.३५

एकसाधुमैले रंगका बैल.


चि.४४



पृ.३५

भूरे रंगका बैल.


चि.४५



पृ.३६

सकील रंग का बैल.


चि. ४६



पृ. ३६

करदुम्मा रंग बैल.


चि. ४७



पृ. ३६

ललदुम्मा रंग बैल.


चि. ४८



पृ. ३६

कबरे रंगका बैल.


चि.४९



पृ.३६

चितला रंग बैल.

चि.५०



पृ.३७

कलुया तेलिया रंगका बैल.


चि.५१



पृ.३७

कलुवा रंगका बैल


चि. ५२



पृ. ३७

नीले रंगका बैल.


चि. ५३



पृ. ३७

गोरवा रंगका बैल.


चि. ५४



पृ. ३७

गोरखिरवा रंगका बैल


चि.५५



पृ.३७

मुसरिह्मारंगका बैल.


चि.५६



पृ.३८

फुलह्मारंगफुशी बैल


चि.५७



पृ.३८

तिलहा रंगका बैल


चि. ५८



पृ. ३८

मच्छिल्हा रंगका बैल·

चि. ५९



पृ. ३८

भोडा रंगका बैल


चि. ६०



पृ. ३८

रदनं रंगका बैल

चि. ६१



पृ. ३९

भेडहाके रंगका बैल.

चि. ६२



पृ. ३९

कौवाके रंगका बैल.

चि. ६३



पृ. ३९

केहरी रंगका बैल.


चि. ६४



पृ. ३९

फुलवाई रंगकाबैल.


चि. ६५



पृ. ३९


चीनिया रंगका बैल.

चि. ६६



पृ. ३९


संदली रंगका बैल.



चि. ६७

पृ. ३९

किसमिसी रंगका बैल.



चि. ६८

पृ. ३९

कांसियारंगका बैल.




चि. ६९

पृ. ३९

चंम्पई रंगका बैल.


चि.७०



पृ. ३९

खैरा रंगका बैल.


चि.७१



पृ. ३९

फालसई रंगका बैल.


चि.७२



पृ. ३९

पेंढकुलिया रंगका बैल.


चि. ७३



पृ. ३९

सोनहले रंगका बैल.


चि. ७४




पृ. ३९

बादरके रंगका बैल

चि. ७५



पृ. ३९



चि. ७६ पृ. ३९



चि. ७७ पृ. ४०

श्रीगणेशाय नमः

वृषकल्पद्रुमप्रारंभः

*

दोहा-गणपति गिरिजा ईश अरु, विधि वंदौं करजोरि।
विष्णुचरणको ध्यान धरि, भाषौं ग्रंथ बहोरि॥

कवित्त-सिद्धिके सदन गजबदन विशालतन दरश कियेते वेगि हरत कलेशको। अरुणपरागको ललाटमें तिलक सोहै बुद्धिके निधानरूप तेज ज्यों दिनेशको॥ मंगलकरन भवहरन शरन गये उदित प्रभावजाको विदितमहेशको। जेते शुभकाजतामें पूजिये प्रथमताहि ऐसेजगवंदनसोनंदमहेशको॥

दोहा-वृषकल्पद्रुम ग्रन्थका, नाम कीन उच्चार।
कछु निदान रुजको कहौं, पशुसुख हेतु विचार॥
और दवा कछु दो सुनी, ग्रन्थनमें अवलोक।
लिखिहौं आगे ते सबै, हरन पशुनको शोक॥
वरणि शुभाशुभ कछुक विधि, थोरा और विधान।
बिगरो जो यह में लखो, सो सुधर विद्वान॥
संवतरसगुणग्रहशशी १९३६ पौषबदीतिथितीज।
ग्रन्थ अरंभन कीन तब, वृषतन ताको बीज॥
अवध राजधानी जहाँ, शहर लखनऊ जान॥
ताके पश्चिम जानियो, सोरह कोश प्रमान॥

जिला लिखौं उन्नावको; मियाँगञ्जके पास ।
आसीवनको परगना, तियरि ग्राममें वास ॥
तालुकदार कहावहीं, केशवसिंह अहीर ।
तिन संग्रहकरि ग्रन्थ यह; हरन वृषभकी पीर ॥
कुण्ड०-हिन्दुस्तानी फारसी, अँगरेजी मत और ॥
तीनोंको संग्रह कियो, वृष पशुको शिरमौर ॥
वृषपशुको शिरमौर, चिकित्सावरणिबखानौं ।
दवा करौ ततकाल, रोगको जो पहिचानौ ॥
कहैं केशवपरसाद, जौन नर बुद्धिसयानी ।
तिनको मतलखि लिख्यो, ग्रन्थ यह हिंदुस्तानी ॥

अथ पशुशालारचना विधि

छ०कुकुभा-शीतउष्ण अरुबायुबचावै गृहकीरचाकीजै ।
जामेंरोगनिकट नहिं आवै सो प्रकारलखि लीजै ॥
चारौ दिशा दिवाल अनूपम खिरकी बहुत रखावै ।
शीतलमन्दसमीरवायु जहँ सुखपशुको उपजावै ॥
ओस नीर आतपहि बचावै छाया पुष्टकरीजै ।
एक झरोखा ऊपर राखै तेहिं दुर्गंधि हरीजै ॥
मल अरुमूत्र साफ बहुराखै तहाँ रोग नहिं आवै ।
ऐसी पशुकी रक्षा कीजै सकल सुख उपजावै ॥
दोहा-ढारूजमी बनाइये, जहां पशुनको स्थान ।
दुःखबहुत बहुसुख बढ़ै, जानौ यह मतिवान ॥

अथ चरहीकी विधि

श्लोक-स्वामिहस्तप्रमाणेन दीर्घविस्तरसंयुतौ ।

वसुभिश्च हरेद्भागं शेषांके फलमादिशेत् ॥ १ ॥
पशुरोगः पशोर्नाशः पशुलाभः पशुक्षयः ।
पशुरोगः पशोर्वृद्धि, पशुभेदो बहुप्रदः ॥ २ ॥

अर्थ–दोहा–पशुकै चारा खायको, चरही नाप विधान ।
शुभ अरु अशुभ विचारिकै, रचना करौ सुजान ॥

चौ०–पशुमालिककेहाथनपाई। लंबाई चकलई मिलाई॥
आठभागदेजोबढ़िरहै। भिन्नभिन्नफलताके कहै॥
एकबचैपशुहानिकरावै। दुइकेबचेनाशफलपावै॥
तीनबचैपशुलाभसदाई।चारिबचेतेक्षयहोइजाई॥
पाँचबचैपशुरोगबढ़ावै। छःकेबचे वृद्धि उपजावै॥
सातबचैपशुभेदैजानौ। आठबचैबहुवृद्धिबखानौ॥

अथ पशुको सर्वरोगसर्वारिष्टनिवारणमंत्र वा यंत्र ।

अथ मंत्र परईका

श्लोक–अर्जुनःफाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः ।
बीभत्सुर्विजयीकृष्णः सव्यसाचीधनंजयः ॥
ॐ क्लीं श्रीं क्रुं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः ॥
ॐ गोरक्ष ॥ ॐ गोरक्ष ॥ ॐ गोरक्ष ॥

अथ यंत्रविधिः

चौ०–यकपरईमाटीकीलावै । पेंदीमधिमैं छिद्र करावै॥
कलमकरैदाडिमकीलकरी । मसिसेलिखिपरइकेभितरी॥
मंत्र और श्लोकसमीता। रविदिन शुभजानौ तेहि मीता॥

तेहिपरईकोधूपकरावै । अन्नदान कछु विप्र देवावै॥
दरवाजेऊपरबँधवावै। गो वृष महिषकोरोगहटावै॥

अथ गोवृषक्रयविक्रय मुहूर्तचिंतामणिमत

दोहा–छिप्र अत्य अरु कृत्तिका, इंद्र पुनर्वसु चन्द ॥
शतवशु क्रयविक्रय कहत, गाइनको मुनिवृन्द॥

अन्यमत दोहा

अन्यमत गोक्रय विक्रय मुहूर्त

ति.	वा		नक्षत्र
१	सू.	ह.	अ.
२	चं.	पु.	पुन.
३	बु.	रे.	कृ.
४	बृ.	ज्ये.	मृ.
५	शु.	श.	ध.
६	श.		
७			
८			
९			
१०			
११			
१२			
१३			
१४			
१५			

रिक्ता अमातिथि अशुभ, अरु मंगलको वार।जेनक्षत्र शुभते कहौं कुरु तिनको निरधार ॥ हस्त अश्विनी पुष्य कहिं, और रेवती जान। कृतिकाइंद्र पुनर्वसु, मृगशिर शतभिषमानु ॥ वासवमिलिशुभनखत ये, क्रयविक्रय कहि सोय । सदा अनंदित रहत है मनचीते फलहोय ॥ अथ पशुरक्षा–घरमें लायके चारा देना और दूसरे मुहूर्त जेहि स्थानमें राखन होय तेहिका प्रवेश वा वहांते प्रथम यात्रा । छन्द घनाक्षरी ॥

मत मुहूर्तचिंतामणिका ॥ राशि शुभखगनकी अठवों सदन शुद्ध जौनयाकीयोनि औ चरनखतगाये हैं । ऐसे समयसदनमें पशुनको राख्यो जिन दिन तिनही असे सुखपाये हैं ॥ रिक्तादशआठैमंगलश्रवण ध्रुवचित्रामें सदनते जिन बाहरे पठाये हैं। पाये सब दुःखतिन इनहीमें राखे जिन तिन निजजीको भूरि शोक उपजाये हैं॥१॥

पशुरक्षा मु. ल. २ । ३ ४ । ६ । । ७ । ९ १२ । अष्टमशुद्धनिजमोती नक्षत्रमें प्रथम घर लानेका			पशुका प्रथमपशुस्थानमे प्रवेश और वहांसे प्रथम यात्रा या जुवां धरनेका मुहूर्त			पशुयात्राव्यवहार-समुच्चयका मत		
ति.	वा.	नक्षत्र.	ति.	वा.	नक्षत्र	ति.	वा.	नक्षत्र.
१	मु.	स्वा.	१		अ. म. कृ.	१	सू.	पू ९.
२	चं.		२	सू.		२	चं.	ज्ये ध.
३			३		मृ. आ. पुन.	३		
५		पुन.	५	चं.	पु. ऽश्ले. म.	५	बु.	मृ. रे.
६	बु.		६	बु.		६		
७	बृ.	श्र.	७	बृ.	पू. ३ह. स्वा.	७	बृ.	वि. अ.
१०	शु.	ध.	१०	शु.		१०	शु.	ऽश्ले.
११			११		वि. ऽनु. ज्ये.	११		
१२	श.		१२	श.		१२		
१३		श	१३		सू. म. श.	१३		
१४			१४		रेवती.	१४		
१५			१५			१५		

अथ वृषपशुयात्रा

(व्यवहारसमुच्चयग्रंथका मत)

दोहा-लिखो मुहूरत वृषभपशु, यात्रा करै जो कोय ॥
यक॰व्यवहार समुच्चय, ग्रन्थमते कहि सोय ॥
रिक्ता आमा अष्टमी, अरु मंगलके बार ॥
इनमें जो यात्रा करै, ताको अशुभ विचार ॥
मघा विशाखा अश्विनी, और ज्येष्ठा जान ॥
तीनों पूर्वा रेवती, चंद्रशर्व वसु मान ॥
ताको सदा सुमंगल, सुख भोगै बहु सोय ॥
जो यहि मारगमें चलै, शोधि मुहूरत कोय ॥

अथ पशुपीड़ानिवारणमंत्र

भीमासुरिपशुबाधां हरहर पशूनव अवस्वाहा। इतिमंत्र॥

अथ विधिः

दोहा-यहि मन्त्रते झारई, सर्व पशुन सब रोग।
कागजपर मसिसे लिखै, तौन यंत्रको योग।
ऊपर सूत लपेटिकै औरो करो विधान।
आहुति घृतकी दीजियो, इकशतआठप्रमान १०८
हरि आहुतिमें मंत्र पढि, सुवाछुवावै यंत्र ॥
फिर पढिकै बांधौ गरे, हरै रोग यह मंत्र ॥

अथ पशुवरदासि रक्षाकरण

ॐभीमासुरिपशुबाधां हरहरपशूनव अवस्वाहा॥

दोहा-जौन पशुनको ताकते, चारा पानी होय।

ते रोगी कम होत हैं, जानि लेउ सब कोय ॥
कम ज्यादा जिन पशुनको, चारा पानी देय ॥
ते बेराम रोगी रहैं, ग्रन्थमते कहि सोय ॥
स्वामी अपने पशुनको, राखै ख्याल कराय ।
तासों अच्छा जानियो, रोगनते बचि जाय ॥
जिनके पशु बहु दुखित हैं, स्वामीको है पाप ।
अन्त नरकमें जात हैं, उनहिन केरे शाप॥

चौ०—जोजो रोगलिखे यहि माहीं।हवातेबाजे होतवृषाहीं
पवन समान रोग हैं जेते। बुरो समीर लागते होते ॥
और कछुक रूज बाकी जे हैं। सकलपशुनदुखदेतमहाहैं॥
स्वामी पशुके रहैं भुलाने। चारा पानी देखि न जाने ॥
यहिमहँ लक्षबहुरोगनके।खुले हवाल लीखेहैं तिनके ॥
पशुनकेरिअच्छेनकीरीती। स्वामीदेखिराखि नितप्रीती॥
यहिपरख्यालकरै जेनाहीं। रोगपशुनपर फैलिजो जाहीं॥
पशुकेस्वामिनकोयहचहिये।घासपयारजमाकरिधरिये।
पवन बुरो औ सूखासाला। समय मेह बहु बाढे ताला॥
आगे काम आइहै धरौ। चाराकी गफलत मतिकरौ ॥

दोहा—चारा जब नाहीं मिलै, तब पशु छोडि चराय ॥
नीक नकारा जो कछू; सो आगे चरिखाय ॥

चौ०-जहरदार घासै बहु पाता।तौन खाय रोगीहै शाता॥
घटे तलाव घास बहुजामैं। शरदप्रकीर्ति होत है तामैं॥
यहिके खाये रोग बढावै। पशुको वनमें नहीं चरावै ॥

दोहा-मतलबते ज्यादा चही, चारा जमा कराय ।
जेहिमा पशुघरके सकल, अच्छा चारा खाय ॥
चौ०-छाहींथानबँधेर हैजिनके।बीमारीते बचिहैं तिनके॥
वर्षा औरधूपतेजानौ।शीतलनिशिकोपवनबखानौ ॥
इनतेबचैनीकसोकहियो।याप्रकारवरदासि करैयो ॥
वरषैमेघभीजिदुखपावै। घास दुपहरी तनुदहकावै ॥
शीरोपवनरातिकोपाला।मारिजाडेनभयोबिहाला ॥
ओसरातिकीतनुमेंलागी।इनसबतेदुखहोय अभागी॥
औरएकविधिरोगबढत हैं। मैला बुरा नीर पीवत हैं॥
बहुत साफ पानीको दीजै। सुखीरहै तनुवृद्धि करीजै॥
वृषकल्पद्रुमरीतिजोकरिहै। ताकोभलासदाई रहिहै॥
वृषकोताकुकरोदिनराती।सुखपावैवहसो बहुभाँती॥
सुनो खुराकएकवृषकेरी। थोरेदामन मिलै घनेरी॥
औरबातएक कहौं सुनाई। गो वृषतें है लाभ सदाई॥
वृषभ जोति मेहनतिबहुकरै। गाई दूध बेच्च अनुसरै॥
दोहा-अपनी जौन खुराकते. लाभ करै अधिकार ।
छाँडि दूसरो देति हैं, स्वामी पशु बीमार ॥
ग्रामनगरपुर लघु बडे, सकल बजार बखान ।
थोरे दामनसों मिलै, दवा जानु बुधवान ॥
लिखिहौं याहीग्रन्थमें; सकल दवा परमान ।
पक्कों तौल तुलाइये, याको यही विधान ॥
अथ एक हलपर कई वृषभशुभाशुभ चाहिये ।

पाराशरमतेनोक्तम्

श्लोक-हलमष्टगवं धर्म्यं षड्गवं मध्यमं स्मृतम्
चतुर्गवं नृशंसानां द्विगवं वृषघातिनाम् ॥१॥

दोहा-एकै हलपर राखिये; कई वृष सुनौ प्रवीन ।
उत्तम मध्यम नीचके, लक्षण कहौं नवीन ॥

चौ-उत्तमजेहिकिसानकोभाखै।आठवृषभइकहलपरराखै
षट्वृषमध्यमसोपहिचानौ।चारिउकोयाहीविधिजानो॥
अतिनिकृष्ट पशुघाती जोई । दुइवृषभे हल जोतै सोई
अथगोवृषशुभाशुभ लक्षण ॥ (देखो चित्र न० १)॥
वाराहमिहिरकृत बृहत्संहिताका मत ॥ छन्दकुकुभा॥
बारहीकृत बृहत्संहिता ज्योतिषमत है जोई ॥
ताके अर्थ लिखौं भाषा में समुझै नर सब कोई ॥
गोवृषलक्षण कछुक शुभाशुभ प्यारे कहौं बखानी ॥
यह बिचारिकै जो कोइपालै ताकी होई न हानी ॥
धेनुदोषको नहीं बिचारो मुनिन कछुक लिखिराखा ॥
गो निन्दा मुखते मति भाषै मानुषतनु सुनि राखा ॥
श्लोक-पराशरःप्राह बृहद्रथाय गोलक्षणं तत्क्रियते
ततोऽयम् । मया समासः शुभलक्षणास्ताः
सर्वास्तथाप्यागमतोऽभिधास्ये ॥ १ ॥

अर्थ-दोहा-पाराशरमुनिजो कह्यो,अन्यमुनिनसों भाखि।
ताहीको संक्षेप यह, गो वृषलक्षण राखि ॥

चौ०-गोवैं शुभलक्षणकी खानी।
शास्त्ररीति शुभ अशुभ बखानी॥

अथ गोनेत्र अशुभ लक्षण।

श्लोक-अस्राविलरूक्षा मूषकनयनाश्च न शुभदा गावः॥
प्रचलच्चिपिटविषाणकरटाःखरसदृशावरणाश्च॥२॥

अर्थ

चौ०आंसूढारगऊजोजानौ।अरुमलीनआंखैंपहिचानौ॥
कछुक रुखाई नेत्रन होई। मूषकसमदृगजानौ जोई॥
लक्षण इनमें एकौ देखै। महादोष ताको अवरेखै॥
याको कछु संदेह न कीजे। अपने मुखते नाहिं भनीजे

अथ अशुभशृङ्गलक्षण

दोहा-हलना चपटा शृङ्ग जो, सकल अशुभकीखानि।
ताहीको पहिचानियो, मुनिमत कह्यो बखानि॥

अथ गोरंग अशुभ

दोहा-अरुण बरण गोगात सब, गुंजाके सम होय।
पाराशर मुनिके मते, अशुभ रंग है सोय॥
जौन गऊको देखिये, गर्दभरङ्ग समान।
ताके लक्षण अशुभ हैं, मुनिमत कह्यो बखान॥

अथ शुभदंतलक्षण

श्लोक-दशसप्तचतुर्दन्त्यः प्रलंबमुण्डाननाविनतपृष्ठाः॥
ह्रस्वस्थूलग्रीवा यवमध्या दारितखुराश्च॥३॥

अर्थ-दोहा-मुखमें देखौ दशन जो दशन गिनतीमें होय॥

ताके लक्षण अशुभ हैं, जानि लेव सब कोय ॥
सात दशन जो देखिये, की तौ चारि निहार ॥
याहू लक्षण अशुभ हैं, मुनिमत कह्यो बिचारि॥

अथ शीश वा मुखलक्षण

दोहा-लंबे मुंडकि गाइ जो, की लंबा मुख होय ॥
और पीठिखाली लखौ, अशुभ जानियो सोय ॥

अथ ग्रीवालक्षण

दोहा-ठमकामाटी घींच लखि, जवाकार जो होय ॥
पाराशरमुनि अशुभ कहि, जानि लेव सब कोय ॥

अथ खुरलक्षण

दोहा-फाटे खुरकी गाइ जो, सदा रहै खुर फाट ॥
पाराशरमुनि कहत हैं लेन न जायो हाट ॥

अथ अंगलक्षण

श्लोक-श्यावातिदीर्घजिह्वागुल्फैरतितनुभिरतिबृहद्भि-
र्वा अतिककुदाः कृशदेहा नष्टा हीनाधिकांग्यश्च ॥ ४ ॥

अथ जिह्वालक्षण

दोहा-लोहिया रँगकी जीभ है, बहु लंबा जो होय ।
अशुभ होत मुनिके मते, जो पहिचानै सोय ॥

अथ बदखुरिनके लक्षण

दोहा-जेहि गाईके बदखुरी, अति लंबी जो होय ।
की बहु छोटी देखिये, महादोष है सोय ॥

अथ दुबराई वा ठाठिके लक्षण

दोहा-जौन गऊ तनु दूबरी, ठाठि कि भारी होय ।
याहू दोषनमें गन्यो, सकल अलक्षण सोय ॥

अथ अधिक वा हीनलक्षण

दोहा-जेहि गाईके देहमें कोइ अंग जो हीन ।
की तौ कोई अधिक लखि महादोष संगीन ॥

अथ वृषशुभलक्षण । (देखो चित्र नं० २)

श्लोक-वृषभोऽप्येवं स्थूलातिलंबवृषणः शिराततः ॥
क्रोडास्थूलशिराचित गण्डस्त्रिस्थानंमेहतेयश्च५

अथ अंडकोश लक्षण

दोहा-अंडकोश जेहि वृषभके- अतिमोटे जो होय ॥
अरु लंबे बहु देखिये; महादोष सो होय ॥

नसैं वा रगोंके लक्षण

दोहा-जौन वृषभके कोखिमें, बहुत नसैं दिखराय ।
तेहि राखे घर अशुभ है, सब धन देइ बहाय ॥
चौहरि दोनोंमें लखो; बहुत नसैं जो होय ॥
अति बहुमोटी देखिये, महाअशुभ फल सोय ॥

मूत्रलक्षण

दोहा-मूतै वृष तब देखिये, तीनि जगह देइ मूति ।
बड़ो दोष है अशुभ अति, यासों करौ न प्रीति।
श्लोक-मार्जाराक्षःकपिलः करटोवानशुभदोद्विजस्येष्टः
कृष्णोष्ठतालुजिह्वः श्वसनो यूथस्य घातकरः ॥६॥

अथ नेत्रलक्षण

अर्थ-दोहा-नेत्रहोयँ मार्जारसम, कपिलरंग वृष जानि ।
अथवा गुंजाकी तरह, ब्राह्मणको शुभदानि ॥
और जातिको अशुभ है, याहि न लीज्यो कोय ।
जो घर राखै अस वृषभ, सब सुख डारे खोय ॥

श्यामताल्हू जीभ ओंठ लक्षण

दोहा-ताल्हू ओंठ अरुजीभ लखि, श्यामवरण जो होय ।
महाअशुभ वृष जानियो, ताहि न राखो कोय ॥

अथश्वासलक्षण

दोहा-बहुश्वासा जेहि वृषभके, आवै साफ गँभीर ।
यूथ नाशकर होय सोई, स्वामी रोग शरीर ॥

अथ लिंगलक्षण

श्लोक-स्थूलशकृन्मणिशृङ्गः सितोदराकृष्णसारवर्णश्च
गृहजातोऽपित्याज्यो यूथविनाशावहो वृषभः॥७॥

दोहा-जौन वृषभके लिङ्गकी, पलई मोटी देखि ।
यूथनाशकर जानियो, मुनिमत कह्यो विशेखि॥

अथ शृङ्गलक्षण

दोहा-पलईतक मोटे लखौ, शृंग बराबरि होय ।
यूथनाशकर जानियो, याहि लेउ मति कोय ॥

अन्यमत–

सोरठा–नाम मुरलिहा सोय, गोलश्रृंग बेनोकके ।
उपर बरोबरि होय, महादोष वृष त्यागिये ॥

रङ्गलक्षण

दोहा–मृगारङ्ग तनु देखिये, पेट सफेदी होय ।
यहू यूथको नाशकर, भूलि लेउ मति कोय ॥

अथ फुलहारंगलक्षण

श्लो०–श्यामाकपुष्पचितांगोभस्मारुण संनिभोबिडा-
लाक्षःविप्राणामपि न शुभं करोति वृषभः
परिगृहीतः ॥ ८ ॥

अर्थ–फुलहारंग लक्षण

दोहा–भस्मरंग तनु अरुण कछु, श्यामवर्णके फूल ।
चारों वर्णनको अशुभ, मति लीज्यो कोइ भूल॥

नेत्रलक्षण

दोहा–नेत्रबिलारीसम लखौ, सो दोषी वृष जान ।
देय कष्ट स्वामीनको, चारों वर्ण सुजान ॥

अथ कायरवृषभलक्षण

श्लोक-येचोद्धरंतिपादान्पंकादिव योजिताःकृशग्रीवाः।
कातरनयना हीनाश्च पृष्ठतस्तनभारसहाः ॥९॥

अर्थ-दोहा–जौनवृषभहलशकटरथ,चलतलेउ पहिचान।
पग मानौ चहला गडे,बोझ न सहै सुजान॥

पतरी चींचको वृषभ जो, बोझे काचर होय ।
पीछेको धर हीन लखि, ऐसे जान्यो सोय ॥
आँखैं जो भययुक्त हैं, भार न सहै सुजान ॥
ईचारौ लक्षण निरखि, वृष कायर पहिचान ॥

अथ शुभलक्षण

श्लोक–मृदुसंहतताम्रोष्ठास्तनुस्फिजस्तालुजिह्वाश्च ॥
तनुह्रस्वोच्चश्रवणाःसुकुक्षयःस्पष्टजंघाश्च॥१०॥

अर्थ–अथ ओष्ठलक्षण

दोहा–जाहि वृषभके ओंठलखि, अतिकोमल जो होय ।
और बराबरि देखिये, तांबेरंग शुभ सोय ॥

इंद्रियलक्षण

दोहा–इंद्रिय छोटी तामरंग, तारूपहि सम होय ।
जिह्वा यह रँग देखिये, महा सुलक्षण सोय ॥

अंगलक्षण

दोहा–छोटगठा तनु देखिये, ऊँचे श्रवण निहारि ।
कोखौ सुन्दर होय दोउ, ते लक्षण शुभकारि ॥
जांघैं दोनों श्रेष्ठ बहु, चपटी मिली न होयँ ।
याहू शुभ लक्षण कह्यो, जो पहिचानै कोय ॥

श्लोक–आताम्रसंहतखुराव्यूढोरस्कावृहत्ककुदयुक्ताः ॥
स्निग्धश्लक्ष्णतनुत्वग्रोमाणस्ताम्रतनुशृंगाः ११॥

अथ खुरलक्षण

अर्थ–दोहा–लक्षण देखौ खुरनके, मिले एकमें होय

रंगति तांबेकी कछुक, महा सुलक्षण सोय ॥

छाती वा ठाठिके लक्षण

दोहा–छाती चौड़ी वृषभकी, भारी ठाठि जो होय ।
महाबली शुभ जानियो, याहि लेउ सब कोय॥

त्वचा वा रोमलक्षण

दोहा–खाल रोम लखि नम्रता, चिकने होयँ महीन ।
पाराशर मुनि कहत हैं, ये लक्षण शुभदीन ॥

शृंगलक्षण

दोहा–छोटे शृंग तांबे वरण, सकल सुमङ्गल खानि ।
पाराशरमुनिको मतो, दीन्यों कछुक बखानि॥

श्लोक-तनुभूस्पृग्वालंधयोरक्तांत विलोचनामहोच्छासा
सिंहरकंधास्तन्वल्पकंबलापूजिताःसुगताः॥१२॥

अथ पुच्छलक्षण

अर्थ–दोहा–पतरी लम्बी पूँछ जो, भूमें लागत जाय ।
यह शुभ लक्षण जानियो, मुनिमत दियो बताय ॥

नेत्र वा श्वासलक्षण

दोहा–नेत्रनको कोरैं लखौ, अरुण वरण जो होंय ।
नथुननकी फुफकारमें, शब्द गँभीरी सोय ॥
ये लक्षण शुभ जानिये, कछु क्रोधी चितमाह ।
ऐसे वृषको पालिये, दिन दिन बढै उछाह ॥

कन्धलक्षण

सिंहवर्ण जो काँध है, बहु मोटो दरशाय ।
शुभलक्षणको वृषभ है, राखो घरमें लाय ॥

गरेकी खाल माने कमर ताके लक्षण ।

दोहा—कमरगरेकी खाल जो, लटकाते रहे हमेश ।
छोटे कोमल देखिये, यह लक्षण शुभ वेश ॥

चालके लक्षण

दोहा—चाल मनोहरको वृषभ, स्वामीको सुखदेत ।
ऐसे वृषभको राखिये, काम होय मनचेत ॥

अथ जंघालक्षण

श्लोक—वामावर्तैर्वामे दक्षिणपार्श्वे च दक्षिणवर्तैः ॥
शुभदाभवत्यनडुहोरेखाभिश्चैगकनिभभिः १३॥

अर्थ—दोहा—बाँइ जाँघके रोम लखु वामावर्त्त देखाय ।
दक्षिण जंघाके निरखु, दहिनवर्त्त सोहाय ॥
मृगाजंघ सम जंघ दोउ, यहि लक्षण शुभयोग ।
यह वृषपालै सुघर नर, सो करिहै सुख भोग ॥

श्लोक—वैडूर्यमल्लिकाबद्धदक्षिणाः स्थूलनेत्रवर्ष्माणः ।
पार्ष्णिभिरस्फुटिताभिःसर्वेऽपि भारवहाः ॥१४॥

अथ नेत्रलक्षण

दोहा—वैडूर्यमणिके सदृश, जनु चँबेलिके फूल ।
पानिके बुल्लानसम, नेत्र होयँ सुखमूल ॥

फाटे नहिं देखिये, यतने लक्षण जानि ।
बहुभारी बोझा सहैं, बहुत बलनकी खानि ॥

श्लोक–घ्राणोद्देशे सबलिर्मार्जारमुखः सितश्चदक्षिणतः॥
कमलोत्पललाक्षाभःसवालधिर्वाजितुल्यजवः १५॥

अथांगलक्षण

अर्थ–दोहा-नथुना पर त्रिवली परी, मुख मंजारिसमान ।
कमलमध्यसम रंग तन, दहिने सित कछु जान॥
अथवा लाखके रंग तन, सुन्दर पूँछ बखानि ।
घोडे तुल्य जो वेग हैं, सकल सुमंगल खानि ॥

श्लोक–लंबैर्वृषणैर्मंदोदरश्च संक्षिप्तवंक्षणाक्रोडः ॥
ज्ञेयो भाराध्वसहोजवेऽतितीव्रोऽश्वतुल्यजवः॥ १६॥

अथ अंडकोशलक्षण

अर्थ–दोहा--अंडकोश जेहि वृषभके, लंबे पतरे होय
मेष उदारसम उदार हैं, साँकरि कोखि बनोय ॥
सो भारी बोझा सहैं, चलै बहुत मग माह ।
ऐसे वृषको राखिये, नितप्रति करै उछाह ॥

श्लोक–सितवर्णःपिंगाक्षस्ताम्रविषाणेक्षणो महावक्त्रः ।
हंसोनाम शुभफलो यूथस्य विवर्द्धनःप्रोक्तः॥ १७॥

अथ हंसावृषभलक्षण

अर्थ–दोहा–श्वेतवर्ण तनु वृषभको, नेत्र बडे रँगपीत।
तांबेके सम शृङ्ग दोउ, मुखको भारी मीत ॥

शुभफलको दातार है; यूथकि वृद्धि कराय ।
यहिरँग हंसा जाहि घर; सब दुख देत बहाय ॥

श्लोक-भूस्पृग्वालधिराताम्रंवक्षणो रक्तदृक्ककुद्मी च ।
कल्माषश्व स्वामिनमचिरात्कुरुते पतिंलक्ष्म्याः॥१८॥

अथ लक्ष्मीप्राप्तिकरणवृषलक्षण

अर्थ-दोहा-दोनों आँखैं ताम्ररँग, धूमा सकल शरीर।
पूँछ होइ भुँइमो लटकि, आँखें लालगँभीर ।
और ठाठि भारी लखो, यहि पाँचौ शुभयोग ।
जो अस वृषको पालै, तहँ लक्ष्मी सुखभोग ॥

श्लो०यो वासितैकचरणोयथेष्टवर्णश्चसोऽपिशस्तफलः।
मिश्रफलोऽपिग्राह्यो यदि नैकांततःप्रशस्तोऽस्ति॥१९॥

अर्थ-दो०श्वेतचरणतनु औररंग. शुभ लक्षणको सोय।
जो सब अच्छे ना मिलैं, तौ मिलेरंगका होय ॥

इति श्रीवाराहमिहिरकृतबृहत्संहितायां गोलक्षणम्

अथ हलनादोष

सोरठा-साम्हूँ हालै जौन, ताहूको हलना कहैं ।
जानिलेउ बुध तौन, याहूको त्यागन करै ॥

अथ डोलना ! दूसरा नाम नेहर ।

सोरठा-नेहरि दोष लखाय, ठाढ रहैं वृष थानपर ।
चरण उठाय उठाय, आगू पाछू जो धरै ॥

अथ झुमनादोषलक्षण

सोरठा-झुमनादोष बताय, सकल चौपयाको कहै ।

हाला करै बनाय, दहिने बायें झमि झुकि ॥

अथ अंगहीन वृद्धिदोष नाँदिया वगैरह ।

दोहा—सकल अंगमें देखिये, जटाखुरी कुछ होय ।
ताहि नाँदिया कहत हैं, याहि न राखौ कोय ॥
याके जोते अशुभफल, करै द्रव्यको हीन ।
दुखी रहैं तनरुज बढै, मानौ साँच प्रबीन ॥

अथ धूसरिदोषलक्षण

दोहा—पूंछके नीचे गुदाढिग, अगल बगल पहिचानि ।
अमिषवृद्धि गूँथी लखै, ताहि धूसरि मानि ॥
सोरठा-देखत दूरिकराय, माहादोष याको कहैं ।
सकल सुख हरिजाय, जो घरराखै असवृषभ ॥

अथ नसुढिया । दूसरा नाम नहसुवादोष ।

(देखो चित्र नं० ३)

दोहा—दोष नहसुवा कठिन है, जो वृषके तनु हेरि ।
आधी पसुरी देखिये, जौन किनारे केरि ॥
छब्बिस पसुरी होति हैं, सकल वृषभ तनुमाहिं ॥
अर्द्ध किनारेकी लखौ, महादोष कहि ताहिं ॥

अथ श्यामतारूप शुभाशुभलक्षण

दोहा—सकल पशुनकौ भेद यह, जाको तारूश्याम ।
बड़ो दोष गंभीर है, ताहि न राखौ धाम ॥
चौ०-बगलैंश्याम अरुणजोतारू। ताको नहिंकछुदोषवि-
चारू॥ तारूमध्यश्यामदरशावै। ताहिदोषसबग्रंथबतावै॥

अथ अहिमुखीदोष

दोहा-वृषमुख जिह्वा देखिये, निकसी रहे हमेश ।
ताको कहिये अहिमुखी, लपलपाय नहिं वेश ॥
कितनो होय धनाढ्य नर, यहि वृष राखै कोय ।
सो दरिद्र रुज तनु बढै, सब सुख डारैं खोय ॥
कोउ कोउ नर सांपिन कहैं, दूसर नाम बखान ।
महादोष गंभीर है, याहि न राखु सयान ॥

अथ चौंकन्दारभडका करै

दोहा-चौंके बिचुखे घूरके, तेहि मति लेउ सुजान ।
जिसको दुश्मन जानिये, लक्षणते पहिचान ॥
कछु खटके बाजा सुने, छत्रनीलपर देखि ।
भटकै भागै गिरिपरै, सो दुख देत विशेखि ॥

अथ हरिणपेठियादोष

दोहा-चपका पीठीमें उदर, मृगसम कहौं बखान ।
हरिणपेठिया नाम वृष, तालो सुनो सुजान ॥
सेवा जो बहुविधि करो, कबहु न देह मुटाय ।
दूबर कम ताकति रहै, महादोष सो आय ॥

अथ लमटंगा (देखो चित्र नं० ४)

दोहा-लमटंगा सारस चरण, नाम कहीं वृषकेर ।
बदसूरत कमजोर है, चालु चलैं मगथेर ॥

अथ पंगुवावृषलक्षण

दोहा-लंबे पग टेढो लखौ, सकल जोरि बँददेखि ।

बहुत खराब निहारिकै, ताहि न लेब विशेखि ॥

अथ ढिलमुँहथोथिया

दोहा–ढीलमुख अरू थोथिया, नाम कहौं वृषकेर ।
लिंग कि पलई लटकि बहु, हालै चलते बेर ॥
कमताकति तेहि जानियो, यासों करौ न प्रीति।
बहुत बुरा त्यागन करौ, यह किसानकी रीति॥

अथ पंडरियानामवृष

दोहा–सुनो पँडरिया वृषभको, कबहुँ न देह मोटाय ।
भैंसी भैंसापर चढै, मेहनति करि हँफि जाय ॥
गाइन तन देखै नहीं, कबहुँ न मन ठहराय ।
ऐसेको त्यागन करौ, बहुत अनीति लखाय ॥

अथ कुसादरूह

दोहा–चेहरा मुख जो वृषभको, फैला चकला होय ।
सो कुसादरूही कहौं, बहुत मरकहा सोय ॥

अथ अश्वसीना वृषलक्षण (देखो चित्र नं० ५)

दोहा–अश्वाके समहृदय वृष, जबरदस्त तेहि जान ।
कछु बदसूरति देखिये, ठोकर लेय निदान ॥

अथ तबरँगवनवृषलक्षण (देखो चित्र नं० ६)

दोहा–पिछिला धरजो वृषभको, बहुत हीन जो होय ।
बदसूरति कमजोर है, तबरंगवन कहि सोय ॥

अथ कमरीवृषलक्षण

दोहा-कमरीवृष सो जानियो, कमरझुकी बहु होय ।
खाली पीठि निहारिये, कमताकति है सोय ॥

अथ कुलिचवृषलक्षण

दोहा-जाहि वृषभको देखिये, कूँच पाछिले पायँ ।
चलते लगै एकमें, पग पगमें मिलि जायँ ॥
देखत में फूहर लगै चलै बहुत मगथोर ॥
ऐसेको त्यागन करौ, लीन होउँ तेहि फेर ॥

अथ बडकन्नावृषलक्षण

दोहा-बडकन्ना वृषको कहौ, जाके बडबडकान ।
सुस्त रहै मग कम चलै, मेहनतिकाचर जान॥

अथ झुंपियावृषलक्षण

दोहा-सुना झुंपियानम वृष नाक कहत सब कोय ।
पूँछकि बालरिमें लखौ, बार अधिक घन होय ॥
चौ०-पूँछ झुंपिया छोटे कान। ऐसा वृषभ कमाऊ जान॥

अथ नैवारिहा वृषलक्षण

दोहा-जो वृषके नेवर लगैं, मगमें चलत कलेश ।
रुधिर बहै खुर रगरते, बारंबार हमेश ॥
यहि वृषको मति लीजियो, नीक न कबहूँ होय ।
जबलग जीवै ग्रहविषे, सोच किसाने सोय ॥

अथ चकैयावृषदेहीका लक्षण

दोहा- सुनौ चकैया वृषभके, लक्षण कहौं बखानि ।
सकल अंग देही गढी, जोरबंद शुभ जानि ॥

सो लम्बा कम होत है, सकल काममें जोर ।
ताकत बरनीको लगै, सब वृषको शिरमौर ॥

अथ फतेपेशानीलक्षण

दोहा-मस्तक चौडा चाकला, वृषको बहुत जो होय ।
रूपवान बल अधिक है, चलै बहुत मग सोय ॥
कछुक जबरई करत है, सुनो सकल दै कान ॥
ताको वर्णन नाम करि-फतेपेशानी जान ॥

अथ मृगानेत्र अशुभलक्षण

दोहा-जाके नेत्र विलोकिये, नीचे लखौ प्रवीन ।
जगह नेत्रकी दूसरी, मृगानेत्र कहि दीन ॥

अथ कंजानेत्र अशुभ लक्षण

दोहा-जाहि वृषभको देखिये, नेत्रपूतरी जौन ।
सो भूरेरंग होत है, कंजा कहिये तौन ॥

अथ तारवीदोषलक्षण

दोहा-एक नेत्र कंजा लखौ, दूजो वरण जौ श्याम ।
सोवृष तारवी अशुभ है, हरै सकल धन धाम ॥

अथ कानानेत्र अशुभलक्षण

दोहा-काना कहिये तीनि विधि, फूली ठेठर कूट ।
ताके फल मध्यम कहौ, कछुक पेटको खूट ॥

अथ ऐंचाताना वा ढेरानेत्रलक्षण

दोहा-ढेरा वृष सो जानियो, तिरछाकोर निहारि ।
नेत्र पूतरी उलटि है, फूहर अशुभ विचारि ॥

अथ नेत्रकोयाचितलाअशुभलक्षण

दोहा-वृषभचक्षु भीतर लखौ, कोयाचितला जान ।
श्याम सफेदी होत है, महाअशुभ फलमान ॥

अथ नेत्रपलकचितला अशुभलक्षण

दोहा-पलकैं नेत्रनकी लखौ, चितली श्याम सफेद ।
तेहि वृषको मालिक सदा, दुखी रहै सुनु भेद ॥

अथ भुँइचितानेत्र अशुभलक्षण

दोहा-भुँइचित्ता वृष जानियो, सदा रहै भुँइ चीत ।
ताके लक्षण अशुभ हैं, जानि लेउ तुम मीत ॥
भैंसा बरदा आदिभी, अरु भुँइचिता तुरंग ।
ऐब करैं मानै नहीं, करैं सकलसुख भंग ॥

अथ गजनेत्रलक्षण

दोहा-गजसमान जेहि वृषभके, नेत्र होयँ बहु छोट ।
सो काचर खादर कहौ, मारु खाय भुँइ लोट ॥
अरुण आँखियामें लखौ, तौ जानौ वृष तेज ।
शुभ अरु अशुभ न होत है, कछु रिसकोप रहेज ॥

अथ कोतेचश्मवृषलक्षण

दोहा-कोटी आखिनको वृषभ, बहुत अरुणता होय ।
कोतेचश्म सो नाम है, सकल अलक्षण सोय ॥

अथ चितखोवानेत्रलक्षण

दोहा-चितखोवा जो वृषभ है, नेत्रनते पहिचान ।

भारी भयकारी लखौ, दुश्मनकेर समान ॥

अथ दन्तदोषछद्दरिलक्षण

सोरठा–सुनौ सकल दै कान, वृषभ दोष लक्षण कहौं ।
छद्दरि लीजो जान, होत रदन षट जासुके ॥

अथ सद्दरिदन्त दोषलक्षण

दोहा–सातदशन मुखमें गनौ, सद्दरि कहौं बखानि ।
महादोष वृष जानियो, करै सम्पदा हानि ॥
छद्दरि कहै मुसद्दरिते, चलु केहू घरजाइ ।
चारिउ कोन बटोरिकै फेरि किसानै खाइ ॥

अथ नवदन्तअशुभलक्षण

दोहा–नवदन्तावृष जानियो, महादोष गम्भीर ।
जेहि किसानगृह देखियो वाके रोगशरीर ॥

अथ दन्तनिपोसावृषके, अशुभ लक्षण

दोहा–दन्तनिपोसा वृषभके लक्षण सुनो सुजान ।
नीचेकेरो अधर, लखु, लटका रहै निदान ॥
दन्त देखि यहिसों परै, महादोष गम्भीर ।
तेहि वृषको स्वामी सदा, रोगी रहै शरीर ॥

अथ सुतरदन्तवृष अशुभलक्षण

दोहा–जाहि वृषभके वदनमें, रदन बड़े जो होंय ।
ऊँटकि समता जानियो, सुतरदन्त कहि सोय ॥
ऐसे दशन वृषके हवै, सो जलदी घिसि जाय ।
गिरै पोपला होय मुख, पिङ्गरोग होइ जाय ॥

दोहा-मध्यदोष सो जानियो, याको सुनिये भेद।
सेंति न लीजै अस वृषभ, दूरिहि दूरखरेद ॥

अथ भरकदन्तावृषभमध्यमलक्षण

दोहा—जाहि वृषभके वदनमें, रदन गिरे यकबार।
ताहि भड़कदन्ता कहैं, याको सुनो विचार ॥
फिर जामें यक सूत सब, कछुक अशुभफलसोय।
जाके गृहमें अस वृषभ, झगरा रोजै होय ॥
चौ०बहुतमहिषवृषतीनिवर्षमें। आठौदन्तउखारतमुखमें
भरकदन्तसोनाम कहावै। कोऊ शुभ कोउ अशुभ बतावै

अथ दन्तलक्षण वा प्रमाण

दोहा—मानुष अश्वके मुख रदन, तर ऊपर दुहु ओर।
गोवृष महिषके जानिये, होत एक ही छोर ॥
चौ०—विन दाँतनको ऊपर जानो। खाली मुसकुर तहां बखानो। जबहीं गोबियाय तबही देखै। दुइ रद बच्चामुख अवरेखै ॥ पेटते दुइदांत जमाई औरौ कछुक कहो सुनु भाई ॥ एकमास वीते तेहि मानो। दूध दाँत मुख निकरत जानौ ॥ तीनि वर्षलग्गु तेहि कह जानैं। बच्चा कहि कहि सकल बखानैं ॥ फिरि यकदांत दूधको उखरैं। कछु दिन पीछे दूसरौ झरैं ॥ फिर दुइ दाँत जमावै भाई। तब दुइदन्ता नाम कहाई॥ जो वृष होय अंगको भारी। औ महिषीको कहौ विचारी ॥ वरष अढाईमें तेहि जानौ। दूधदाँत उखरत हैं मानौ ॥ प्रथम

एकरद उखरै भाई। तब दुइदन्ता नाम कहाई॥ फिरि वह दूसर दाँत उखारै। इक दुइमासके बादि निहारै॥

दोहा—तेहि पीछे एक वर्षके, फिरि दुइदन्त उखार।
चारदाँत तब कहत हैं, जामें तीन उदार॥

चौ० फिरिपीछेदुइडेढवर्षके, उनके ढिग रद जौन दूधके॥ तेहि उखरे छः दन्त बखानै। पाँच वर्ष तेहि पूरो जानै॥ तबहीवृषभको कहैजुवाना। लेइकामतेहिअधिकसुजाना॥

अथ बूढेबैलकी पहिचान

दोहा—वृद्धापनवृषको कहौं, रदननते पहिचान।
खिसें होय अरु बड़े बहु, हालत यही प्रमान॥

चौ०-तीनवर्ष वरधावरधाई, तिरिया जोबनवर्ष अढ़ाई॥ मर्दके जौवन नितनित धारा, भोजन पावै दुइदुइटारा॥

अथ खुरफैलावृषभलक्षण। (देखो चित्र नं०७)

दोहा—खुर फैला सो जानियो सदा रहै खुर फैल।
पैदाइशते होत है, कमताकति वह बैल॥
देखतमें फूहर ह्वै, मगमें चलि लँगराय।
ऐसे वृषको परिहरो, लीन होय फिरिजाय॥

अथपोलियाखुरलक्षण। (देखो चित्र नं०८)

दोहा—बहुफैले टेढे लखो, बडे बडे खुर देखि।
ताको पोलिया नाम कहि, कमताकतवृषलेखि॥

अथ खुरचपातीवृषलक्षण। (देखो चित्र नं०९)

दोहा—सुनो चपाती सुरवृषभ, जेहि लक्षणको होय।
चपटे चपटे गोड लखि, कम ताकति है सोय॥

वाहूकेरे रेतमें, औ ग्रीषमको घाम ।
चलै न पावै सो वृषभ, जौन चपाती नाम ॥

अथ खरखुरावृषभलक्षण । (चित्र नं० १०)

दोहा-जौन वृषभ खुर देखिये, (गर्दभटाप समान ।
सो बदसूरत चालुकम, महा अशुभ फल जान॥

अथ खुरकटावृषभलक्षण । (देखो चित्र नं० ११)

दोहा-खुरकट वृष लक्षण कहौं; चलत रहा पहिचान ।
पिछिले पग अगिलेनके, पीछू परत सो जान ॥
राह चलत सयलाय नहिं,और दोष कछु नाहिं ।
याको बुरा न मानिये, वृष राखौ घरमाहिं ॥

अथ खुरघसीटावृषभलक्षण । (देखो चित्र नं०१२)

दोहा-खुरघसीटा वृषभके, लक्षण सुनौ सुजान ।
पुहुमी खुर रगरत चलै, बडा दोष पहिचान ॥
खुरखियाँय ताके बहुत, जखमी सो होइ जाय ।
औरो कछु दूषण नहीं, ठाढो रहै बनाय ॥

अथ कचखुरावृषभलक्षण । (देखो चित्र नं० १३)

दोहा-कहौं कचखुरा वृषभके, लक्षण सुनौ प्रवीन ।
श्वेत अरुण भूरे लखौ, मेहनतिमें बहुदीन ॥

अथशृङ्गोंके लक्षण शुभाशुभवर्णन

दोहा-वृषलक्षण जो शृङ्गके, चारि भांति संयोग ।
नाम शुभाशुभ बदसकल, और कछु है रोग ॥
शृङ्ग वृषभके देखिये, जाविधि विधिरचि दीन ।

भिन्न भिन्न लक्षण कहौं, जानौ परम प्रवीन ॥

अथ मौराशृङ्गलक्षण । (देखो चित्र नं १४)

दोहा-मोरावृष सूवर बहुत, चलै राहमें जोर ।
पलई शृङ्गनकी झुकी, कछुक ठाठकी ओर ॥
मौरा जिनके वृषभ हैं, नित उठि तिनहिं उमंग ।
पाताखटकै वृक्षको, उडै पवनके संग ॥

अथ बडशृङ्गावृषलक्षण । (देखो चित्र नं० १५)

दोहा-बडशृङ्गा जो वृषभ है, बदसूरति देखराय ।
थोरे दिनमें देहकी, सब ताकति घटिजाय ॥

अथ मेढियाशृङ्गलक्षण । (देखो चित्र नं० १६)

दोहा-मेषशृङ्गसम शृङ्ग है, मेढिया वृषभ कहाय ।
शुभ अरु अशुभ न जानिये,राखो घरमें लाय ॥

अथ भेण्डियाशृङ्गलक्षण । (देखो चित्र नं० १७)

दोहा-शृङ्गनकी नोकै दुवो, झुकि टेढ़ी बहुहोय ।
नेत्रनके ढिग सामु है, भेडिया कहिये सोय ॥

अथ औंधीचांचरिशृङ्गलक्षण। (देखो चित्र नं०१८)

दोहा-औंधी चांचरिको वृषभ, शृङ्ग झुके मुख ओर ।
नीचे जरलचिजाति है, ताको कछू न खोर ॥

अथ वकियाशृङ्गलक्षण । (देखो चित्र नं० १९)

दोहा-वकियावृषको देखिये, ठाढसूध यकशृङ्ग ।
यक सूधो मुखतनहवै, जो राखै सुखभंग ॥

अथ सरगापत्तालीशृङ्गलक्षण (देखो नं० २०)

दोहा–जो सरगापत्तालि वृष, सकल अशुभकी खान ।
जो किसान घर राखई, ताको दुःख निदान ॥
एकशृङ्ग सूधो खडा, इकलटको भुइँ ओर ।
ताहि कुलक्षण जानियो, हरै सकल धन चोर ॥

अथ कैंचाशृङ्गलक्षण (देखो चित्र नं० २१)

दोहा–कैंचावृष बदसूरती, कछुक अशुभ फल देय ।
एकशृङ्ग अनते गयो, एक अनत्को होय ॥

अथ सरैया शृंगलक्षण (देखो चित्र नं० २२)

दोहा–वृषभ सरैया जानियो, सूधे शृङ्ग प्रमान ।
शक्तीके सम देखियो, बडो लडैया जान ॥

अथ कोपिलाशृङ्गलक्षण (देखो चित्र नं० २३)

दोहा–कोपिला वृषको देखिये, आगे शृंग झुकाय ।
कोइ कोइ कोतिया कहति हैं, फूहर महादेखाय॥
हालि झूलि लटकै कछू, सो कम ताकति होइ ।
याहू दोषनमें कछुक, जो पहिचानै कोइ ॥
दाँत घिसे अरु खुर घिसे, शृंग गये कोपिलाय।
ज्वानी बलविधना लयो, रह्यो बुढापा छाय ॥

अथ मैनाशृङ्गलक्षण । (देखो चित्र नं० २४)

दोहा–तरवारीके म्यानसम, शृंगाकार निहारि ।
मैनावृषको नाम कहि, लक्षण कहौं विचारि ।
बहुबलिष्ठ मजबूत है, शुभ लक्षणकी खानि ।

चौंके भडकै, बहुतकै, वृद्धापा लग मानि ॥
चौ०-मैना वृष भबड़ाबलवाना। छोटी गरदन ठाढेकाना।

अथ डुण्डाश्रृंग जो टूटिगा
होय ताके लक्षण। (देखो चित्र नं० २५)

दोहा-एकश्रृंग जो टूटि लखि, काहू विधिते जानु।
डुण्डावृषभ कहावई, कछुक अशुभ फलमानु ॥

अथ डुण्डावृषभ पैदायशी, । देखो चित्र नं० २६)

दोहा-यक डुण्डा पैदायशी, एक श्रृङ्गका होय।
एक श्रृङ्ग जामें नहीं, महा अशुभ कहि सोय ॥

अथ मुण्डाश्रृङ्गलक्षण। (देखो चित्र नं० २७)

दोहा-मुण्डावृषके श्रृङ्गके, लक्षण सुनौ सुजान।
मूठी हाथनकी तरह मुठियारे सो जान ॥

अथ मुण्डपैदायशी श्रृङ्गलक्षण। देखो चित्र नं० २८)

दोहा-बाजे बाजे वृषभके, श्रृंग न मस्तक माहि।
असली मुंडा सो कही, बधियाके सम ताहि ॥
आयु बढी सीधा बहुत, अरु दमकस मजबूत।
अंगहीन या वृष अशुभ, गृह राखे भयभीत ॥

अथ मोटश्रृंगावृषलक्षण। (देखो चित्र नं० २९)

दोहा-मोटे मोटे श्रृंग लखु, जाहि वृषभको होय।
मोटश्रृंगा तेहि नाम है, खादर जानौ सोय ॥
मोटश्रृंगाको चातुरे, कहैं न लीजै कोय।
मोहन भोग खवांइये, थूथू खादर होय ॥

अथ चिरश्रृंगावृषलक्षण। (देखो चित्र नं ३०)

दोहा–वृषभ श्रृंगको देखिये, उपर फैलि बहु जाय।
चिरश्रृंगा ताको कहैं, फूहर बहुत दिखाय॥

अथ वेदिया श्रृंगलक्षण। (देखो चित्र नं० ३१)

दोहा–वृषभश्रृंग फैले लखौ, जो जरतै अधिकाय।
दोनों दिशि सूधे हुवैं; वेदियानाम कहाय॥

अथ खुरकपलीनाश्रृंगलक्षण (देखो चित्र नं०३२)

दोहा–खुरकपलीना नाम वृष, लक्षण सुनो सुजान।
श्रृंगउपर पानी बहै, तौन श्रवण वहि आन॥
ताहिपरे दुख ऊपजे, दरद करै अधिकार।
ऐसे वृष नहिं लीजिये, है बहुदोष अपार॥

अथ गरेलाश्रृंगलक्षण (देखो चित्र नं० ३३)

दोहा–श्रृंगफटे जेहि वृषभ के, सदा रहै जो फाट।
ताहि गरेला कहते हैं, मत लीजो तेहि हाट॥

चौ० भारी रोग अशुभ तेहि जानो। नीक न कबहूं सोपहिचानौ॥ बाजेनरबहुकरैं उदाई श्रृंगछिलाय दवा चुपराई॥
दवा-मीठातेल मोम अरुकाजर। श्रृंगचुपरिकैकरैंउजागर।
कछुक दिना नीको देखरावैं फिर फाटैं वैसेह्वैजावैं॥

दोहा–श्रृंगगरेल वृषभको, अरु मानुष तनु कोढ।
यह नीके नाहिं होति हैं, चहौ बदौ तुम होढ॥

अथ खुटखुटाश्रृंगलक्षण। (देखो चित्र नं ३४)

दोहा–वृषभ खुटखुटा जानियो, खुटाकावै बहुश्रृंग।
रातदिना आठौपहर, करै राजको भंग॥

दोहा-खूंटा लकरी चरनिमें, और देवाल निहार।
दैदैं मारे शृङ्गको, भितरी कर्म उदार॥
पक्षी पशु सब रैनिको, नित्त करैं विश्राम।
होय खुटखुटा महिषवृष, खुटखुटहीसे काम॥

अथ कौड़िहाशृंगलक्षण। देखो चित्र नं० ३५)

दोहा-वृषभ शृङ्ग दोउ नोकपर, श्वेतटीकरी होय।
ताहि कोड़िया दोषबर, भूलि लेउ मति कोय॥

अथ वृषरंगशुभलक्षण

चौरारंगपूछका शुभ

दोहा-चौरारंग वृष पूंछमें, जानों ताहि प्रवीन।
आधेकच नीलेवरण, अर्द्धश्वेत कहि दीन॥
सब शुभदायक जानियो, जाघर चौंरा होय।
और वृषभके दोषको, सकल मिटावैं सोय॥

अथचौरारंगदेहका शुभ। (देखो चित्र नं० ३६)

दोहा-चौरारंग वृषसो कहौं, श्वेतवर्ण सब अंग।
सो शुभदायक जानियो, यहिको करौ प्रसंग॥

अथ चौरासा नाहुलारंग वृषलक्षण (देखो चित्र नं० ३७

दोहा-चौरारंगसो नाहुला, श्वेत होय सब गात।
कछुक पीतरोमा झलक, जोते सुस्तचलात॥

अथ कचेलियारंगलक्षण। (देखो चित्र नं० ३८)

दोहा-रंगकचेलियाको वृषभ, शुभदायक सो जान।
दुमनीचे अरु गुदातक, सियनिअण्डपरिमान॥

नीलवर्ण इन ठौर है, लिखौं नाम पहिचान।
शुभदायक बल अधिक तनु, जानौ चतुर सुजान

अथ कजरारंग। (देखो चित्र नं० ३९)

दोहा-नेत्रनके चारों तरफ, नीलरोम रंग होय।
कजरा कहि नाम तेहि, बहु बलिष्ठ है सोय॥
कजरा और कचेलिया, दूनौ रँग जिहि माह।
ताहि वृषको बल अधिक, कहत कविनके नाह॥

अथ श्यामकर्णरंग। (देखो चित्र नं० ४०)

दोहा-श्यामकर्ण शुभबहुत है, कर्ण होइँ दोउ श्याम।
अथवा पलई कछुक है, तऊ सुखनको धाम॥

अथ चँदुवाटिकुवारंग। (देखो चित्र नं० ४१)

दोहा- चँदुवा टिकुवा वृषभको, नाम कहत सब लोक।
माथेटीका सुभग लखि, रूपवान सुख भोग॥

अथ मुँहधोवाश्वेतवदन। (देखो चित्र नं० ४२)

दोहा-जाहि वृषभको तनु सकल, नीलवर्ण जो होय।
श्वेतवदन ताको निरखि, मुँहधोवा कहि सोय॥

चौ०-रूप अधिक तेहि जानौं भाई।
गुण अरु दोष न कछू लखाई॥

अथ पीलारँग। (देखो चित्र नं० ४३)

दोहा-रोम होइँ तनुके जरद कछुक सफेदी जान।
पीलारंग नहिं सुस्त है, नहिं तेज परमान॥

अथ रकसधुमैलारंग। (देखो चित्र नं० ४४)

दोहा-रकसधुमैला रंग वृषभ, लक्षण तेहि पहिचान।
रोम अरुण अरु श्वेत हैं, कछु भूरा परमान॥

अथ भूरारंग। (देखो चित्र नं० ४५)

दोहा-वृषभ अंगकी त्वचा जो, अण्डकोश अरु रोम।
सुरखीतेज निहारिये, भूरारंग शुभकोय॥
कोया नेत्रनके लखौ, दुम गीचे सो जान।
चमकदार सुरखी हवै, सो भूरा पहिचान॥
अरुण श्वेत मिलि चमक बहु, शृंगवृषभके होय।
सो भूरा पहिचानियो, कहैं चतुर नर सोय॥

अथ सकीलरंग। (देखो चित्र नं० ४६)

दोहा-कहि सकलरंग वृषभको भला बुरा नहिं कोय।
माथेते नथुनातलक, एक लकीर सो होय॥

अथ करदुम्मरंग। (देखो चित्र नं० ४७)

दोहा-जाको तन सब श्वेत है, पूँछ उपरतक श्याम।
सो वृष मेहनतिमें अधिक, करदुम्मा तेहि नाम॥

अथ ललदुम्मारंग। (देखो चित्र नं० ४८)

दोहा-जौन वृषभ को देखिये, कोई रंग तनु माहिं।
अरुण पूँछ बाकी लखौ, ललदुम्मा कहि ताहि॥

अथ कबरारंग अरुण। (देखो चित्र नं० ४९)

दोहा-अर्द्ध अर्द्ध दुइरंग है, सो कबरा पहिचान।
भिन्न भिन्न वर्णके करौं, जानौ परमसुजान॥

कबरा बृषभ बखानिये, अरुण श्वेत रंग एक।
नीलश्वेतके वर्ण इक, दूनौ एकहि एक॥
अथ चितला रँग दुइ तरहका है। (देखो चित्र नं०५०)
दोहा-श्वेत कहूँ कहुँ नील कहुँ, जगह जगह तनु होय।
दूजो चितला अरुण वृष,याही विधिकी सोय॥
अथ करुवातेलियारंग। (देखो चित्र नं० ५१)
दोहा-करुवा तेलिया रंगकहों, वृषभरोम दुमनील।
सकल अंग यहि वरण हैं, दूजो नहीं समील॥
रूप अधिक बल देहमें तावेदार हमेश।
याको घरमें राखिये, कहैं सकल बुधवेश॥
अथ करुवावृषभरंग। (देखो चित्र नं० ५२)
दोहा-करुवारँग मजबूत बहु, रूपवान अधिकार।
चलै बहुत मग थकै नहिं, याको यही विचार॥
डहुवा पुट्ठा दुहुनमें, गर्दन लघु वृषजान।
और पूँछ नीलेवरण, चमकै बहुत सुजान॥
अथ नीलवृषरंग। (देखो चित्र नं० ५३)
दोहा-नीलरंग वृष कहतहौं, श्वेत नीलकच होय।
मिले एकमें देखिये, मध्यम कहिये सोय॥
अथ गोरवारँग। (देखो चित्र नं० ५४)
दोहा-गोरवारँग वृषको कहों, मध्यभाग तेहि जान।
अरुणवरण सब अंग हैं, जिमि गुञ्जापरमान॥

अथ गोरखिरवा। (देखो चित्र नं० ९५)

दोहा-जाहि वृषभको देखिये बहुतलाल नहिं होय।
बहुत सफेदी ना लखौ, ग्वरखिरवा कहि सोय॥
सुस्तचुस्त है देहको, काचर बहुत सुभाय।
याको घरते परिहरौ, सेंति न राखो लाय॥

अथमुसरिहारंगदोषः। (देखो चित्र नं० ९६)

सोरठा-मूसरिदोष कहाय, पुच्छावाला रँग युगल।
गंडासम दरशाय, ताहि वृषभको त्यागिये॥

अथ फुलहारंगकुष्ठीदोष। (देखो चित्र नं० ९७)

दोहा-फुलहा वृष कुष्ठीलखौ, महादोष गम्भीर।
श्वेतवर्णके देखिये, फुल्ला सकल शरीर॥
मानुषके तन कुष्ठ हैं, गोवृष फूल लखाय।
इसकी छाहीं त्यागिये, घरते देउ बहाय॥

अथ तिलाहारंग। (देखो चित्र नं० ९८)

दोहा-सकल अंगमें तिल निरखि, भलाबुरा नहीं कोय।
कोई कोई कहत है, कठिन दोष कहि सोय॥

अथ मखियारारंग। (देखो चित्र नं० ९९)

दोहा-जाहि वृषभको देखिये, सकल शरीर बखान।
माछी ऐसी बैठिलखि, महादोष तेहि जान॥
वृद्धापनमें जानिये, यह रुज वृषतनु होय।
लाजे बाजे नरकहै समझ देख यह सोय॥

अथ भोडा वृषभरंग। (देखो चित्र नं० ६०)

दोहा-भोडा बदसूरत वृषभ, नीलवर्ण तनु होय।
आनन श्वेत बखानिये, अशुभ जानियो सोय॥
याके मुख ऊहर कहौं, कचलम्बे घन होय।
ताको भोडा नाम है, याहि लेउ मति कोय॥

अथ कांगवदनरंग। (देखो चित्र नं० ६१)

दोहा-सकल शरीर सफेद है, मुखकारो पहिचानु।
ताकौ मालिक रोगवश, सदा रहै यह जानु॥

अथ चौदहरंगके लक्षण। (देखो चित्र नं० ६२)

छंद-भोडिया वृषभ भडहाके रंग। सो अशुभकर नहिं करु प्रसंग॥ कागिया होय कौवा समान। ताको नहिं लीजो बुद्धि निधान। रँग व्याघ्र होय केहरी नाम। वृषभ मध्य है राखौ सुधाम। चीनियाँ होय चीनीके रंग। वृषफुलवाई कहि फूल अंग॥ संदलीश्वेत चंदनसुमार। किसिमिसी रंग नहिं अशुभकार। चम्पईफूल चम्पा समान। कांसियां रंग काँसे प्रमान। वृषखैरा अरु फलसई सोय। सो घरमें राखो नीक होय॥ कहि रंग सोनहिला शुभनिदान। पैढकुलिया सो पैंढ कुल समान॥ जो बाँदरकेरँग वृषभ होय। तेहि मध्यम कहिये कछुक सोय॥

अथ गरियारखादरवृषलक्षण

दोहा-वृषलक्षण गरियारके, सुनो सकल है कान।
भिन्नभिन्नवर्णन करौ, सेतिम ताहि जान॥

अथ बैठुवारखादरलक्षण

दोहा—गाडी हलको देखिकै, जुवाँधरे गिरिजाय ।
मारे कूटे उठै नहिं, चरणदेह फैलाय ॥

अथ मनखादरलक्षण

दोहा—मनखादर वृष जानियो, ताके लक्षण जौन ।
अतिधीरा मारग चलै, मतिलीजो वृष तौन ॥
पीठि लचावैं मारुते, बहुतै धीरा होय ।
ठढगरियारा कोउ कहैं, सकल अलक्षण सोय ॥

अथ चमकुलखादरलक्षण ।

दोहा—चमकुल खादर एक है, ढिगकै गये चमंक ।
जुवाँ धरे देही कँपे, कभी गिरै निहशंक ॥

अथ मध्यधीराचलेके लक्षण

दोहा—जाके कचमोटे लखौ, धीरा वृषभ सो जान ।
और पूँछ स्थूल है, ताहि न लेउ सुजान ॥

अथ महिषदोषधूसरिवर्णन

दोहा—पूँछ मूलतर महिषके, गुदाके ऊपर जान ।
गिलटी गोल निहारिये, धूसरि ताहि बखान ॥
सोरठा—देखत दूरि कराय, महादोष याको कहैं ।
सकल सुख हरिजाय, जो घर राखै अस महिष॥
जो धूसरि दरशाय, भाग अरु गुदके बीचमें ।
मध्यम दरदाय, जेहि गोबर ऊपर गिरै ॥

सोरठा—देखत दूरि कराय महा अशुभ तेहि जानियो ।
छजन दोष बताय, महिष ऐनथन कावरे ॥

अथ खँधयलदोष

दोहा—काँधे ऊपर आस्थि कहि, जहाँ ठाढि कोठाँऊ ।
तौन ठौर खाली लखौ, गडहासम सुनु भाऊ ॥
खँधयल नाम कहावई, दोष कठिण तेहि जानु ।
धन अरुधामको नाशकरि, ग्रन्थ कहै प्रमानु ॥

अथ मूसरि महिषको

सो०-अधिक नोकीलो होय, काँधे ठाठिको अस्थि जो।
महादोष कहि सोय, मूसरि ताहि बखानिये ॥

अथ महिषके अशुभ भौरीवर्णन

दोहा—साँपिन भौरी महिष वृष, ताहि लेउ पहिचानि ।
ठाढि तीरते प्रगट, पूछ हैं लगे सो जानि ॥
भृङ्ग एकहै केहु वृषभ, केहूके दुइ जान ।
काहूको मुख अग्र लखि, केहुके पीछे मान ॥
लक्षण साँपिनके अशुभ, जो यहि वृषको लेत ।
डसि किसानको खात है, भक्षै दुःख गोत ॥

अथ रिरिहा भौंरीवृष अशुभ

दोहा—रिरिहा भौंरी रीरढिग, अरु पुट्ठनके तीर ।
ऐसा वृष त्यागन करो, महादोष गंभीर ॥

अथ पुट्ठियाभौंरी दूनौ पुट्ठनपर दुइ

दोहा—दोनों पुट्ठन पर लखों, वृषके भौंरी होय ॥
महा अशुभ फल देति है, सब धन डारै खोय ॥

अन्य

एकै जो पुट्ठाऊपर, होय भ्रमरको वास ।
जो लक्षण ऊपर लिखे, करिये वित्त विनाश ॥

अथ मुडुलुइयाभौंरीशुभ लक्षण

दोहा—शृङ्ग जरनके तीर है, मुडुलुइयाको धाय ।
ऐसो वृष त्यागन करौ, नहिं राखौ यक याम ॥
केहू वृषके एक लखि, काहूके दुइ जान ।
शृंग मूलके कोउ नाम कहि, ताको करे बखान ॥

अथ महिषीमातनगर्भाधारण विधि

दोहा—जो महिषी मातन चहौ, कीज्यौ यही विधान ।
गर्भाधारण होति है, जानौ सकल सुजान ॥
चौपाई—गेहूँ चारसेर मँगवावै । मेथी डेढ़सेर मिलवावै ॥
महिषीतक्र लेउ दशसेरा । तीनों एक वर्तनमें घोरा ॥
मोहरा ताय गाड़ु धूरेमे । बीसरोज राखौ ताहीमें ॥
फेरिनिकासिमहिषिकोदीजै । पांचसातदिनयतनकरीजै ॥

अन्य

रम्भासुमनतीनिमंगवावै । तिनिरोजलग महिषि खवावै ॥

अन्य

लेउ कबूतरबीट मंगाई । जो जङ्गलमें रहै सदाई ॥
एक छटांकप्रात नित दीजै । तीनि रोजमें महिषिमतीजै ॥

अन्य

दोहा—बबुरकांटको काटिकै, ग्रहको लेय बनाय ।
ताके भीतर किर्म जो वाको लेउ मंगाय ॥
चौ०-सातकर्मनितप्रातखवावै। पांचरोजयाहीविधिपावै

अन्य

मेथीकी भुसि लेउ मँगाई । आठ रोजलग देउ खवाई॥

अन्य

मेथी डेढपाव उसवावै । तीनि चारि दिन प्रात खवावै॥

अन्य

माँचडकी जड खोदि मँगावै । प्रातै एक छटाँक खवावै ॥
पहिला महिषीको यह दीजै। सतयें दिनतेहिमातीलीजै ॥

अन्य

पीतवर्ण जो वर्र दिखावै । ताको छतरा नौचि मँगावै॥
जेहि छतरामें अंड न होई । एकछटाँक पिसावो सोई॥
जामुनिवृक्षत्वचाको जारा । ताहिबराबरिपीसिविचारा॥
महिषीको दिनसात खवावै।एक खुराक प्रमाण बतावै॥
पहिषीमातन दवा बखानौ।यामै कछु सन्देह न मानौ ॥

अथ जो महिषीनाँघेपरठहरतीनहो उसका उपाय

दोहा-जब महिषी माती लखै, गेहूं देउ भिजाय ।
चारिसेर पक्के तवलि घरमें राखु धराय ॥
चौ०-मैथुनकर्म होय जब भाई।तेहिपाछेसबगेहूँखवाई॥

अन्य

लेउ लसो हरपात मंगाई। दुइसेरपक्के देउ खवाई ॥

अथ गोमहिषीके बियायके महीनाका प्रमाण

नौदिन नौमहिना चलिजाई। कहैंसुजनतबगाय बियाई॥
दशदिन दशमहिना ह्वै जावै।तब महिषी बच्चाको ब्यावै

अथ गोमहिषीके बियायके महीना अशुभ

दोहा-ऋतुवर्षा भादौ जबै, सिंहकेर रवि होय।
गाय बियानी जानियो, महा अशुभफल होय ॥
चौ०-माघमासमेंमहिषीब्यावै।जोसंक्रांतिमकरकहिगावै
कठिन दोष है शुभ सो नाहीं। तुरत ब्राह्मणे दीजै ताहीं॥
गोमहिषीइनमासमें ब्यावै। कीजियजायकिसानैखावै ॥

अथ यंत्रसर्वपशुओंकीबियातीबेरक्लेशहोइसोनिवारण ॥

५५	६२	१५	७
६	७	५१	५८
६६	५१	१८	
४	५७	६६	६५

दोहा-सकल पशुनको देखिये, ब्याति होइ तेहि बेर। दुख पीड़ा बहुते हुवे ताको यंत्र निवेर॥ केसरि गोरोचन मिलै, भोजपत्रपर लेखि। कण्ठविषे बंधन करे, मेटे दुःख विशेखि ॥

अथ जो महिषियोंके बियानेपर भेली निकलती है उसके लक्षण और दवा

दोहा-बाजी महिषिनको सुनौ, ब्यानेपर पहिचान।

भगमा भेली नीकरै, दवा करौ बुधवान ॥

चौ०-पहिलेथोरीनिकरिदिखावै।धीरेधीरेबहुबढिजावै॥
कोइकोइकी आँतैंसबनिकरैं। सोमहिषीयमपुरकोसिधरैं॥
दवा मीसि दुइतील मँगावै । ताहि चुपरि भेली बैठावै॥
महिषीको बैठन नहिं दीजै। एक रोजतक ठाढिरहीजै ॥

अथ दवा-खानेकी चौपाई

अगियानामघास इकजानो।तालखनकिसकैलबखानो॥
शरद जगहमें जामत सोई। गिरह गिरह चौपतिया होई॥
लंबे पतरे पातसो जानो। विकटकाँटनकोतेहिपहिचानो ॥
ताकीजड पैसाभरि लीजै । यवके आटा मिलै सुदीजै ॥
तीनि दिवसलग प्रात खवावै। भेली नहिं कबहूँ दरशावै॥

अथ सुखरनारोग-गोमहिषीका दूध
सूखि जात है तेहिकी दवा

दोहा-रोगसुखरना जानियो, गो महिषीतनु सोय ।
जबहीं बच्चाको जनै, दूध अधिक करि लोय ॥
चौ०-कछु दिन पीछे जाय सुखाई।उतरै दूध न आवे भाई॥
याकी दवा सुनौ मनलाई। तनको दूध जो करो उपाई॥

दवा

पथरचटाकी जड मँगवावै। गोलपातको जौन देखावै ॥
छोटे बिरवाको पहिचानो। एक छटांक प्रमान बखानो ॥
लेउ करेलापात मँगाई । आध पाव ताको तौलाई ॥
दोनों दवा महीन पिसावै । सांझभोरदिनसातपियावै॥

दोहा-सोंठ मिठाई पाव यक, साँझ भोर दिन सात ॥
यवपिसानमें दीजिये, बढै दूध अधिकात ॥

अथ गोमहिषी दूध बढावैको मंत्र-
इंद्रजालका है

ॐ ह्रींकरापुरुषं मुखं हं श्रीठं ठः''

मन्त्रविधि

चौ०-गाँडरका तृण देत मँगाई । तेहिते चारों थन झरवाई । पढै मंत्र मुख फूँकत जावै। अष्टोत्तरशत १०८ देर करावै ॥ सात दिनालौ सांझ सकारे । बढ़ै दूध तन अधिक पियारे ॥

अथ यंत्र-गोमहिषीके दूध बढानेको गरेमें बाँधनेका
इंद्रजालका है

दोहा-भोजपत्रपर यंत्र लिखि, अष्टगंध सो जानि।
गोरोचन केसरि कितौं, यामें कहौं बखानि॥
गूगुरकी तेहि धूपदै, बांधि कंठमें देय।
दूधबढै गोमहिषीतनसकलरोगहरिलेय

२८	३५	२	७
६	३	२२	३१
३४	२९	८	१
४	५	३०	३३

अथ गोमहिषिके दूधबढ़नेकी दवा ॥

दोहा-दूधबढावाजोचहो, कीजो दवा विधान-रोज दुहौ नितनित बढै, जानौ चतुरसुजान ॥

चौ०लेउ सतावरिमूल खोदाई ।आधपाव नितपीसि पियाई॥एकमासलग या विधिकरै।बाढ़ैदूधदुःखतनुहरै॥

अथ सर्वचौपायोंके रोगकी पहिचान और ताके लक्षण

दोहा–बहुत पशुनको कहतहौं, लक्षण रोग प्रकीत ।
षटविधिते पहिचानिये, सुनौ श्रवणदै मीत ॥
पित्त वात अरु शीतते, रोग होइ पशुअंग ।
लक्षणते पहिचानियो, दवा किये रुजभंग ॥

अथ–पहिलीपहिचान–नेत्रलक्षण

दोहा–प्रथम जबै अच्छा हतो, पशुके नेत्र विलोकु ।
फेरि जबै रुजमें ग्रसो, देखु पपोटासोकु ॥
चौ०–अच्छेमें का रंगति होती। रोग भये तेहि कैसी गती ॥
अरुणवर्ण जो कोया देखै । तो गरमीको खलल विशेषै ॥
सकल शरीर हरारति होई। याकी दवा करी अब सोई॥
श्वेतवर्ण नेत्रनके कोया । शरदीते तेहि रोग दबोया ॥
पीतवर्ण जो कोया देखै । वातते वादी तनु अवरेखै॥

अथ दूसरी पहिचान–मूत्रपरीक्षा

चौ०–अरुणवर्णअरुथोरा मूतै । तौगरमीहैपित्तकिबहुतै॥
श्वेतवर्ण मूतै अधिकारी । शरदी तनुमें बहुतै भारी॥
पीतरंगको मूत्र देखावै । वातते वादीरोग तब होवै ॥

अथतीसरीपहिचान–गोबरके लक्षण

चौ०–गीला पतरागर्म जो होई। गरमीते असगोबर सोई॥
बहुत सूख जो हगै बनाई। याहु गरमीते ठहराई॥
ढीला पतरा शीतल हगै। शरदीकी बदहजमी लगै॥

अथ चौथी पहिचान—नाडी परीक्षा

चौ०-श्रवणननीचेमूलमेंजानौ। दुइरगदूनौओरबखानौ॥
धमकैचलतिहवैसोईनित। बहुतख्यालकीन्हैआवैचित॥
अतिहि उताल नाटिकाचलै। तो जानो गरमीतेहिखलै॥
सुस्त नाटिका चलै बनाई। वातधर्म शरदीते आई॥
इकलक्षण नारीलखि कहौ। वातपित्त कफते रुजलहौ॥

अथ पाचवीं पहिचान—कानछूनेकी परीक्षा

चौ०-श्रवणपकरिकेदेखोभाई। गरमगरमसोजानौआई॥
तौ गरमीतेरोगबखानौ। दवाकियेतनुनीकोजानौ॥
शीतल श्रवणदेखिकैकहिये। शरदीतेरुजयाको लहिये॥

अथ छठई पहिचान मिजाज परखैके लक्षण।

पशुको हवा देखाना चाहिये

दोहा—जो चारा कम खात है, सो गरमी पहिचान।
सुस्त बहुत बैठे उठे, दरद पेटमें मान॥
चौ०-चुपके ठाढ रहै पशुजबहीं। शरदीतेरुज कहिये तबही
जो घबरायछिनकअकुलाई। तौगरमीतेरुजअधिकाई॥
जानशास्त्रमें लक्षण नरके। तौ न नहीं कछुभाषै पशुके॥
उतने ही लक्षण अवरेखै। शरदी गरमी कफ तेहिलेखै॥
हाथ पांयपशु सकलशरीरा। कवन जगह रोगगँभीरा॥
इतना देखिचिकित्सा करिये। रोगघटै मन धीरज धरिये॥
अथमंजलिबहुकोशजोजाय। चलाजायफिरिबंदहोजाय
चलन न पावैबहु थकवाई। उसकी दवा होइ अजमाई

दोहा—जाय बंदभरि जाय वृष, सो होवै बेकाम ॥
ताके लक्षण परखिकै, दवा लिये आराम ॥
छंद-जेहिबाहरचलैवृषबहुतकोस। भरिजायतबहिंपावैकलेस
लँगराय चरण गरुए परंत। मग फैलेपायन बहु चलन्त॥
रगमोटीचारोंचरण होय। वृष थोरा चलि फिरि रुकै सोय॥
बहु सुस्तर है ठाढ़ौ अधीर। अति मेहनतिमें यह रोगपीर॥

दवा

चौ०-बाँधोवृषजहँपवनलागै। बँदमकानउजियारोभागै॥
कम्मर ऊपरकसौ दुइचारी। गरमी तन लागे बहु भारी॥
फिरिमदिरादुइवेर पियावै। साँझ भोर याही विधि पावै॥
निकसे अंग पसीना जबहीं। खुलि जैहै यह जानौ तबहीं॥

अन्य

चौ०-गूगुर सज्जी आंबा हरदी। टकाटका भरिकींजैगरदी॥
तोला एक अफीम मँगावै। थोरे पानीमें घोरवावै॥
यह आटाको लेउ मँगाई। वहि पानीमें ताहि सनाई॥
ताकी एक टीकिया करौ। वाके बीचमें औषधी धरौ॥
लुगुदी जौन अफीमकी होई। धरौ मध्यमें दवेके सोई॥
फिरि गोलायक लेउ बनाई। तापर माटी देउ थोपाई॥
आगीकी भुलिभुलिमें धरै। जब परिपाकहोय तब निकरै॥
माटी फोरि फेकि तेहि दीजै। आटासहितपीसिकरिलीजै॥
षट गोली तेहि लेउ बनाई। शामसुबा यक एक खवाई॥
तीनि रोज जो वृष वह पावै। चरण भरे जलदी खुलिजावै॥

अन्य दवा-मालिसकी

गोलिदार कटैया लावै । ताके पाता सब तोरवावै ॥
पीसिकूटिरस लेउ निकारी। दुइसेर पक्के वजन विचारी॥
गेरु एक छँटाक पिसावै । रेडीतेल दुगुन मिलवावै ॥
आगीमें कछु गरम करीजै। गुनगुन वृषतन मरदन कीजै॥
जूडनीर दाना मतिदीजै। अरु परहेज बहुत विधिकीजै॥
पानीकी बहु प्यास देखावै। कछुकजवायनि मिलै चुरावै॥
वाही जल वृष पियनकै। अरु शरदीते बहुत बचावै ॥

अन्य-सेन्दुरफ वटी

दोहा-सेन्दुरफवटि खवाइये, जायबन्द भरि जाय ।
मैजलिमें थकि जाय बहु, चलै न एको पाय॥
चौ०-याकी दवासुनौ मन लाई। खायेतेजलदीखुलिजाई॥
सेन्दुर औरसोहागा लीजै। जौन चौकिया नाम कहीजै॥
मालकांगनीगोघृतलावै। गुडपुरातनतेहि मध्यमिलावै॥
तोला एक एकसम करौ । पीसि छानि एकैमें करौ ॥
सकल दवा घृतमें भुजवावै। ताकी गोली पांच बनावै॥
गोलीएक प्रात तेखाई । जायबदनको खोज नशाई ॥

अन्य । (मैंने अजमाई)

दोहा-वृषभ भरै पग ना चलै, जाय बन्द ह्वै जाय ।
चौ०नरकचूरअरु आंबाहरदी। पक्केपावपावकरुगरदी ॥
गूगर एक छटांग पिसावै । तीनों दवा मिलाय धरावै॥

गोघृत लेउ मिठाई भाई। पाव पाव दोनों तौलाई॥
एक सेर गूदा घिगुवारी। पक्की तौल लेउ अनुसारी
घिघुवारीघृत और मिठाई। बटुईमेंतीनों धरवाई॥
एकछटाँकदवामिलवावै।अग्निपकाइवृषभमुखनावै
साँझसमय यहऔटीदीजै।सतयेंदिनतेहिनीकोलीजै
एकपहर तेहि कैजा कीजै।जायनंद पगभरो हरीजै

अन्य औटी

चौ०-कुटकी कचरी घोढवचलावै डेढपावतीनोपिसवावै
बीलनाम यक दवा कहावै।ताको तोला एक मँगावै
गूगुर ताहि बराबरि डारौ।सकलपीसिबटुईमें धारौ
एकसेरपानी भरिदीजै।अग्निचढायपकायसोलीजै
दुइ उबाल वामें जब आवै।तब उतारिसीरोकरवावै
पीछूबीलपीसिमिलवावै।नारिभरायसाँझमुखनावै
पवनबचावन बहुतै करै।भरोदुःखसतयें दिनहरै
अन्य औटी। (रास्ता चले थकिगा होय तेहिकी)
दोहा-चूना हरदी लीजिये, आध पाव परमान।
सेर मिठाई डारु तेहि, औटी करौ विधान॥
साँझसमय वृष, दीजिये, जो थकबाही जानु।
भोर भये नीके चलै, याहीते पहिचानु॥

अथ भरेवृषभके दागैकी विधि

दोहा-जौन वृषभ भरिजात है, ताको करौं बखान।
बहुत दवा करि नीक नहिं, दागौ ताहि सुजान॥

चौ०-नथुनापर दुइ दाग देवावै। नीचे दुइकोहानके लावै
दोनों दुइ कोखिनमें दीजै। पीठी ऊपर दुये करीजै
दुमकी जरमें दुये देवावै। कंधा ऊपर दुइको लावै॥
दुवो जंघमें दुये करावै या विधि वृषको दाग देवावै॥

भरेवृषभके बुझावको वफारादेनेकी विधि

चौ०-बंदमकानवृषभलैबाँधै। फिरिरचनायाहीविधिसाधै
ईंटे चारि तप्त करवावै। एक चरणतर एक धरावै॥
खट्टा तक्र लेउ मँगवाई। तेहिपर थोराथोर ढराई॥
निकसै वाफ चरणमें लागै। ताहीसोंदुख वृषको भागै
जब सिराय वह ईंटबनाई। दुहरेपद या विधिकरवाई
सातरोजलगकरौविधाना। चारोंचरणदवापरमाना
बहुत नीक यह करै जो कोई। नीक नहोयतोदागैसोई
दागै सकलरूप हरिजाई। दाग बचायदवाकरवाई॥

रास्ताचलैमें महिषभरिजाय ताको उपाय।

दोहा-महिष भरैं पग ना चले, ताको करो उपाय।
चारो चरणके जंघमें, अरु चुतरीमें जाय॥

चौ०-छूराभे मछना लगवावै। रक्त गिरै दुख दूरिकरावै॥

अथ महिष वृषभ लादेते पीठि वा छाती
सूजि जाय ताको उपाय

दोहा-महिषा अरु वृष जो लदै, लादे पीठि सुजाय।
ताकी छाती सूजे अधिक, वाकी दवा कराय॥

चौ०-खैंचिलदान कसेते सूजै।तापर कपडा भिजैधरीजै॥
जबलगसूज मिटै नहिं धरौ।ऊपर जलटपकावाकरौ॥
यहिते जो अच्छा नहिं होई और दवा कीजै पुनि सोई॥

अन्य-दोहा-गाईकेरे दूधमें, थोरा निमक मिलाय।
आगीमें पकवायकै, कम्मरटूक भिजाय॥

चौ०-तीनि रोज बाँधौ उठि प्राता। सोथ मिटै तनुदुख मिटजाता॥

अन्य-

सोवाबीजछटांकपिसावै।पाततमाखूभस्मकरावै।
ताको दुइ तोला मिलवाई।और दवासुनिलीजो भाई
गरगौवाकी बीट मँगावै।तोला एक ताहि मिलवावै
सकल पीसि पानीमें धरौ।गरम कराय सूजमें चुपरौ
लेउ मुसब्बरको मँगवाई।जौनकमंगरिनाम कहाई
पीसिगरमपानीमेंकरिकै।लेपन करौ सूजपर धरिकै

अथ रोगको नाउँ गरवा दूसरा नाउँ पट्टा

दोहा-महिष महिषके होति है।गरवारुज मुखमाहि।
दूसर पट्टानाम कहि, कोउ कोउ बरणै ताहि॥

लक्षण

दोहा-मोटी रग परिजाति है, जीभतरे रँगश्याम।
ता रुजको पहिचानियो; दवा करो अभिराम॥

चौ०-चारा खाय तनुक नहिं जानो। चिपिर चिपिर मुख करि सो मानो॥ जीभ काढि नथुनाको चाटै। रसना नासातक नहिं आँटै॥

नितप्रति देह जाय दुबराई। याकी दवा करावो भाई ॥
गिरातरेरगमोरि दिखावै। नीलवरणतेहिफस्तखोलावै ॥
जौनझलारिहसारिकहीजे। कांटासहित तोरि तेहिलीजे॥
तेहिकांटाभेरगचिरवाई। निकरै रुधिर नीक होयजाई।
तेहिपाछे हरदी पिसवावै। भुरजी छानि करहु वाँलावै॥
दोनों मिलै मलौ रगऊपर। नीकहोयरुजसुखकोदुखहर।

महिषीके मन्दअग्नि होइजाय ताका मसाला।

दोहा-मन्दअग्नि हो जाति है, महिषीके तन आय।
भूख घटै तन बहु लटै, चाराको नहिं खाय ॥
चौ०-कुम्भीको विरवामँगवावै। पावएकताकोपिसवावै॥
यव आटा सँगदेउ खवाई।आठरोजपरमान बताई॥

अथ घमहावृषलक्षण

दोहा-जौनवृषभके देहमें, घाम अधिक दुख देय।
जलमें पैठे शीघ्रही घमहां कहिये सोय ॥ ॥
चौ०-जलमें ठाढ रहै नहिं डोलै। घामदेखिबहुतै दुखझेलै

पहिचान

बडे बडे रोम फटे जेहि देखो। घमहां वृषभ ताहि अवरेखो॥
जोकिसानलेहै यहिकाहीं। सदा सोचकरिहै मनमाहीं ॥
कामलियेपरजीवचोरावै। दवा किये कोइ नीक देखावै ॥

दवा

सर्षपतेलआधसेरलीजै। प्रातनारिभरि पियनको दीजे ॥
पक्कीतौलकिहैपरमाना। चालिसदिनलगिकरौविधाना।

फिरिछाँहीते घामें बैठे। कबहूँ नाहीं जलमें पैठे॥

अथ वृषभतरवासेके लक्षण

दोहा-वृषभ चलै मारग बहु, कठिन भूमि जो होय।
ताके पगतरवाँसिहैं, तरवा रगरै सोय॥

चौ०-मगकोचलनत्यागनकीजैपशुकोअच्छाजलदीजै॥
कीकछुवस्तर ठाटभिजावै। चारोंचरणनमेंबँधवावै॥
ऊपरतेजलतेभिजवाई। नीक न होयतोऔर उपाई॥

अन्य-मोमगरमगुनगुन टपकावै। तरवापुष्टह्वैबलपावै॥
वृषभहोयतरवाँसाजोई। चारोंचरणलंगकरिसोई॥
भरोचरणदुइलंगकरावै।यहिलक्षणतेअलगबतावै॥
औरोयतनभरेकीकरिये।वासोंनीकहोयसुखलहिये

अथ कूल उतरेकी दवा

दोहा-पिछले पदको जोरजो, खिसिकि जाय लँगराय।
चल न पाव दुखित बहु, ताको करौ उपाय॥
उतरै कूल जो वृषभको, गुखुरू डोलै जानु॥
एकै विधि दोनों हुवै, कछुक फरक पहिचानु॥
अगिले पदकी गूखुरू, पिछिलेपद कहि कूल॥
एकै दवा उपाय यक, दुनहुनमें है शूल॥

चौ०-हाथमेंवृषकूलचढ़ावै। शूकरवश बहुदिनमलवावै॥
यासोपुष्टबहुतविधिहोई। औरउपायकरोमतिकोई॥

दवा–झिटकाचोटमोच गुखुरूडोलै कूलउतरैकी ॥
चौ॰ झिटकाचोटमोचजेहिलागै। वाकीदवाकरौदुखभागै
षोडशमुरगीअंडमगावै। तोलाएकअफीममिलावै॥
आधासेरशूकरबसलीजै। सर्षपतैलपावइक दीजै ॥
आधापावलेआंबाहरदी। पीसिमहीनकरौबहुगरदी॥
गेरूएकछटाँकपिसावै। सकलमिलायघेपिधरवावै॥
मालिसखूबकरैबहुरगरै। कंडाभेडसेंक फिरिकरै ॥
साँझभोरदुहुबेरलगावै। सूजै चोटनीकतेहिभावै ॥
पंद्रहदिनयाहींविधिकरै। तनुकीचोटसकलविधिहरै॥

गुखुरू अगिलेपैर के डोलनेका उपाय

दोहा–गुखुरू तबहीं टरति है, जब करि है बहु जोर।
गुखुरू वाको कहति हैं, जौन जोरको ठौर ॥
गफलत मति वाकी करै, ताछन दवा कराउ ॥
मूँजक आँडर क्वाथ ले, दूसर पग बँधवाउ ॥
गंठा घुटुनापर कसो, जासों बहु लँगराय ॥
यह उपाव जो कीजिये, तासों नीक दिखाय ॥
चौ॰-अधिकबूततेहिपगपरकरै। गुखुरूवालासोभुइधरै॥
तीनिचार दिन जो बँधवावै। नीकनहोयतोदवाकरावै॥

अन्य

पैर हाथधरि खैंचो भाई। गुखुरूटरी बैठि जबजाई ॥
पट्टा बाँध देउ दिनराती। आरसीतेलनाउबहुभाँती ॥

अन्य

याहूते नहिं नीक देखावे। सुवरकि चरवी वस मलवावै॥
और कछुक दिन देउ खवाई गुखुरूनीकि बैठितबजाई॥
दोनों दवा बहुत अजमाई। पट्टी खुलि वसको मलवाई॥

अन्य

सुवरकि विष्ठा गरम करावै। गुखुरूऊपरताहिमलावै॥

अथ गुखुरू दागनेकी विधि

दोहा–चारों तरफ गरेरिकै, गुखुरू देउ दगाय॥
नोक होय लँगरा मिटैं, करौ यतन यहै जाय॥

"कोई अंगमें चोट लगनेसे सूजिआवेताकी दवा"

दोहा–जौन पशुके अंगमें, चोट चपेट लगाय॥
तासो सूजन देखिये, दवा किये दुख जाय॥
चौ० आँबागुरदीचँदसुरलीजै। श्यामातिलतीनोंसम कीजै
बहुत महीन पीसि पानीमें। अग्निपकायलेपुसूजनमें॥
साम सुबहु दुहुँबेर लगाई। नीक न होय तो और उपाई॥

अन्य

रेंडी बेनवर गूदी लीजै। अरसी श्यामतिलसमकीजै॥
चारों दवा पीसि पकवावै। पशुकी सूजनिपर चुपरावै॥

अन्य

हरदी तोले दुइ पिसवाई। साबुन तोला एक मिलाई॥
अग्निमध्य चुरवौ पानीमें। लेप करौ पशुकी सूजनमें॥

अन्य

अँबिलीऔरसँभालूलीजै । रनिमकोयसबपातभनीजै ॥
छालीलेउसहोरचिटकुवाँ । औटिपात्रतेहिदीज्योधुवाँ॥
जबैनीरकछुजायसेराई । देउ तरेरा मलि मलि भाई ॥

अन्य

दोहा–माटी लोना लीजिये, जो दिवालमें होय ॥
पानीमें औटायकै, मलु सूजनपर सोय ॥

अन्य

चौ०-जोनदवामेंनीकदिखावै।तोसूजनपोटरीसिकवावै॥

दवा

दुइगांठी ले प्याज मँगाई । तोला दुइ हरदी तेहि लाई॥
चँमसुरजाको हालिम कहिये । दुइतोलाताहीमेंलहिये॥
आधपाव गेहूँकी मैदा । घृतमें सानि करी बहु फैदा ॥
सकल पीसि पोटरी दुइकरै।सहत सहत सेके दुखहरै ॥

अन्य

जो नहिं अच्छी देह दिखाई। बारमुडाय जोक लगाई॥
"सूजन कोई अंगमें शरदीते होय ताकी दवा"
दोहा–गेरू अजवाइन पिसे, पानी मिलै पकाय ।
सूजन शरदीकी जहां, लेप किये बहि जाय ॥

अन्य

गेरू कारी जीरलै, पीसि गरम करवाय ॥
गुनगुनकरि लेपन करो, शोथ नीक ह्वै जाय ॥

अँबरबेलि मकोयले, और संभालू पात ।
तीनों पीसौ गरम करि, लेप करो उठि प्रात ॥
रेंडी बेनवरकी मिंगी, तोले चारि मँगाव ।
तोला एक मुसब्बरै, पानीमें पिसवाव ॥
आगीमें तेहि चुरैकै, शरद सूजमें जान ।
लेपन करु दिन तीनलग, प्रात सांझ परमान ॥

अन्य

गूद लेउ घिगुवारिको, एक छटांक नवीन ।
तोला एक मुसब्बरै, पीसि मिलै तेहि दीन ॥
आगीमें गुन गुन करौ, मलु सूजनपर सोय ।
पांच सात दिनके किये, वृषभ अरामी होय ॥

अन्य सेंक

पथरा एक मँगायकै, कितौ ईंट करु तात ॥
धीरा धीरा सेंक वृष, शरदसूज मिटि जात ॥

"कोई अंगमें गरमीते सूजन होय ताकी दवा"

चौ०–जो गरमीते गरमदेखावे । ठंढी दवा लेप चुपरावै
गेरू धनियां ईसरगोला । यवको आटा ताहिसमूला ॥
सकलदवासम लेउ पिसाई सिरकामिलैपकाय लगाई ॥

"कोइ अंगके गांठि गिरह जोरमें जो कठोर बहुत
है जाय गुम्मर निकरि आवै ताकी दवा"

दोहा–गांठि गिरह पशुकी लखो, जो कठोर है जाय।
सरदी गरमी दुहुनते, ताकी दवा कराय ॥

चौ०-अतिकठोरगुम्मजह्वैजावै।सुरतरहैमगचलैनपावै॥
सोंठि पीसिसिरकामेंलीजे।गरम कराय लेप करि दीजै

अन्य

कोचिला गनिकैसात मँगावै। अंबरबेलिरूसकीलावै॥
घोडवचलहसुनसमपिसवाई।सर्षपतेलमध्यपकवाई॥
शरदसूजपर मालिस करै। अठयेदिन गुम्मजसबहरै॥
जो गरमीते सूजन जानौ। ठंढी दवा उपरते आनौ॥
वाही विधिते लेप करावै। नीकहोयतबसुखउपजावै॥

कुम्हेडीरोगलक्षण। शृंगनके नीचे
हाड गल जाता है

दोहा-नाम कुम्हेडी रोग है, वृषभशृङ्गमें होय।
ताके लक्षण कहत हौं, जानि लेउ सब कोय॥
चौ०-नथुनातेपानीबहिआवै।प्रथमकछुकदिनकमदेखरावै
धीरा धीरा बढति है। शृङ्गमूलको अस्थिगलति है॥
थोरा थोरा टेढ देखावै। फेरि लटकि माथेपर आवै॥
शीशकेरि जो अस्थि कहावै। तोनसरै कछुमूद गलावै॥
शोणितमिला नीर बहुबहै। कछुकलबाबदार तेहि कहै॥
खाल सरै माथा गलिजाई। शृङ्गगिरै नहिं कछूवसाई॥
महाकठिनयहरोगबखानो।जानौकाल आय नियरानो॥
हम यह देखा रोग कलेशा। ताते लक्षण लिखै सुदेशा॥
महीना दुइ चारिक रुज रहै। पीछे वृषभ मृत्युको गहै॥

"पशुको दुश्मन अँधाके डारते हैं भेलावां लगाइकै"

दोहा–जो कोउ पशुके नेत्रमें, देय भेलावँ लगाय।
सो आंधर होय जात है, सूजनि अधिक देखाय॥

चौ०-कुटकी बहुत महीन पिसाई। वृषकेनेत्रनदेउभराई॥

"वृषभ वा महिषकेकांधेमेंझिटकालागनेकीदवा"

दोहा–झिटका लगे कांधमें, वृषको दरद कराय।
वाकी दवा कराइये, मालिसते सुख पाय॥

चौ०-मुरगीके अंडा मँगवावै। सांभरिनमकपीसिमिल-
वावै॥चारिपांचदिनमासिकरै। पीरजायझिटकासबहरै॥

वृषभ वा महिषका कांधे सूजै वाके फूटे
पीब आवै, ताके लक्षण व दवा

दोहा–जौन वृषभ हल शकटरथ, कबहूँ चला न होय।
एका एकी जोतिये, सूज कांध लगि सोय॥

चौ०-भैसाकोगोबरमँगवावै।जलसोंमिलैपकायलगावै॥
अन्य-लेंडीऊँटकेरिपिसवाई।खारीनमकमिलायपकाई।
सूजन कांधपर थोपावै। नीक होय बहुत सुखपावै॥
सूखी हरदीपीसिमिलावै।याहूते सूजन मिटिजावै॥
शूकरकी चरबीबस चुपरै। सूजजायमजबूतीपकरै॥
लेउगोहकीवसमँगवाई। काँधमलाय पुष्ट करवाई॥
मैंजलिचलेकांधजेहिसूजै। तापरदवालेपयहकीजै॥
आटा चनाकेर मँगवावै। आंबाहरदीपीसिमिलावै॥
गेहूँकी मैदा सम तीनो। दूध घोराय पकावनकीनो॥
कांधेपर जो लेपन करै। सूजन मिटै काँधदुखहरै॥

हरदी दुइतोला पिसवाई। मासेतीन अफीम मिलाई॥
सर्षपतैलै एकछटाँका। एकैमें करु गरम सुपाका॥
वृषभकाँधमें मालिस करै। सूजन जाय दुःखको हरै॥
अरसीको जो तेलमलावै। जबतब सो तूतीलावै॥

"काँधफूटि बहै वा पानी आवै ताको मलहम।"

चौपाई-संगजरातमोमकोलीजै। डारि सफेदा तामें दीजै॥ टका टकाभरि लेउ सुजाना। ताके पीछे और निधाना॥ फूँकि बनात पुरानी लीजै। जूथी चमंकि भस्म करीजै॥ गो गोबरका विनुवाँ कंडा। लेंडी गोल सोइ सब खंडा॥ अग्निमध्य याको फुकवावै। तीनों एक छटाँक मिलावै॥ डेढ़ पाव अरसीको तेला। अग्नि पकाय देह सब घेला॥

दोहा-चुपरौ कांधेमें सुघर, यह मलहम मनलाय
जबलग घाव न पूरि है, मेहनति बंदकराय॥

"काँधेमें जो बार न जमैं सो जमैंका तेल।"

दोहा-जाहि वृषभके काँधमें जो बार जमैं नहिं होय।
ताको तेल बनायकै, एकमास मलु सोय॥

चौ०-सेंहुडा पलई नरम जो होई॥ एक हाथ भरि काटि सो लेई॥ कांटा बकला सब छिलवावै। गटिया टुकड़ा मिहीं करावै॥ सर्षपतेल मध्य पकवावै। भस्म होइ तब घोट करावै। यह मलहमकी मालिस करै। जामैं बार काँध रुज हरै॥

घोंघा लेउ सजीव मँगाई । सर्षपतेलमें भस्म कराई ॥
यह मलहम कांधेमें चुपरौ । जामें कच धीरजमनधरौ॥

अथ जखम लागेपर जो यह दवा लगावै तो
न पाकै न पीव आनै जलदी सूखे

दोहा-मिरचा अरुण पिसाइकै, सांभरिनमक मिलाय॥
सर्षपतेल मिलाइकै आगीमें पकवाय ॥
चौ०-जखमके ऊपर देउ बंधाई।नीकहोयजलदीसुखपाई
पाकै नहीं पीव नहिं आवै । दवा करो मनमें भावै ॥

अन्य

हलुको घाउ गहिरनहिं कोई।ताकी दवा करौ सब कोई॥
अँबिलीकी पपरीले आवै। जाहिपेडमें सूखि दिखावै ॥
ताहि जरायकै कोइला करो।पीसि जखमके ऊपर धरो॥
जलदी रक्तबन्द ह्वै जावै।नीक होय पशु बहुसुखपावै ॥

अन्य

कपराकी गद्दी भिजवाई । घाउकेऊपरकसि बधवाई ॥
पानी ऊपर चुवाबा करै । पहर तीन चारि कम न धरै॥

अन्य

खील सोहागा पीसि भरावै । यहू रक्तबन्द करवावै ॥

अन्य

कच्ची रार सफेद पिसाई । वस्तरफूँकि भस्मकरवाई ॥
जखमके भीतर जो भरिदीजै ।रक्तबंदकरदुखहरलीजै॥

पहले जखमको देउ लियाई। तेहि पाछेकरु दवा उपाई॥

अथ जखम धोवैका पानी फुरियावगैरहमें

दोहा-फुरिया जखम धोवाव जो, तौ पानी बनवाव॥
याहीते नीको रहै, पीछू दवा लगाव॥

चौ०-नींबपातपानीउसनावै। कितौफटकरीडारिपकावै॥
यासों फुरिया घाव धोवाई। जलदी नीकहोय सुनुभाई॥

अथ जखम साफकरैका मलहम

चौ०-जौनजखममें पपरी परै। भीतरदवाअसरनहिं करै॥
ताको मलहम करि चुपरावै। पपरी नरम होय गिरिजावै॥
गोघृत साँभरिनमक मिलाई। बहुतमहीनपिसायलगाई॥

जखम लागेते जो खून न बन्द होय ताके
बन्द करनेकी दवा

दोहा-रक्त चलै पशुके जखम, बन्द नहीं देखराय॥
शृङ्गवगैरह टूटमें, ताको जतन कराय॥

चौ०-कम्मर लेउ पुरान मँगाई। भेडरोम जामें लगवाई॥
की तो पटरेशमी मँगावै। अथवा रुईपुरानोलावै॥
इन तीनोंमेंएकजरावै। भस्मकरायकेजखमभरावै॥
भरतै रक्त बंद ह्वैजाई। जो कोइ या विधि करै उपाई॥

अन्य

जारा मकरीको चपकावै। याहू रुधिर बन्द करवावै॥

अन्य

माटीका यह टिकरालैके। बांधि देउ छतऊपर धरिकै॥

रंडककोरव सूख मँगावै । ताहि जराय धुवाँ सेंकवावै ॥
पहर एक दुइलों जो करै । रुधिर बन्दकरि दुखको हरै ॥

अथ जख्म साफकरनेका मलहम

चौ०-सीपी चूनकरहुवाँलावै। समकरिअरसीतेलमिलावै
यह मलहम जो कोई चुपरे ! साफकरै अरुजल्दीपूरै

अन्य

हालिम हरदी सम पिसवावै । पानीमिलै घेपि चुपरावै॥
कपरापर फीहाकरि धरिहै।जखम साफ ताहीक्षणकरिहै ॥

मलहम जखममें पीब आनेपर लगावै

दोहा-मलहम भाषौं पशुजखम, पीबपरे चुपराय ।
जलदी नीको करत है, कीजो यही उपाय ॥
चौ०-नरियर केर तेल मंगवाई। थोरा थोरा छत चुपराई॥
मलहम जो जखम को । जलदी अच्छा करै ।
चौ०-मुरदाशंख तूतियारारै । पैसा पैसा भरि तेहि डारै॥
नींबकीपातीकोमलवावै। तोलातीनिमहीनपिसावै ॥
गोघृतआधपावमिलवाई। अग्निचढ़ायदवापकवाई॥
जरिकैभसमहोइजबजानौ। पथराभेतवरगरिबखानौ
कपरा चुपरि घावपै धरे। जलदीनीक होइ दुखहरै॥
जौनजखम अच्छा होइजाय सूखै न आवै
चौ०-जौन जखम अच्छहोइ जावै। अमिष बराबरिसो
देखरावै ॥ सूखैं नहीं पिचपिचा लालै । वाकी दवाकरौ
ततकालै ॥ चुनागच पुरान पिसवाई । जखमके ऊपर

सो बुरकाई ॥ गदहालेंडी सूखि पिसावै । घाव पिच-पिचापरनिथरावै । ऊँटकि पसुरी फूँकि पिसाई । जख-मके ऊपर सो छिटकाई ।

जखम अच्छा ह्वैगा होइ बार न जामैं वाकी दवा

दोहा—जौन जखम नीको ह्वै, त्वचा मास भरिपूर ।
जो कच वामें नहिंजमैं, कीज्यो दवा जरूर ॥

चौ०—जामें बार दवा जो करिये । यह विचारिके मनमैं धरिये । लीलकि बट्टी लेउ मँगवाई । मानुष थूँक डारि पिसवाई ॥ एकमासभरि या विधि चुपरौ । जामैं बार धीर मन करौ ॥ श्यामा तिलको भस्म करावै । पानी मिलै पिसाय लगावै ॥ साबुन अरु लिलवरी मिलाई । पानी पीसि देउ लगवाई । मुरगीके अण्डा मगवावै । तेसब पानीमें पकवावै । ताहि फारि जरदीले लीजै । वाहि कराहीमें धरि दीजै ॥ तप्त कराही जबहीं जानौ । जरदी तेल छाँड़िहै मानौ ॥ सो यह तेल पीछिकै धरिये । चुपरौ बार जमैं जो करिये ।

अब वृषभकी पूँछ की बालरिबारसुधा डंडीकटि गिरजाय तामें बार जामैंको तेल ।

दोहा—वृषभपूँछकी बालरी, कौनेउ विधि कटिजाय ।
ताको तेल बनाइके, चुपरौ कच जमिजाय ॥

चौ०—मछरी एक चरँगवा कहिये सर्षपतेल मध्यजरैये । पथरामें तेहि देउघोटाई । एकमास बालरि चुपराई ॥

"पशुका पेट फाटैं आँतै निकसि आंवै वाकी दवा"

दोहा-वृष महिषी पशु और जे, पेट फाटि जो जाय ।
आँतैं बाहर नीकरैं, ताको करौ उपाय ॥

चौ-पक्षीबयाकिझोंझमँगवावै। घृतमेंभिजैअग्निफुँकवावै।
ताकी आँच आँच सिकवाई।आपै आप बैठि सब जाई॥

दोहा-माछी कछुक पिसायकै, आँतनमें चुपराउ ॥
याहूते धसिजाति है, तुरतै करै उपाउ ॥

चौ०-जोपै आँतफाटिकछुजाई।रेशमफूँकिदेउ चुपकाई॥
तापीछे यह जान करावै।जखम मूँजभे तुर्त सियावै ॥

अथ वृषभके नासूरको मलहम

दोहा-रहै बहुतदिन जखम जो, तौ नसूर ह्वै जाय ।
पीब बहै पानी चलै, दवा करौ मनलाय ॥

छन्द पज्झटिका

सरसोंके तेलले एक पाव। तेहि मोम तीनि तोला मिलाव॥ सो अग्निमध्य लीजो पकायफिर दवा पीसि पीछे मिलाय ॥ मुरदारशंख हरदी बखान। ले गुलेनार सूखे सुजान ॥ सुरमाकी बटी तामें मिलाय। फटकरी लेउ लावा बनाय॥ अरु बारहसिंगाको मँगाय।नाखून अश्व तामैं मिलाय ॥ द्वौ अग्निमध्य धरियो सँभरि । जब भस्म होय तब ले निकारि॥सब तोला तोलासम प्रमान। फिरि तेल मोममें देउ सान ॥ अरु आगीमें

थोरा पकाय धरि राखो अपने धाम लाय॥ करु बाती
कपराकी सुवेश। तेहि चुपरि नसूरै करु प्रवेश ॥ जो
बहुत महिनो छेदयुक्त। तौ बाती वैसय करौ उक्त ॥
सो विवर नसूरेमें देवाय। दुहुँबेर मासभरि करु उपाय॥

अन्य मलहम

गोघृतै अधपावै मँगाउ। अरुमोम टकाभरि जर्द लाउ॥
पिघलाय ताहि दीजो मिलाय। सिंदूररार तूतियाजाय ॥
मुरदाशंख समले प्रवीन। इकतोला तोला करु महीन ॥
घृतमोममिलैपिसवाउ नान्ह। पूर्वोक्त करैबातीविधान्ह॥

अथ दागे जखमपर लगानेका मलहम

दोहा-मलहम दागे जखमको, बहुत नीक सो जान ।
जो वृषके लेपन करौ, नीक होय पहिचान ॥

छंद-तोमर

कहि श्वेततिलको तेल। एक पावभरि तेहि मेल ॥
अरु फल भेलावाँ जानु। गनिकै सो पंद्रह आनु ॥
तेहि काटि दुइदुइ लेउ। सब तेलमें भरिदेउ ॥
अरु अग्निमध्य पकाय। जब जरि भेलावाँ जाय ॥
फिरि फल निकासि फेकाउ। तब और दवा मिलाउ॥
एक टका भरि लेलार। गंधक नयनियाँ डार ॥
तूतिया दुवो परमान ! तेहि एक तोला जान ॥
सब पीसि तेल मिलाउ। कछु अग्निमध्य पकाउ ॥
एक दिवसमें बहुवार। छत लेप करु सँभार ॥

यक पाव तिल्लिक तेल । तेहिमें सोहागा मेल ॥
नवसादरै परमान । दोनों अधपई जान ॥
तेहि अगिनिमध्यपकाउ । मलहम सो ताहि बनाउ ॥
"फ़ुरिया सब तरहकी निकसै ताको उपाय" ॥
दोहा—फ़ुरियनकेरी दवा यह, जो सूजन पटकाय ।
हजम करे सब वरमको, पहिले करो उपाय ॥
चौ०-सेमरछालीऔकचनारा।जलमेंपीसिपकावोथारा॥
फ़ुरिया ऊपर देहु बँधाई । सूजन हजम करै सुनुभाई ॥

अन्य

गेहू जामुनि छाल पिसावै।नींब मकोइयापात मिलावै॥
पानी मिलै गरम करवाई । गुन गुन लेप बँधावो जाई॥
नींबछाल अजवायनिलीजै।रूसपात समपीसि करीजै ॥
गुनगुनकरियाहूको बाँधौ।नीकनहोय और विधिनाधौ॥

अन्य

सोवासागुके बीज मँगावै।हरदी धनियाँ ताहि मिलावै॥
पातबबूना सब सम कीजै।पानीमिलाय पीसितेहिलीजै॥
गरम कराय बँधावै कोई । नीक होय सूजन सब खोई॥

फ़ुरिया पकानेकी दवा

दोहा—दवावरम कीजो ऊपर, बहुविधि लिखी बनाय ।
जो वासों पटकै नहीं, कीजै और उपाय ॥
चौ०—फिरि पाकैकी दवा धरावै। जामें फूटिबहैसुखपावै॥
चाउर तक्र मिलैपिसवाई।नमक मिलाय अग्निपकवाई ॥

यहपुलटिसफुरियापरधरौ।पाकिबहैविधिवत जो करौ॥
मोरेठी अरूपात सँभारू। लेउ मयनफल सम सब डारू॥
पीसि नीरमें गुनगुन कीजे। फुरिया ऊपर सो धरि दीजे॥
याहू पकवै पीव बहावे ! और दवा सुनु जो मनभावे॥
गेहूँ दरिया दही मिलाई। बहुत महीन ताहि पिसवाई॥
अगिनिपकाय देहु बँधवाई। फूटिबहे जो करौ उपाई॥

दोहा—जो इतने पकि फूटि बहि, तौ है नीक विधान॥
नाहीं तौ यह दवा करु, जौन लिखौं परमान॥

चौ०-गूगुरसहत मिलाय पिसावे। गुनगुन करि लेपन करवावे॥अजवायनगुडमेंपिसवाई।नीरमिलायअग्निपकवाई॥ ॥ गुनगुन लेप करौ पशुकेरे। फुरिया फूटि कहौं मैं टेरे॥ विष्ठा लेउ कबूतर केरी। मुरगी अंडा मिले बहोरी॥
देसी राई जल पिसवावै।तीनों मिलै अगिनि पकवावै॥
फुरियापर तेहि देउ बँधाई।फूटि बहै नहि और उपाई॥
तौ नस्तरमें ताहि चिरावै। बहै मवाद नीक ह्वै जावै॥

दोहा—फिरि नींबीके पात लै, थोरा नमक मिलाय।
पानीमें तेहि पीसिके, टिकिया रचो बनाय॥
फुरिया चीरीपर धरौ, तीनि रोज दुहुँबेर॥
साफ भये मलहम करै, नीक होय नहिं देर॥
कीतौ टीकियापर चुपरु, थोरा सहत लगाय॥
याहु करि है साफ बहु, तब मलहम लगवाय॥

चौ०-जेमलहम ऊपर लिखिआये, तेहिलगवाएते सुख-
पाये। फुरियामें मास न बाढै तेहिकी दवा

चौ०-जो नहिं मांस बढ़ै फुरियामें। तौ यह यतन विचारौ मनमें॥ गिरिगिट एक मारि लै आवै। चरण पूँछ सब काटि फेंकावै॥ पेट चीरि आंतै निकराई। तिल्लीतेल मिलाय पकाई॥ आधपाव परमान करावै। बहुत भस्म होने नहिं पावै। यहै तैल फुरियामें चुपरौ। जलदी मांस बढै जो करौ॥

अथ मलहम

विनवाँकंडा भस्म करावै। सीपचून तेहिमें मिलवावै॥ टका टकाभरि दोनों लीजै। अरसीतेल पावभरि कीजै॥ यह मलहम जो नित्य लगावै। नीक घाउ ह्वै है सुख-
पावै जेहि वृषभके खुर फाटा करैं पीव वा पानी
बहै ताको मलहम

दोहा-खुर फाटै जेहि वृषभके, सदा रहैं तेहि काट।
ताके मलहम चुपरिकै, पशुहि बचावो चाट॥
कामीला अरु मस्तगी, दुवो बराबरि लेउ।
बकरा चर्बी मिलै, पीसि मिहीं करि देउ॥

चौ०-यहमलहमजोदेउलगाईजलदीनीकहोयसुखपाई॥

अन्य

कुरुकुटअंडकि बलकी लावै। बकरी शीशको अस्थि मँगावै॥ दोनोंअग्निमेंदेउजराई। दुइदुइतोलाभस्ममिलाई

राँग ककुस्तावंग कहावै । तोला एक ताहि मिलवावै ॥ श्वेततिलनको तेल मिलाई । खुरनके ऊपर चुपरो भाई तेहि पीछे विधि और करावै। जलदी नीकहोयसुखपावै ताते जलकरि खुरतहि बोरै । कितौ उपर टपकावा करै एक पहर नित है परमाना। जबलगनीक न होय सुजाना

अन्य

सोनमखी अरु लेउ कसीसा । पत्थरचून तूतिया पीसा॥ निंबुकागदी रसमें भीजै। मिहीं पीसिखुर जखम भरीजै॥ ताके ऊपर पट कसवाई बहु मजबूत देउ बँधवाई ॥ सेन्दुरुफ दुइमाशे पिसवावै । माशे चारि लौंग मिलवावै ॥ बकराचरबी मोम मँगाई । टका टका भरि दुवो मिलाई ॥ पाव एक गोघृतकोलीजै । अग्नि चढाय पकावन कीजै ॥ सो मलहम खुरऊपर चुपरौ । एक मासलग यहि विधि करौ ॥ अजयपुत्र शिर गूद मँगावै । श्वेत तिलनको तेल मिलावै ॥ बहुत लेपिकै देउ लगाई । रोग खुरनको जाय नशाई ॥ श्याम तिलनको मिहीं पिसावै । और सफेदा ताहि मिलावै ॥ पाव एक द्वौ लेउ तुलाई ॥ केसरि माशे सात मिलाई॥ तीनों दवा पीसि धरि दीजै । फेरि यतन औरौ विधि कीजै ॥ मुरगी अंडकी जरदी लीजै । कछुक दवा वह ताहि घे पीजै ॥ चारौं खुरमें नित प्रति चुपरै । रोग जाय वह दुख हरै ॥

अथ बदखुरिनका इलाज

दोहा–बैंगन पानीमें पके, बदखुरि, देउ मलाय ।
श्यामातिलकी भस्म करि, पानी पीसि लगाय॥
झिकवामटरी लायकैं, नीरसंग पीसवाय ।
बदखुरि ऊपर लेप करि, रोग दूर ह्वैजाय॥

अथ प्रथम कीराशाई नाशन

दोहा–जखम फूरिया पीबमें, माछी लगै बनाय ।
तौन हगे सोई कहै, फिरि कोरा ह्वैजाय ॥

चौ०–दिनभरिकीकछुख्यालनकीजै । सांझभये साईल-खिलीजै॥ताहि गिरायदेउलकरीते । घाउधोवाउनीरहु क्वाते॥फिरिकीरानहिंएकदेखावै।मलहमलैतामेंचुपरावै॥

अन्य

जो कीरा बहु देय देखाई । बडे बडे बहु दिनके आई।
घोडवचपीसि जखममें भरैं । कीरामरैंसकल झरिपरैं ॥

अन्य

कितो सरीफापात पिसाई, भरो घाउमें बहुपिसवाई ॥

अन्य

पात तमाकू और फिटकरी, पीसि घाव कीरनमें भरी॥

अन्य

लकरी एक मुलीम कहावै। ताहि मँगाई पिसि भरवावै॥

अन्य–दवा बुझावाकी

कण्डाकी आगी बनवावै । सर्षपतेलहि ताहि बुझावै ॥

भरौ जखम कीराजरि जावै। नीकहोयजलदीसुखपावै॥

अन्य

कल्लाबाँस तेल सर्षपमें। ताहि पीसी भरि देउ जखममें॥

अन्य-टटका

मोरपंखकी ठिकुली लीजै। गनिकै सातभौंमदिनदीजै॥
आटामें तेहि सानि खवाई। कीरा मरैं सकलभरिजाई॥
इनमें दवा जो एकौकरिहैं। कीरा मरै गिरै दुख हरिहैं॥

मन्त्र कीरानिवारण--इन्द्रजालग्रन्थको मत है

महतेपटवारी अरुजगाती। वयाजिताकेपायोकीरागया॥
दोहा-कीरा गो वृष महिषके, जो तनुमें परिजायँ।
ताको मंत्र विधान करु, रविवासरदुखजायँ॥

चौ०जहचौरहाहोयसुनुभाई। तहँकीठिकरीसातमँगाई॥
लैलैं नाम वही पशुकेरा, जौनकिमें दुखभयो घनेरा॥
पढिकै मंत्र बेर करु तीनी। पशुके मालिककोदैदीनी॥
और वचन वाहीसों भाखै। कीरा गये धीर मनराखै॥
सोमालिकवहिठिकरीलै पशुकेमारै अरु यह कहिकै॥
कीरागये वचनयहभाखै। चौथे दिवस छतैको देखै॥

ॐनमोकीरारेतूकुंडकुडीलाललपूँछतेरामुखकीला॥
मैं तोहि पूछौं कहांते आये तोरि मास तैं सबकोखाये॥
अबसबजायभस्महोजाय। गुरुगोरखनाथतोलागहु
पाय॥ शब्दसांचा पिंडकांचा॥

विधि

दोहा- नींबीकी इक डार लै, सातबेर पढि मंत्र ॥
कीरा झारे पशुनके, नीक होय यह तंत्र ॥

मलहम कीरानिवारण-माछी न बैठें

दोहा-पशुके तनुमें जो कहूँ, जखम किर्मि है जायँ ।
ताको तेल बनाउ यह, लागे सकल नशायँ ॥

चौ०-सर्षपतेल लेउ सेर एका। नींब तेल इक पाव सो नीका ॥ कनयरकी पाती मँगवावै । और पियाज कुचिलिमिलवावै ॥ पाव पाव दोनों पिसवाई। एक छटांक मिलाय पिलाई। तोला दुइक तूतिया लीजै । ताहि पिसाय महीन करीजै। तेल अग्निमें देउ चढाई । सकलदवा तामें जरवाई॥ भस्म होय तब रगरि मिलावै । याही मलहम जखम लगावै ॥ कीरा मरैं और नहिं। परिहैं। माछी ताको निकट न जैहैं ॥

दोहा-जखमके ऊपर लावई, यह मलहम जो कोय ।
माछी नहिं संग्रह करैं, जलदी नीक सो होय ॥

चौ०-कुचिलि भेलाव गूद निम्बकोरी । आधपाव दोनों समघोरी ॥ आधासेर सर्षपको तेला । अग्नि में दवा तेहि मेला । भस्म होय तब लेउ उतारी । तेल भये रगरू बहुभारी ॥ काचीरार छटाक मँगावै । श्याम मिर्च दुइ तोला लावै ॥ दोनों पीसि महीन मिलाई। तब याको क्षतपर चुपराई ॥

मलहम कंठमालाका दूसरा नाम गंडमाला

दोहा-घींचनरी गरदनसकल, गिलटी बहु परि जायँ ॥
पाकै फूटै पीबबहि, कंठमाल रुज आय ॥
गंडमाल कोऊ कहैं, महाकठिन तेहि जान ॥
मेहनत दवा कराउ बहु, तब नीको पहिचान ॥
चौ०-दण्डीचरखीकीमँगवावै। सो पावकमें तप्तकरावै ॥
जेहिदिशिघुण्डीगोलदेखावै। तेहिदिशिमें गूथी दगवावै॥
जितनो गूथी देयँ दिखाई। तिनपर बुन्दा देते जाई ॥
सबगिलटी गूथी दगवावै। एको बाकी नहिं रहि जावै ॥
ता पाछै विधि और करीजै। गंडमाल रूक्ष तासोंछीजै ॥
दुमुहाँ सर्प मारि इक लावै। माटीके बरतन धरवावै ॥
खोदि जमीन गाडितेहिदीजै। चालिसदिनपीछेतेहिलीजै॥
धोयसाफकरि अस्थिनिकारै। ताको मालाकरि उर धारै॥
की कूकुरकी खोपरी लीजै। वृषके गरे बांधि तेहि दीजै॥

ये दोनों मलहम आदमियोंके वास्ते बहुत अच्छे हैं

चौ०-दवादार साबुन मँगवावै। आधपावकीतौल करावै॥
तीनि पाव सर्षपको तेला। एक छटांकमनुष्य कच मेला॥
अगिनि चढाय तेलको दीजै। तामें बार डारिसब दीजै ॥
जब कच भस्म होयँ सुनु भाई। तब साबुन तेलै मिलवाई॥
यह मलहम है नीक बखानौ। कंठमाल दुख हरत विधानौ॥
जो मानुषके यह रुज होई। ताको मलहम करु यह सोई ॥

रविदिनमारि छछूँदरिलीजै । सर्षपतेलजारि तेहिदीजै॥
सोमलहम रुजपर चुपरावै । नीकहोयबहुसुखउपजावै॥

अथ पनियारीरोगलक्षण

दोहा--मुख चौहैं नीचेनकी, खाली जहँ दर्शाय ।
ताहिमध्य सूजै अधिक, पनियारी सो आय॥
दाढीते ग्रीवा लगे, सूजि अधिक मुख जाय ।
चारा पानी नहिं करै, ताको करो उपाय ॥

चौ०--अजयाशीशकगूदमँगावै।पत्थरकाचूनामिलवावै
दोनों घेपि चुपरि नितदीजै । फूटिवहैकीबैठिकहीजै
तेहिपाछेमलहमचुपरावै । नीकहोयतनु सुख उपजावै ॥

अन्य

की तो लोहतप्तकरि दागै । याहूते रुज जलदी भागै॥

अथ वेलियारोगहलकके नीचे घूटीमें
गेंदप्रमाण गोल निकलता है ।

चौ०-घूँटीहलककेनीचेजानौ। घींचकेऊपरगोलबखानौ॥
गेन्दसमानरोगतेहिनिकरै।एकैतरफ कि दोनों बोरै ॥
याकोवेलियानामकहावै। दवाकियेतेसबमिटिजावै॥


दवा

नींबकी पाती लै उसवावै । देउ बफारा घार छोडावै ॥
फिरि पाती वह देउ बँधाई। नीक न होय तौ और उपाई

दागनेकी विधि

ताहि गंरेरि गोल दगवावै। सीधी बेडी लीककरावै॥

लीखौ दाग जेहि सुरतिकेरौ। वा विधि करौ नकछु अरुझेरौ॥



जो दागे नहीं नीक देखावै। तौ फिरि याकी दवा करावै॥
बासो पकै फोरि तेहि दीजे। पहियेही या लेप करीजै॥
कोराजीर मेथि अरु सोवा। तीनोंबीज पीसिकै पकवा॥
गुनगुन करि लेपै रुज ऊपर। बेलिया फूटि बहै यह दुखहर॥

अथ हाउनाम रोग दूसरा नाम घेघा

दोहा--हाऊ रुजको करत हैं, दूसराघेघा नाम।
ताके लक्षण परखिकै, दवा करौ अभिराम॥

चौ० मुशकिलसे यह नीको होई। महाकठिन तेहि जानो सोई॥ जौन तराइमें पशु रहैं। तिनको हाके होय सब कहैं॥ नदी किनारे घास मटीली॥ तेहिउ चरे रोम यहु खीली॥ थैली ऐसी लटकि जो आवै॥ हलकके नीचे सो देखरावै॥ तबहिं दस्त बहु पशुको आवै। दिनदिन दूबर होते जावै।

दवा

श्यामधतूरकी पाती लावै। और मकोय समूल मिलावै॥

काराजीरी मयदालकरी । जलमें पीसिनान्हिके धरी ॥
सकल दवा सम तप्तकरावै । घाउके ऊपर सो लिपवावै ॥

अन्य बफारा

नींब बकैना और सँभारू । तीनोंपात बराबरि डारू ॥
बरतनभरै अग्नि उसवावै । ताहि बफाराको करवावै ॥
जब सेराय तब यहै बधाई । पांच सात दिन करौ उपाई ॥

अन्य--लेप

अजवायन सिरकामें पीसै । गरम कराय होडपर परसै ॥
शामसुबहको यहै खवावै । एकछटांक प्रमाण बतावै ॥

अन्य--गोली

कुटकी श्याह मिर्चकोलीजै । आधपाव दोनोंकरिदीजै ॥
हींग अफीम देउ मिलवाई । दशदशमासे सो मगवाई ॥
बच्छनाग दश मासे लीजे । अरु वंडार सेरदुइ कीजे ॥
करुई तोंबी मदिरा लीजे । आध आध पावहिकरिदीजे ॥
सकलदवा बहु नान्हि पिसावै । मदिरामें गोलीबनवावै ॥
छायासे परमात करीजे । नितप्रति एक खानको दीजै ॥

अन्य--लेप

मूरीबीज कलमिया सोरा । जलसों पीसि गरमकरघोरा ॥
सज्जी जवाखार मँगवाई । सेंधा नमक ताहि मिलवाई ॥
आंबाहरदी पिपरी सरसों । बहुत महीनपीसियोकरसों ॥
सकलदवा समभाग करीजे । गरम कराय लेप करि दीजै ॥
ऊखफेर रसको चुपरावै । तासों माछी बहु लपटावै ॥
सूजन सकलचाटिसौलेहै । लीक होयपशु बहुसुखदेहै ॥

अन्य--दवा खानेकी

कुटकी काराजीरी सौंचर। टका टकाभरतीनों समकर॥
आठ दिनालौं देउ खवाई । मृत्यु न हो नीक देखाई॥

सूजनमिटानेका मसाला

घोड़वचचंपाचीत जवायनि।हरं नमक सैंधौसमलाइनि।
एक छटाँकवजन तेहि कीजै। सर्षपतेल सानिकै दीजै॥

अन्य--दागनेकी विधि

हुक्काकेरी चिलम मँगावै। पावक तप्तकाल करवावै॥
कूलेढिग चुतरिनपर कीजै।यकयक दाग ताहिके दीजै॥
सकलअंगजो सोथदेखावै। श्याममिर्चबहुताहिखवावै॥
मुण्डीकेर बफारा दीजै। सूजन नीक होय दुख छीजै॥

हैलुवानामरोगका लक्षण

दोहा--हैलुवा रुजको नाम है, देय महिष वृष सोग।
ताके लक्षण कहत हौं, जो समुझैं सब लोग॥
चौ०हलकते सूजन उतरै भाई। छाती लगै बढ़ति॥
सो जाई॥ अरु दुमतक याही विधि जानौ। ताकी
दवा करो बुधवानौ। जेहि कममतिकी रीति बखानैं।
ते यहि जहरबातकरि मानैं॥

दवा

सो सनकी जड अदरख लीजै। श्याममिर्चताहीमें दीजै॥
तीनौं दवा पीसि सम लावै।सांझ भोर वृषखानको पावै॥
काराजीर जवाइन गेरू। पीसि नीर कछु सिरका डारू॥
गरम कराय लेप करि दीजै। रामकृपा तेहि नीको लीजै॥

अन्य--बफारा

पत्थर तप्त बहुत करवावे । तेहि पर बकरी दूध डरावे ॥
की वाहीको मूत्र जराई । निकरे बाफ ताहि सेकवाई ॥

अन्य--मसाला

सोंठि पिपरी मिर्च मँगावे । वायविरंग चिरैता लावे ॥
जीरा श्वेत शतावरि गेरू । सोवाबीजसों काराजीरू॥
कुटकी ककरा शृंगी लावे ।लहसुन अरु वंडार मिलावे॥
सकलदवासमभाग पिसाई। चना के आटा मानि खवाई॥
आधपावकी वजन करीजै ।प्रातः वृषके मुख भरि दीजे॥
जीरा श्यामलीजियो हरदी। पाव पाव दोनों कर गरदी॥
श्याम मिर्चसेर आधक लीजै ।सकलछानिएकैमेंकीजे ॥
एक छटांक खवावे प्राता। नीक होय दीज्यो दिनसाता॥

आरजाकंठदुःख

दोहा—कंठदुःख यहि रोगको, नाम कहैं सब लोग ॥
ताके लक्षण परखिकै, दवा करौ यहि योग ॥

चौ०कानकि जरते सूजन जानौ । हलकगरे सोई पहिचानौ ॥ चारा खाय न जलसों नेहा । दिन दिन दूबरि होवे देहा ॥ पक्की ईंट गरम करवावै । तासों कईवेर सेंकवावे । जहँ सूजन होवै सुनु भाई । लोह तप्त करि गोल दगाई ॥
यही शकलको दाग देवावे।तासों नीक होय सुख पावे॥

अन्य

इन्द्रायनिकोफलएकलावै । भुलभुलाइकै ताहिपकावै ॥
यव आटासँग पिंड बनाई।मुख पसारि गलियायखवाई॥

अन्य

सोंठि मिरच अरु काराजीरी । तोले डेढडेढ करु फेरी॥
लहसुन आधपाव पिसवाई। आटामें करि पिंड खवाई ॥

अन्य लेप

गूँदा अँविलतासको लीजै। पात मकोय ताहिमें दीजै॥
नींबछालिमिलि मिट्टी पिसावै।गर्म कराकै लेप करावै ॥
कपराकी गादी बनवावै । तप्तनीरसे भिजै बँधावै ॥
बहुत दफा यकरोज करीजै।कंठदुःखरुजको हरिलीजै॥

हलकमें सूजन किस्म जहरवातकी होती है

दोहा वृषभ महिषके हलकमें, सोथ होय अधिकान॥
चारा पानी परिहरै, दुखित रहै तेहि प्रान ॥

चौ०--जहरबातकी दवा करीजै । तासों नीक होय सुख लीजै ॥ इंद्रायनजड़ कुटकी लावै । जीरा श्वेत अश्वेत मँगावै ॥ इंदरयव मीठे मँगवाई । तामैं हरदी देउ मिलाई ॥ तोला तीनि तीनि यह लीजै । ता पाछे विधि और करीजै ॥ लेउ मस्तमीरूगी भाई । वंश-लोचनै ताहि मिलाई ॥ टका टकाभरि दोनों लावै ॥ सोंठि मिर्च यकपाव मिलावै ॥ पीसि कूटि कपरा छनवाई ॥ थोरा थोरा प्रात खवाई ॥

दवा खरिष्टखुजलीकी । खुजली दुईतरहकी होती है
एक तर, दूसरी खुश्क

सवैया-वृष जौन देवाल औ वृक्षनमें रगरा करै देइसोइ डुबराई। रसको सिरसा मदिरासम मेलि लगै तेहि अंग महासुख पाई॥ दिन पांच औ सातलौं याहि विधानसौं देउ दवाई यही मनभाई॥ मतिवान कहै खुसकी खुजली नहिं नेको रहै जरमूलते जाई ॥ १ ॥नैनियगन्धक लै दुइ भाग औ पारासों एकही भाग मिलाई ॥ कटुकैसों बदामकी गूदी त्रिभागसों औषध डारू महीन पिसाई॥ गोघृतमाँहि मिलै सबको वृषके सगरे सोइ देह मिलाई॥ है निह चै नर है खुजली तनको करु वेग दवा सुखपाई॥ १॥

अन्य

सोरठा-सुभग लेउ हरतार, साँभरि लौनै सम तहाँ।
पीसि सो घृतमें डार, देहीमें मरदन करौ ॥
दिनातिनि अरुचारि, मालिसकरि घामें बँधौ।
यहनिश्चयचितधारि, खुश्कजायखुजलीसकल॥

तरखुजलीके लक्षण वा दवा

सोरठा-खाल फाटि तनुजाय, जगह जगह पानी बहै ।
यह लक्षण चितलाय, जानौ तरखुजली हवै॥ १॥
साबुन देशीराय, सेन्दुर तीनों भाग सम ।
रससिरकामें पिसाय, वृषभ देहमें सो मलै ॥२॥

अन्य

पारा एकै भाग, और फटकरी भाग द्वै ।
अर्क कष्ट धरि आगि, भस्म तीनि भागै मिलै ॥३॥
रससिरकामें पिसाय गोघृत इकइस बेरध्वै ॥
वाही दवा मिलाय, वृषदेही मालिस करौ ॥ ४ ॥

अन्य

साबुन नमक पिसाय, वाही विधि धोवै घृतै ।
वृषके तनु मलवाय, तरखुजली जाती रहै ॥ ५ ॥

दोनों किस्मकी खुजलीकी दवा

सोरठा—हरित जो पीपरपात, जल मिलायकै पीसिये ।
कटुकतेल मिलवाय, वृषके तनु मरदन करौ॥१॥
की तौ अग्नि जराय, वहै भस्म कटुतेल संग ।
सकल शरीर मलाय, युग खुजली जातीरहै॥२॥
चारी घरीके वाद अन्हवावै मलि मलि सकल।
आठ रोज परमान, नीक न होय तौ और विधि॥३॥

अन्य

साँभरिनमक छटाँक, साबुन दोनों तासुको ।
पानीमें पिसवाय, वृषतनुमें मालिस करै ॥ ४ ॥

अन्य

दोहा—दधि वारूद मिलायकै, वृषके तनु मलवाय ।
तरखुसकी खुजली दुवो, सात रोजमें जाय॥१॥

उर्ददालि लै पाव यक पानी सांझ भिजाय ॥
मिर्चा अरुण छटांक भरि, बहुत महीन पिसाय ॥२॥
प्रातसमय मालिस करौ, वृषभ अङ्गमें जाय ॥
खुसकी तर खुजली दुवो, गेरहे दिवस नशाय ॥
हुक्कनको पानी मलौ; पन्द्रह दिन नितप्रात ॥
कि तौ तमाखू भिजैकै, मालिस करु तनु तात ॥४॥

अथ गजचर्म, दूसरा नाम चर्मदलकुष्ठरोग है ।

दोहा–रोग कठिन गजचर्म है, जा वृषके तनुमाहिं ॥
गजकी ऐसी खाल है, अति खादर कहि ताहिं ॥
पहिले थोरी देहमें, फैलि सकल तनुजाय ॥
मछरीके सिफनानसम, खजहर लखौ बनाय ॥

चौ०–नेक पसीना तन नहिं आवै । कुष्ठरोग यह दोष कहावै ॥ याकी दवा करौ मनलाई । रोग दूर होवै सुखपाई ॥ कच्छूराक्षस तेल लगावै । तासों रुज यह नीक दिखावै ॥ अरु मिरचादिनाम यक तेला तेहिके मले रोग पर हेला ॥

अन्य लेपन

आंबकि फाँकी सूखि पिसावै थोरा सेन्धौ नमक मिलावै ॥ तांबेके बरतनमें धरिकै । रगरो ताहि देर बहु करिकै ॥ पानी डारि डारि पिसवावै । सकल अंगमें देउ मलावै ॥ एकमास या विधि करवावै । त्वचा रोग यह खोय बहावै ॥

चौ०-अँवरा सूखलेउ मँगवाई।जलमें पीसि देउ चुपराई॥
बहुत रोजलग या विधि कीजै।रोगजाय तनुको सुखदीजै॥

अन्य

चौ०-जडकैथा अरुनींबि बकैना। छाली छीलि तिहूँकी लैना॥ गदहपुरनवाकी जड़ लीजै। बीजपवार ताहिमें दीजै॥ हरदीदारु हरद पदुमाषा। करवाकूट कहौ तेहि भाषा। जटामासि अरुवायभिरंगा।सेंदुर चंदन अरुण को अङ्गा॥ सकल दवा समभाग पिसाई। सर्षपतेल लै छगुण मँगाई॥ दवा पीसि पानी घोरवावै। तेल मिलाय अगिनि चुरवावै॥ जब जल जरै दवा पकि जाई। पथराभे तेहि रगरि मिलाई॥ तेल चरमदलपर मलवावै। एकमास परमान बतावै॥

अन्य

चौ०-श्यामा मिरच मैनशिल लीजै। हरदीदारु हरद कहि दीजै॥ कनयर श्वेत अर्कजड लीजै। छाल छिलि बाकी धरि दीजै॥ अरु हरताल ताबकी लावै। करुवा कूटै ताहि मिलावै॥ जडइन्द्रायन चन्दन अरुना। सकल लेउ सम मिही पिसौना॥ गाय कलोरि होय अनब्यानी। वाके मूत्रमें दवाको सानी॥ गो गोबररस लेउ निचोई। चौथाई सब दवाको होई॥ दवाके षटगुण सर्षपतेला। ताहि मध्य पचवै सबमेला॥ बरतनमें तेहि छानि धरावो। रुजके ऊपर नित्य लगावो॥

अथ खौरारोगलक्षण

दोहा-खौरा रुज वृषके प्रगट, चट्टा सकल शरीर ।
सकल बतासाकी हुवैं, कछु खजुली ह्वै पीर ॥
चौ०-खाल बहुत फूहर ह्वै जाई । श्याम वृषभको बहु दुखदाई ॥ केतनो जो बरदासि करीजै । दिन दिन दूबर ह्वै तनु छीजै ॥ कछुक दिनामें खाल उधीलै ॥ याकी दवाकरौ मतिढीलै ।
दोहा--वृषभदाँत मुसकुरनके, ताके बीच बखानि ।
चना दालि सम होति इक, गूँथीरुज जरजानि॥
चौ०--ताको नखभेनोचिबहावै।ऊपर हरदीपीसिमलावै॥
कोई चरखी दंडीभेदागै । खौरारुज तनुतेसबभागै॥
तेल महामिरचादिबनावै।ताकोसकल अंगमलवावै॥
कच्छूराक्षस है एक तेला।ताहि लगाये रुजपरहेला
कच्छूराक्षस तेलका नाम, त्वचाके सर्वरोगनाशन ।
दोहा-कच्छूराक्षस तेल यह, वरणौ गुण तेहि अंग ।
त्वचा रोग जेतने हवैं, लेप कियेते भंग ।
चौ०-भावप्रकाश ग्रंथ यक नामा।ताको मइ यह कहौं ललामा॥ सोंठिपषाणभेद अरु पियरी। कंजकिगूदी जर करियरी॥ कूठदतूनिकी छाली लीजै। चीतकि लकरी तामें दीजै॥ गन्धक अरु हरताल मिलावै। और कसीस मयनशिल लावै ॥ सैधौलोन श्वेत मँगवावै । नीबपात तामें डरवावै ॥ लेउ कटैयाजडकी छोली । जाके बीज श्याम जनु गोली ॥ वीजपवाँरके वायभिरंगा । यतनी

दवा करौ एक संगा॥ धेला धेलाभरि सब लीजै। आगे वचन और कहि दीजै ॥ सेहुँड अर्कदूधको लावै। टका टका भरि ताहि मिलावै ॥ अरु गोमूत्र सेर दुइ लीजै। सर्षपतेल सेर यक दीजै॥ जुदी जुदी मिलि नीर पिसावै। कल्क बनाय तेल पचवावै ॥ यक यक दवा देउ पकवाई। पाछेको गोमूत्र पचाई ॥ शुद्ध भये तब राखु धराई। मानुषत्वचा रोग लगवाई ॥ अरुपशुके तनुमें लगवावै। सकल कुष्ठरुज खोय बहावै।

तैल नाम महामरिचाद्य

चौ०-है यह तेल महामरिचादी। ताके गुण सब कहि विधसाधी ॥ वृषभ अश्व गजवाई पकरै। मले तेल तनुको रुच बिगरै॥ और कुष्ठ फुरिया त्वचरोगा ॥ तेल लगाये तेहि सुख भोगा ॥ मिरच निसोत कूठ हरतारू। वायभिरंग खदिर बच डारू॥ बीज पवाँर ककूँदनि लीजै। गो गोबररस गुरच भनीजै ॥ बकुची दारुहरद औ हरदी। चन्दन लाल करौ बहुगरदी॥ सेहुँड़ा अर्क दूध मँगवावै। अरु दतूनिकी छाली लावै॥ इन्द्रायन करियारीकी जर। कजकी गूदी चीतकोलैधर ॥ कनयरजड़की छालि मँगावै। नागरमोथा ताहि मिलावै॥ छालिनींब कुठ सिरसा लीजै। हेमदारु मयनाशिल दीजै॥ सतउजछालीको लै आवै। जटामासि तेहिमें मिलवावै॥ रोहिसनाम एक है घासा। कछुक नीक तामें है वासा॥ काटकाभरि सब पिसवावै। पानी डारि कल्क बनवावै॥

टकादोइभि जहरसिंगिया।लेउ पिसाय ताहि धरि दिया॥
चौसठिटका तेल सर्षपका।तामें दवा पकाव सो नीका॥
दोहा-दुइसै छप्पन टकाभरि, ले गोमूत्र सुजान।
पीछेको तेहि पचैके, रुजपर करो विधान॥

अथ परिहुल रोगके लक्षण वा दवा

दोहा-दांत ओठके बीचमहँ मुछुकुर, सूजे होय।
परिहुलनामक रोग सोइ, जानिलेउ सब कोय॥
चौ०-सोई पशुको बहु दुख देई। चारा दाना खान न देई॥ ताकी दवा लिखौं चितलाई। जातै पशुको दुख मिटि जाई॥ मेथी साभरि लोन मँगाई। अरसी समकरि लेउ मिलाई॥ पीसी वरमपर मालिस करई। देइ लगाय दुःख सब हरई॥
दोहा-जो यह वरम गदूदकी, तरह देखाई देय।
तौ नस्तरलै युगुतिसे काटि दवा यह देय॥
चौ०इरदीसांभरिलोनमँगाई। छिडिकिताहिपरदेइ लगाई
दोहा-सोंठि पान अरु मिरचले, समकरि देइ मिलाय॥
पीसि तीनि दिन दीजिये, परिहुल रुज मिटजाय॥

अथ चुप्पारोगलक्षण वा दवा

चौ०-दूनहुं ओठनके तर ऊपर। होत हैं वार जौन तिनके तर॥ खालके मध्य मांस बढि आवै। चुप्पा-नाम सो रोग कहावै॥ शकल गदूदकेरि असि होवै। चारा खात बहुत दुख देवै॥

दवा

दोहा-नस्तरभे तेहि चीरिकै, डारु गदूद निकारि ।
ता पीछे यह दवा करु, लिखि जो हम निरधारि॥

चौ०-हरदी अरु कोइलासम लाई । नींबकी छाली लेउ मिलाई ॥ पीसि महीन घाउमें भरिये । चुप्पारोग पशुनको टरिये ॥ अथवा हरदी नमक मिलाई । मलते चुप्पारुज नशि जाई ॥

पिंगरोग दांतनका

दोहा-पिंगरोग पहिचानियो, दशन गिरैं यकबार ।
दाना चारा खात दुख, वृषभ दोषको सार ॥

अथ तारूरोगके लक्षण वा दवा

दोहा-रदनमूलते प्रगट ह्वै, तारूलग जा फूलि ।
कबहुँ कोई वृषभके, छाला परै समूलि ॥

चौ०-कछुदिन चारापरिहरै। दूबर होय बहुतदुखभरै ॥
सोवा बीज जवायति लावै।दुइदुइ तोला तेहिचुरवावै ॥
सीरोकरि मलितेहि छनवाई।केहूविधि वृष देइ पियाई॥
सूजनपर नस्तर लगवावै।चरिउचरखकिफस्तखोलावै॥

अथ अनछरारोगलक्षण वा दवा

चौ०-जो पशुकी जबानकेऊपर।दानाछोटनोकीलेदुखकर
सोरुजनाम अनछरा जानो।ताकी दवा करो बुधिवानो॥
खानेकी बहु इच्छा करई। दाने गड़े खात नहिं बनई ॥
दवा-प्रथमबांसकीपरच मँगाई।तासे दाना देइ छोलाई॥

दोहा-काराजीरी मिरच लै आंबाहरद मिलाउ ।
पीसि बराबरि ताहि पर, बारहिबार लगाउ ॥
चौ०दूसरिदवासुनौ चितलाई।प्रथमहिधवकेफूलमँगाई॥
दोहा-तिनकहँ जलमें भिजै पुनि, सेंधौं रसवत लेइ ॥
सोराकलमी सम करै, फेन समुन्दर देइ ॥
चौ०-मलै अनछरारुजपरजोई सत्य कहौंनीको पशु होई॥
दोहा-धोंकी जड़ अरु फूल त्वच, पाती लेइ मँगाइ॥
पानीमें औटाय जब,आधा जल रहि जाइ ॥
चौ०-वहजलदांतपरलगवावै।रोगअनछरासोमिटिजावै।

मेझुकीनाम रोग जीभपर होता है

फारसीमें अलाई नाम है

दोहा-वृषभ महिषि पशु और जे, रसनामध्य जोहोय॥
ऊपरकी दिशि सोथ है, मेझुकी जानौ सोय ॥
चौ०-चाराखाइनजलसोंनेहा। नितप्रतिदूबरिहोवै देहा
घास खातिपर घुरघुरकरै।यहि लक्षण मेझुगीके धरै

दवा

बरजतिया एक सर्प कहावै॥ताहि निकाय सुखै धरवावै॥
तोलाभरि तेहि लेउ पिसाई।हरदी एक छटांक मिलाई॥
चरिपांचदिनपशुकोदीजै।मेझुकी नीक होय सुखलीजै॥

अन्य

मेलाबगुली एक मँगावै। पंख उखारिके मांस खवावै॥


वाके अस्थि पीसि रुजच्चुपरे। जहँ मेझुकीको ठांउ निहारे

अन्य

मेझुकीले तीनि दिन दीजै। याहूते रुज नीको लीजै ॥

मेझुकी दागनेकी विधि

रविदिन तेलपरी लोहेकी। गरम कराय छुवावौ मेझुकी॥
की कपासकी लकरी लीजै।तप्त कराय वाहि विधि दीजै ॥
सात वार तेहि देउ छुवाई। मेझुकी नीक होय सुखपाई॥
बुधजनदागैको नहिं भाखै। गिरा बहुत कोमलता राखै॥
दागेते जो वृष मरिजाई। हत्या दोषमनुज सो पाई॥
और दाग यकठौर विचारी।अजमावा है बहु विधि भारी॥
तीनि दाग घूटीके ऊपर। की ठाढेकी बेडे तेहिपर ॥
हलुक हलुक सो देउ दगाई। नीक होय मेझुकी सुखपाई ॥



एकदाग बांयेपग पिछले। जौन सकलको है यहखुले ॥
भितरीदिशि बदखुरी समूहै। दागे नीक होय रुज बहै॥

बहतारोगनाम लक्षण

चौ० सूजजीभअधिकमुखमाही।बहैलारदुखबहुतदेखाहीं
अरु नेत्रनते पानी बहै। बहता रोग ताहिते कहै॥
ताहि उपाय यतनते करै। जासों वृष मुख दूषण हरै॥
दोहा—जीभके नीचे चारि रग, चारौ फस्त खोलाउ ॥
नीक होय वृष महिष सो, याको यहै उपाउ ॥

सूतबामरोगका यही रोगकी तरह कीबका नाम सूत खोलना

दोहा–महिषी महिषा गो वृषभ, सूतरोग मुखमाहिं।
छिद्र होयँ तारू विषे, महाकठिन कहि ताहि ॥

लक्षण परखनेका

चौ०-आँसूबहैभूँखनहिंलागै। दिनदिनदूबरसबसुखभागै
जलके पीने जीव डेराई। छिद्रन परे पीर सरसाई
वाहीपीर नेत्रजलढरकै। मारे डरकै जलनहिंचभकै
मुख पसारिकैदेखौजाई। विवरसाफआँखिनदेखराई

दवा

सिरकीसींकनींबकेसिकवा। इन्हैलायतेहिछिद्र घुसेरवा
अधिक रहै सो डारु तोराई छिद्र बराबरिसो रखवाई
ऐसी जतन सींक डरवावै। आँखिन लगे जो नहिं पहुँचावै
जो आंखिनढिग सिरकी जाई। तो अंधा वृष होइ बनाई
जेहि माफिकको छेद देखावै। तेहिसमान सिरकीचलवावै
जसजस सींकविवरमें गलिहै। तसतसजखमनीकह्वैजैहै॥
यहि सम औ उपाय न जानौ। नीकहोयसंशयनहिंमानौ

अथ आरजामुखबन्द

दोहा–दोनो दिशि मुखपर लखौ, कछा बहुत कठोर।
रदनपैठ मालुम परै, गिरै फेन अति जोर॥
चौ०-मुखनहिखोलैनाकछुखाई। पटकापेटमनहुँ दिखराई
सर्षपतेल नारिभरि प्यावैं। छल्लनपर तेहि तप्त मलावै

रंडपात गोगोबर लावै । पीसि महीन गरम करवावै॥
कल्लन ऊपर लेप कराई । नीक होय वृष बहु सुखपाई॥

अन्य

जो नहिरुज नीको देखरावै।सूजन कल्लनकी दगवावै॥
जौन सकल हम लिखी बनाई। लोहतप्तकरि तैल दगाई

अथ वृषभके मुखमें कांटे होजाते हैं

दूसर नाम अवाल

दोहा–वृष मुख भीतर रोग है नाम अवाल बखानि ।
दूसर कांटा कहत हैं, गलफरमें पहिचानि ॥
चौ०चिपचिपकरिचारानहिंखाई। दिनदिनपशूजाइदुब-
राई।गलफरमें कांटाजो होई। बढ़ै बहुत पशुको दुख देई ॥
रविदिन भौमवार जब आवै । तब चमारते कांटकटावै
हरदी नमक पीसि चुपराई।तीनि दिनालग यहै खवाई

अथ घुमनारोग लक्षण व दवा

दोहा–घुमनारूज घूमै वृषभ, घूमि घूमि रहिजाय ।
चारा पानी परिहरै, कछु दिनमें मरिजाय ॥
चौ० गोपय सेर सवाइकलावै।हरदी एक छटांक पिसावै
साँझभोरदिनसातपियाई।एकखुराकलिखतहौंभाई॥

अन्य

कौनौ जगह देह जो सूजै।जानेउ रूज ताही मगभूजै॥
देउ दागि तेहिठौर तताई । राम कृपा तनु नीकदेखाई॥

अन्य

घुमनारोगझारनेका मन्त्र-सावर

समुद्रकिनारे अखैवर कविरवा तेहिके तरे बड़ीबड़ा, बड़ीबड़ा का करै । छत्तीस रोग हरै ॥ कौन कौन रोग। घुमनहाई व्याधि ॥ छलक हाई व्याधि । काटि कूटि समुद्रतीर बहावो ॥ समुद्रतीर हंसा । हंसा का करै ॥ डंक पसारै विष झरै । निरमंगा चंगा करै खादाय ॥ आनि केहि कै छत्तीस कोटि देवता की आनि केहिके॥ छत्तिस कोटि ऋषिया। वाचा उलटै भय नेका खप्पर॥ खाय ॥ वाचा उलटै बियानि मेहरिया का खप्पर खाय॥ वाचा उलटै धोबी के नांद चमार के कूँडा नहाय ॥ गुरुगोविन्द गुरु होइ । गुरुमार हत्या ॥ जो बगल मार है । तो फुरोवाचा ॥ आदेश गुरुकी ।

विधि

चौ० एक हाथमें जलको भरिके। इकइसबेर मंत्र पढ़िफूंके॥
वहे नीर वृष छिरकनकीजे ।बाकी रहै पियनको दीजे ॥
सांझ भोर दिनतीन प्रमाना।और दवाको करो विधाना॥

उदरफूलेके लक्षण वा दवा

दोहा-फूलै उदर जो वृष महिष, पांच विधिहिते जान ।
ताके लक्षण कहत हौं, भिन्न भिन्न पहिचान ॥

चौ०शरदकाल जाड़नमें जानो।जादा मेहनति परे बखानो
धूपकाल गरमिन में कहिये ।दौरे बहुत सो गरमी लहिये ।
तीसरि विधि बदहजमी होई।चौथे पागुरिमूलते सोई ॥
पंचमविधि यहरोग बखानो। हवा बंद तेहि उदर फुलानो ॥

दवा

शरदी बदहजमीते फूलै। ताकी औषधि करौ उतहिले ॥
कुटकी लहसुनकारी जीरी।पिण्ड बनाय देउ मुखधारी॥
पागुरिभूले जो वृष फूलै । नींबलगाम देउ मुख खोलै ॥
वायु बंद फूलो देखरावै ।ताकी दवा जो यह मन भावै ॥
हुक्कनको मँगवाओ पानी । तामें डारु तमाखू थुकनी ॥
मलिकै छानि नीरसो लीजै।नारि भराय वृषभ मुखदीजै॥
गरमिनमें दौराये फूले । ताकी दवा करे मति भूले ॥
हरियरि मेंहदीपात उस्यावै। वहे नीर वृषके मुख नावै ॥
जो गरमीते उदर फुलाई । ताकी दवा सुनो मनलाई ॥
जीरा श्वेत सौंफ मँगवाई। धनिया मलै ताहि पिसवाई॥
जौ आटा सँग खानको दीजै ।पटकै वृषभ उदर जस लीजै॥

कटकवायुके लक्षण

दोहा–कटक वायु लक्षण सुनो, फूलि पेट बहु जाय ।
हाथ पांव रगरै धरणि, वाकी दवा कराय ॥
चौ०–दूसरनाम कुलिंज कहावै।हवा बंद तेहिते दुख पावै॥
इन्द्रायनफलडेढ़ छटांका।ताहि कुचिलि जलमें करुपाका
जबसेराय मलि छानि पियावै।फूलौ उदर नीक होइ जावै

गुदामें बाती चलानेकी विधि

चौ०-इंद्रायनफल गूद मँगावै।साबुनसमजलमेंपिसवावै।
कपराचुपरिबातिबनवाई । गुदा मध्य तेहि देउ दबाई ॥

अन्य

रैंडीतेल पाव इक लावै। एक सेर गो दूध मिलावै ॥
गरम करायके देउ पियाई। वायु बंद खुलिहै सुखपाई ॥

अन्य

घृत अरुदूध गायको लावै। गरमकराय ताहि मुखनावै॥

अन्य

खारीनमक छटाँक पिसाई ।एकपावगुड ताहि मिलाई॥
जलमें औटि वृषभको दीजै। पटकैउदरनीकतेहि लीजै॥

अन्य

लहसुन काली मिरच पिलाई।एकपाव जलमें पिसवाई ॥
चनाके आटामें सनवाई। पिंड बनाय के देउ खवाई ॥

सब तरहके पेटफूलेकी दवा

दोहा-फूलै वृषको उदर जो, काहू विधि पहिचानि ।
ताकी दवा कराउ बहु, जासों होय न हानि ॥
चौ०-चारापागुरिनहिंवृषकरै।बहुतैदुखधीरजनहिंधरै॥
रंडके घमिराके लै फूला। सर्षपतैल पाव इकतौला ॥
फूलपीसि तेलौ मिलवाई। नारि भराई वृषभमुखनाई॥

अरुण वर्णके चींटा होई। माटी खोदि जमांकर सोई॥
तेहि माटीको लेउ मँगाई। आध पाव तेहि लेतौलाई॥
पानी घोरि पकाय पियावै। जलदी वायु खुलै सुखपावै॥

अन्य

अर्कफूल तोला दुइ लावै। गीले सूखे जों कछु पावै॥
फूल नहीं जो मिलैं सुजाना। तो मुँह मूँदे पात विधाना॥
सर्षपतेल पावइक लीजे। फूल पीसि पानीसँग दीजे॥
तेल भराय नारिमें भाई। ऊपर फूल धराय पियाई॥
एक घरीमें नीक देखाई। वायु खुलै बहु सुख उपजाई॥

अन्य

दोहा-दाना चारा खायकै, जो कोउ मेहनति लेई।
तासों पागुरि बंद है, पेट फूलि है तेइ॥
चौ०-सर्षपतेल पावइक लावै। खारीनमक छटाक मिलावै
नारिभरायके देउ पियाई। फूलाउदरनीक ह्वै जाई॥

अन्य

फूलै उदर बहुत दौराये। ताकी दवा करौ मन लाये॥
सर्षपतेल नाकभे प्यावै। तुरत नीक होवै सुख पावै॥

पेट फूले तो मन्त्र साबर झारनेका

दोहा-गंग यमुन के बीचमें चर इक फुलवा गाय।
चवाचढिइहनुमन्तपुकारै, यहफुलवा झरि जाय॥
दोहाई गौरा पार्वती की, दोहाई महादेवकी फुरो
मन्त्र ईश्वरोवाच।

मन्त्रविधि

दोहा-गाँडरको खरु लीजिये, कितौ पतावरि होय ।
तासे झारै मन्त्र पढ़ि, वृष फूले तेहि होय ॥

अन्यदवा-फूले वृषभकी

चौ०-धायफल गाँजा पिसवाई, दुधियाकत्थादेउमिलाई।
डेढपाव तीनों सम करिये, आधसेर गुलकंदै धरिये ॥
पीसिकूटिबरतनधरवावै, आधपाउ नित प्रात खवावै ।

अन्य

अड़ अँजीरकि बकली लावै।हरियर मेहँदीपात मिलावै।
श्याम मिर्च समलेउ पिसाई। रससिरकामें उदर लिपाई॥

अन्य

आकस्मात पेट जो फूलै । ताकी दवा करौ मति भूलै
सर्षप एक छटाँग मँगाई । दोनों श्रवणमें भरवाई ॥
फिर हुक्काको पानी भरिये ।पटकै पेट पेशाब खुलैये॥

अथ-शूलरोगलक्षण व दवा

दोहा-शूल रोग लक्षण कहौं, जेहिते रुज पहिचानि ।
दवा किये ते पशुनकी, होत दुःखकी हानि ॥
होत शूल बहुदुःख करै, इत उत करवट लेत ।
गोबर में दुर्गंध बहु, चारा पर नहिं देत ॥
चौ०-बार बार उठिलौटै देखै। ताके उदर शूल अवरेखै
दवा-कञ्जाकी गूदी पिसवावै। मन्दआँच सूखीकल्हरावै
जीरा श्याम श्वेत दोउ लीजै। सोचरनोन सबै समकीजै॥

कूटि छानिकै पशुकहँ देई । शूलजनित सब दुख हरलेई ॥

अन्य

दोहा– कञ्जा केरे गूद सम, सूखि तमाखू डारि ।
आटामें जो दीजिये, उदरशूल देइ टारि ॥

अन्य

दोहा–सोंठि टकाभरि आनिकै, दोनों गुड़ में सानि ।
हींग चारि मासे मिले, गोली करु सुखदानि ॥
चौ०–दिनमहँ कहउ बेर जो देई। उदरशूलकोडारैखोई॥
पीने केरि तमाकू लाई । गुड पुरानदै लेउ चुराई ॥
नारि भराय वृषभ को दीजै। उदरशूल वाकी हरि लीजै

हर किस्मकी शूल वा बदहजमीकी दवा

चौ-इन्द्रायनिकीजडकोलीजै। तामहँअजवाइनिजड़दीजै
वायभिरंग बीज ढाँखेके । भटकटाय अरु सैंधौ लैके
यह सब टकाटका परमाना। आधपाव गुडलेउ पुराना॥
निर्गुंडी दुइतोला लावै । हरदी आध छटाँक मिलावै ॥
अजवायनि अरुहर मँगाई। तोला पाँच-पाँच तौलाई॥
तोला एक हींग भुनवाई । पीसि कूटिकै लेउ छनाई ॥
दोहा–शाम सबेरे तीन, पशुहि खवावै जोय ।
बदहजमी अरु शूलको, देवै जरते खोय ॥

अन्य

दोहा–लाय तमाकू पिवनकी, हुक्काके जल घोरि ।
देय नारिभरि पशुनको शूलरोग देइ तोरि ॥

अन्य

एरंडतेल पियावई गरमें जलमों डारि ।
पेटकि सूलन कब्जियत, शूलहि देवै टारि ॥
गऊदूधमें घृत मिलै गुन गुन देव पियाय ।
तेहि पशुकेरे उदरकी, शूल समूल नशाय ॥
पीपरिकेरी छालले, आधपाव परमान ।
बकलि यरंडामूलकी, एक छटांक सो आन ॥
चौ०-भटकटाइलीजैसहमूला। तितिलीकीपातीइकतोला
दोहा-पानीमें औटायकै, गुन गुन पशुको देय ।
शूल जाय सब दुख मिटै, छिनमें नीको लेय ॥
अजवायनि कालीमिरच, टका टका भरि लेय ॥
इकछटांक गुड डारिकै, तुरतहि पशुको देय ॥
चौ०शूलरोगकीनाशनहारी। पशुनयोग्यबहुतै हितकारी

शूल जो बहुत दिन होय तिससे पेटमें सूजन आवै तेहिकी दवा

दोहा-बहुत दिवसकी शूलकी, दवाकरौ यह सोय ।
तो सूजन अरुशूलकी, दवाकरौ यह सोय ॥
चौ०-केवैया समूल लै आवै। आधपावकरिताहितुलावै
लहसुन हर्र लेउ मँगवाई। तोलातीनितीनितौलाई ॥
हरदी एक छटांकप्रमाना। आधपावगुड लेइ पुराना॥
दोहा-पीसि सकल गुड सानिकै, पशु कहँ देइ खवाय।
उदरशोथ अरु शूलकहँ, छिनमें देइ बहाय ॥

ताजो महिषीकेर लै, गोबर गरम कराय ।
लेप कियेते उदरकी, सूजन देइ मिटाय ॥

अन्य

चौ०-पातसँभारूकेरमँगाई। देतबफारादुख मिटिजाई ।

अथ करसारोगलक्षण

दोहा-करसारुज पहिचानियो महिषवृषभके होय ।
ताके अब लक्षण कहौं, गुण निदानयुत सोय ॥
चौ०फूलेउदरवृषभकोभाई।छुलकिछुलकिमूतै दुखपाई॥
गोलीलेंडी बहुत कठोरा । थोरा हगे चिन्हयहि केरा ॥
मूतै हगै न दिन दुइ चारी । फूला रहै न करै अहारी ॥
ताहि जानियो करसा मारा । दवा देउ तेहि करो विचारा
दीन्हे दवा पेशाब लगाई। गोबरके रस समान हगाई ॥

दवा

आँबकि फाँकीसूखि मँगावै। पाव एक ताको तौलावै ॥
माटीके बरतन उसनावै । वाही जलमें बहुत मिलावै ॥
फाँकी मले खोज जो निकरै । ताको फेंकिदेउ जलधारै॥
आधसेर घृत देउ मिलाई ।नारि भराइकै देउ पिलाई ॥
याहू किये न नीको देखै । और दवा तेहि देउ विशेखै॥

अन्य

हरदी सोंठि लेउ मँगवाई । आधपाव दोनों पिसवाई ॥
दूध सेर दुइमें पकवावै । नारि भराय वृषभमुख नावै ॥

अन्य

पीपरपर नींबीके पाता। आधसेर लीजो तेहि प्राता॥
एक छटांकपुरानि मिठाई।पीसि नारिभरि देउ पियाई॥

अन्य

हरदी साँभरि नमक मँगवै।श्याममिरच तामें मिलवावै॥
तीनि छटांक दवासम लीजै।बहुत महीन पीसि करि दीजै
सर्षपतेल पाव इक लावै सकल मिलाय नारिभरि प्यावै
एकै दिनकी यह परिमाना।पाँच सात दिन करौ विधाना
करसारोग नीक ह्वैजाई। दवाप्रमाणिक वृष रुज जाई ॥

गरदनकी नस वा पट्ठा चढि जाय ताके

लक्षण व दवा

दोहा–गर्दनको पट्ठा चढै, अरु नस चढै हमेश ।
ऐसी वैसी नहिं लखै, दवा करौ यह वेश ।
चौ॰अकडाठाढरहैनहिंडोलै।चाराकोमुखतनकनखोलै॥
बाँबीनई दिमककीमाटी। भेंडकिलेंडी लै समबाँटी
गऊ कलोरि नईकोमूता।मिलैपकाय मलाउ बहूता॥

अन्य

गेरू साबुन समकरि लीजै।सर्षपतेल पकवन कीजै ॥
चारि पाँचदिन मालिस करै।पट्टा नशै खुलै दुखहरै॥

अथ नमका रोग लक्षण


दोहा–नमका रुजको नाम है, दूसर चिकना जान ।
याकै लक्षण परखिकै, कीजो दवा विधान ॥

चौ-घींचवृषभकीबहुतनिजाई।कौनेउदिशिनहिंझुकैझुकाई
अतिकठोर है पशु दुख पावै।याकी दवा करो मन भावै॥
दोहा-पूँछके नीचे गुदाढिग, तेहि रगको पहिचान ।
बाकी फस्त खोलाइके, नीक होय जियजान ॥
चौ०-तेहि पाछे यह दवा करावै।सर्षपतैलनाकमगप्यावै

अन्य

गुडमीठा इकसेर खवावै।नितप्रति आठ रोज लग पावैं॥
"इस रोगमें दागदेना वाजिब है दागनेकी विधि"
दोहा-गर्दनमें इक दीजिये, गोल गरेरि दगाय ।
हँसुली सूताकी तरह, जनु दीन्हो पहिराय ॥
रीर गूरियाके निकट, अंगुल चारि प्रमान ।
काँधेते अरु पूँछलग, दागौ ताहिसुजान ॥
चौ०-दोनोंतरफ.देउदुइलीका।तेहिपाछेकरुऔरतरीका॥
यहि बेंडी दुइलीकैं कही।दुइठाढी करुतामें सही॥

दागकी शकल



दुम उठाय इक दाग दिवावै।नीचेतरफ विधान करावै॥
पीछे सर्षपतेल पियाई । गरदनमें याही मलवाई ॥

अन्य

रीरके ऊपर फस्त खोलावै। ता पीछे फिरि तेल पियावै॥

अर्धंगरोग-लकवाके माफिक होता है


दोहा—भाषों रुज अर्धंगको, लक्षण कहौं निदानि ।
है असाध्य तेहि जानियो, पशुको करिहै हानि॥

चौ०-वातव्याधि जानो तेहि भाई। लकवाके माफिक ठहराई॥ दोनों कान सीध ह्वै जावै। लकरीसम कठोर देखरावै॥ सकल शरीर जूड ह्वै जाई। चारों चरण लच्यो नहिं जाई॥ बैठत उठत न तेहि बनिआवै। याकी दवा करौ मनभावै॥ काला विषधर एक मँगाई। माटीके घटमें धरवाई॥ तामें चना देउ भरवाई। सेर अढ़ै यक करि तौलाई॥ पक्की तौल तोलि तेहि लीजै। गोबर पूरमध्य धरि दीजै॥ एक वर्षभरि गाडि रखावै। फेरि खोदि लहिला निकरावै॥ सो अपने घरमें धरि राखै। जब रुज होय एक नित चाखै॥ कोइ कोइ दुइ दुइ चना खवावै। जानिपरै तो यहै करावै॥ वातव्याधि सब-पर यहदीजै। चना खवाय बहुत यशलीजै॥ पशुके स्वामि-नको यह चाहिये। चना बनाय घाममें धरिये॥ जबतक रोग नीक नहिं होई। तबतक चना खवाओ सोई॥

अन्य

इस रोगमें दाग देनेसे जल्दी अच्छा होता है—

दागनेकी विधि



चौ०-बहुत दाग दीज्यो तनुमाहीं । जौन शकलको लिखि यहिमाहीं ॥ चारों पुट्ठनपर दगवावै । दुइ दुइ दाग जरूर देवावै ॥ डाढिके नीचे दोनों ओरा। एक एक रुजरुजको झारा ॥ दुवो कनपटिनपर दुइ दीजै । दुइ चुतरिनपर दुये करीजै ॥ या विधि वृषभ देइ दगवाई । सो अर्धंगरोग बहिजाई ॥

सीकुररोगका लक्षण व दवा

दोहा-सीकुररुजको नाम कहि, सिकुरा रहे बनाय ।
　　चारों चरणन वरम कछु, चलत बहुत लँगराय ॥
चौ०-चारा कम खावै वृष सोई। कछु दिनमें दूबर बहु होई॥
वातरोग याको पहिचानौ। ताकी दवा सुनौ बुधिवानौ ॥
वरजतियाइक सर्प कहावै। वाकी मांजरि पीसि खवावै॥
इक तोलेते दुइलग दीजै। सिकुरारोग नीक पुनि लीजै॥
दोहा-पशुके रुजको नाम यक, है निर्घंट सुजान ।
　　गो वृषके गलकंठमें, सूजन दुहुँदिशि जान ॥
चौ०-अँवराकेसम गोलदेखावै। दुख देवै सुख दूरिकरावै॥
जोयह रोग हेमंतमें आवै। गोबर मूत्र बन्द होइ जावै॥

धूपकाल गरमीमें होवै । चारा पानी सब तजि देवै ॥

दवा

बेनवर कुचिलि पोटरी कीजै।तासों सेंकि बहुत विधि दीजै
बेनवर मानुषमूत्र मिलाई । पीसि महीन गरमकरवाई॥
पांचसात दिन लेप करावै।नीक होय वृष बहु सुख पावै॥

अन्य मसाला

गूदलेउ इन्द्रायन फलका । पीपरि मिर्च लोन सेंधौका॥
अदरख मिलैपीसिसमलीजै।नितप्रतिगेरहदिनलौंदीजै॥
बँगला पान देउ मेलवाई। बहुत फायदा करिहै भाई॥

हन्नवायु

दोहा- हन्नवायुरज कठिन है, पशुको काल समान ।
एक पहरमें जानियो, मृत्यु निकट नियरान ॥

चौ०—घूमि घूमि पशु गिरि गिरि परै। देही कांपि कांपि पगु धरै ॥ कछुक देरमें सो गिरि जाई । चारों चरण देइ फैलाई । हन्नवायुके लक्षण भाखैं। जो निदान मतमें गुणि राखैं ॥

दवा

इन्द्रायनके फल दुइ लीजै।पीसि छानि मुखमें भरि दीजै॥
व्याघ्रामिष जो देउ खवाई। हन्नवायु तुरतै खुलिजाई॥
मृगाश्‍‌ृङ्गको रगरि पियावै।की तेहि लेंडी पीसिखवावै॥
खुरासानि अजवाइन लीजै।दुइ तोला तेहि पीस धरीजै॥


बारहसिंगा रगरि मिलावै । तोला एक प्रमाण करावै ॥
हन्नाकी लेंडी मँगवाई। एक छटांग पीसि मिलवाई ॥
अजयादूध सेर अध लावै। तामें औषधसकल मिलावै॥
अग्निपकाय वृषभको दीजै। हन्नवायुको नाशकरीजै ॥
लंबग्रीवकी अस्थिघिसाई । एक छटांकवृषभ सो खाई॥

टनकवायुके लक्षण व दवा

सोरठा–दवा किये खुलि जाय, ताकी यत्न कराइये॥
पांउ टनिकि लँगराय, टनकवायु ताकौ कहै ॥

चौ०-एकैचरणराहमेंघिसिलै। सूधचलैतबहींनसपिघलै॥
करियारीजड़ खोदि मँगावै॥ दुइतोलानितप्रातखवावै॥
चनाके आटा मध्य सनाई। आठ रोजलगदीज्यो भाई॥
मुरगीके अंडा मँगवावै । सर्षपतेल मिलै लिपवावै ॥
मालिस करैटनकनसपिघलै। गेरहेंदिनयाहीरुजसकिलै॥
पक्षी एक टिटिहिरी कहिये। ताके अंडा रविदिनलहिये॥
यवपिसानसँग वृषको दीजै। टनकवायुकोनाशकरीजै ॥
वरजतिया इकसर्प कहावै । मूँड पूँछतेहि काटिबहावै॥
ता पीछे विधि और कराई । माटी चिकनीतालकिलाई॥
ताकी ढिमकीकूटि करावै। माटीको इकघट मँगवावै॥
तामें ढिमकी अर्द्ध भराई। आधाघट खाली रहिजाई॥
तामें सर्प देउ धरवाई । फिरि माटी ऊपर भरवाई ॥
मोहरा बहुत बन्द सो करिये। एकमासलगताकोधरिये॥
फिरि सरपैको ढेउ फेंकाई। माटी कूटि पीसि छनवाई ॥

एक छटांक प्रमाण खवावै । बजराके आटा सनवावै ॥
पांच सात दिन पशुको दीजै । टनकवायु ताकी हरिलीजै ॥
लहसुन तोला चारि पिसाई । पारा षटमासे मिलवाई ॥
चनाके आटा पिंड बनाई । यकइस दिन याही विधि पाई ॥
हींग भूँजि तोला भरि लाई । चनाके आटा पीसि खवाई ॥
यकइसदिनकी है यह रीती । और विधान सुनौ करि प्रीती
दोनों कूलनपर दगवावै । जौन सकलको लिखा बनावै ॥



अथ वैषलावायुलक्षण व दवा

सोरठा—पाछिल धर बेकाम, उठै न पावै पशु कछू ॥
रोग वैषला जान, दवा करो ततकालही ॥
चौ०—अकस्मातरुज भेजाकरै । ताकीदवाकरौजोसपरै ॥
मुरगीअण्डा सात मँगावै । बरजतियाकी मांजरि लावै ॥
एक छटांक ताहि पिसवाई । चनाके आटासानिखवाई ॥
सर्षपतेल पाव इक लावै । मुरगी अण्डा मिलै घिपावै ॥
तेहि पाछे यह देउ पियाई । नारिभराय वृषभ खनाई ॥
बन्दमकान पवन नहिं लागै । तामें तोप करो दुख भागै ॥

जबहीं अङ्ग पसीना आवै। जलदी नीक होय सुखपावै॥

अन्य

कोमलशाक करौंदा लीजै। पात समेत काटि कुचिदीजै॥
बहुत नाहिं चींटी जो होई। तौन मृत्तिका खोदि सो लेई॥
सेरसेर दोनों करवावै। जलमें चुरइ वृषभमुख नावै॥
बाकी रहै मलो जल अङ्गा। रोग वैषलाकी करि भंगा॥

सर्वरोगहरण उपाय

दोहा—लंबग्रीवको अस्थि जो, लाय धरो गृह कोय।
सकलव्याधि आवै नहीं, वृष पशुतनसुखहोय॥

अन्य

चौ०-श्वेतप्याजको लाय बरावै। दरवाजेऊपरबँधवावै॥

कोई रोग न आवै ताकी दवा

चौ०रविदिनखारीनमकखवावै। तावृषकोकोइरोगनआवै

अन्य

सांभरिनमक टकाभरि लीजै। पानी पकै प्रातनितदीजै॥
लेउ सोहागा खील कराई। पीसि छानिआटासनवाई॥
नितप्रति बारहमास खवावै। कोई रोग निकट नहिं आवै

मनियां फूटैका रोग। दूसरा नाम रीवां पंचक

रीवांरुज इकनाम कहावै। त्वचा तरै सो होते हैं।
कीरासूत्र ऐसे बहुपतरे। भीतर भीतर चलते हैं॥
जब कब छेद करैं ऊपरको। शोणित कछुक निकरते हैं।
केशवपरसाद बिचारि कहैं। वृष दिनदिनदूबर होते हैं॥ १॥

दूसर नाम सुनौ यहि रुजको मनियाँफूटी कहते हैं ।
चारा दाना कमी खात हैं दुखी बहुत पशु रहते हैं ॥
याकी दवा प्याज बहुदीजे चारिदाँय नित कहते हैं ।
केशवपरसाद विचारि कहैं वृष दिनदिन दूबर होते हैं २
एक मासभर ताहि खवाओ वाही विधि करदेते हैं ॥
जब वह सकल वेधि त्वच जैहै मरे किर्म सुख होते हैं ॥
दवा नीकि परमानिक जानौ बुद्धिवान सुनि तरते हैं ॥
केशवपरसादविचारि कहैं वृष दिन दिन दूबर होते हैं ३
रूप घटै कमतागति होवै और दवा लिखि देते हैं ॥
भुजबल चिरिया एक कहावै पंख सहित धर देते हैं ॥
यवपिसानमें पिण्ड बनावै मुख पसारि भरि देते हैं ॥
केशवपरसाद विचारि कहैं वृष दिनदिन दूबर होते हैं ४
वर्षाऋतुमें ढूढे मिलि हैं लैके वृषको देते हैं ॥
नाम एक सीताके एँडुरी किरवा वन वन होते हैं ॥
की करिया झींगुरै खवावै भौमवारको कहते हैं ॥
केशवपरसाद विचारि कहैं वृष दिनदिन दूबर होते हैं ५
दोहा—करियासाँपकि केचुली, तोला भरि परमान ।
गुडके साथ खवाइये, भौमवारको आन ॥
जो कीरा यहि रोगको, देखनका मन होय ।
जा छिन बूथीरुधिर चलि। चुटकीमें धरु सोय॥
चौ०-बहुतजोरकर दाबो ताही। कीरनिकरै पकरोवाही।
हौले हौले चुटकिन खैंचै । कीरा एक हाथभरि ऐंचै ॥

निकर जाय जब कीरा तनते । सदा रहै वृष सुखसामनते

ओदीनाम रोग । बछियाबछरनके होता है

दोहा—गो महिषिनके शिशुनको, ओदीरुज ह्वै जाय ।
रोम गिरै लालो लखै, ताको करौ उपाय ॥
लीजै पात भठारिकै, कूटि पीसि मलवाय ।
की पानीमें उसनिकै, बच्चनको नहवाय ॥

अन्य टटका

मंगर की रविवारको, माटी चिकनी लेय ।
क्वारी कन्या विप्रकी, पोति सकलतनु देय ॥

रोगका नाम तूल । बच्चनके ह्वै जाता है ।

दोहा—तूलनाम रुजको कहौं, महा कठिन दुख देय ।
गो महिषिनके शिशुनको, पकरति देर न लेय ॥

चौ०—धरणि गिरै सोबहुमुरझाई । चारोंचरण देइ फैलाई ॥
ठाढ किये पगुभुइँ नहिं धरै । डेढ पहरमें सो वह मरै ॥
सर्षपतेलछटांक मँगाई । नारिभरायकै देय पियाई ॥

अन्य दागनेकी विधि

नथुना ऊपर जहँ चिकनाई । तहँ दागेते नीक देखाई ॥

नेत्रपिरानेके लक्षण व दवा

दोहा-अँखियनमें सुरखी रहै, दिनको आंसु बहाय ।
रातिको कीचर आवई, जानो आँखि पिराय ॥

चौ०-शूकरविष्ठा लेउ मँगाई।टकाएकभरितांहिखवाई॥

अन्य

दोहा-भुजयलपक्षी आनिकै पंख उखारु सुजान।
धरु पिसानके मध्यमें, पशुको देउ विधान॥

अन्य

चौ०-रविकेदिनबढ़ईबोलवावै।बसुला और रुखानीलावै।
इकइकचोटखुरनपरमारै।मुरदानखपरसोकरिधारै॥

अन्य

दोहा-रजस्वलास्त्री वसन, रुधिर भीज ढूँढ़वाय।
थोरा पशू खवाइये, रवि कुज वासर लाय॥

आंखिनमें ढरका बहै ताकी दवा

दोहा-आंसू आवै बृषभके, ढरका बहै निदान।
ताकी दवा कराइये, हगशीतल सो जान॥
चौ०-सींगनबीचपछरीजानौ।खालीगडहासोपहिचानौ॥
तामें तेलडारु रेंडीको। पांचसातदिनमें ले नीको॥

आंखिनकी फूली मांडाठेठरकी दवा

दोहा-सकल चौपया पशु जवन, आंखिनरोगबखान।
फूली मांडाकी दवा, अजमाई यह जान॥
चौ०-अर्कदूध घेला भरि लीजै।सातबुंदसीरातेहिदीजै॥
रविके दिन यह करौ दवाई।चारों तरफ़आंखिकेभाई॥
सात दफा तेहि देहु गरेरी।बार बार अँगुरी लै बोरी॥

दूजी लीक होना नहिं पावै। ऐसी तरह दवा लगवावै ॥
खालउधिलिखहिठौरकिजैहै।फूलीनीकिसकलविधिह्वैहै॥

अन्य

हरियरिचुरियाकाचकिलावै। डारिखरिलमेंखूबपिसावै ॥
शिरसपातकोरेसमिलवाई। तेहिकेसाथखरलकरवाई ॥
सुरमाके सम ह्वै जब जावै। तबहींवाको सुखै धरावै ॥
चुटकीभरिसोलेयनिकारी। आंखिनमें तेहिभरे विचारी॥
सातरोज लग दवा करावै। फूली ठेठर नीक देखावै ॥

अथ रतौंधीकी दवा

दोहा-दिनका सुझै वृषभको, निशिमें आंधर होय ।
ताके अंजन लेपु दृग, जाइ रतौंधी खोय ॥
चौ०-मछरीकापित्तामधुलीजे।दोनोंसमकरिवेपिघरीजे॥
यह अंजन देउ लगाई। पांच रोजमें नीक देखाई ॥

अन्य

हुक्कनको ले कीट मँगाई। पानीमें तेहि पीसि लगाई ॥

अन्य

गुंजादलको पीसि निचोवै। ताको सुरस नेत्रलगवावै ॥

जारामांडाफूलीठेठरके लक्षण वा दवा

दोहा-जारामांडा वृषदृगन, बहुत महीन देखाय ॥
फूली ठेठर मोट है, स्याहीपर लखिजाय ॥
चौ०-गजको लेउ नखूनमँगाई।पानीमें घसिदृग लगाई॥
एकइसरोजकी है परमाना।नेत्ररोग ठेठर मिटि जाना ॥

दोहा-मामीरा अत्र तूतिया, सेंदुर, समकरि लेउ।
निम्बु कागदीके रसहि, तामें खलकरि देउ॥
चारि पहर तेहि रगरिकै, सुरमा लेउ बनाय।
अँगुरीते आँखिन भरौं, सोरहदिन लग जाय॥

अन्य चौपाई

चीनी बर्तनको ले टुकरा। अग्नि जराय ताहि लै घरा॥
अरूण फिटकरी खील कराई। दोनोंसमकरिपीसिलगाई॥

अन्य

गजनख खिनी बीज मँगाई। समकरि निम्बके रसै घोटाई॥
आठरोज दुँदु बेर लगावै। फूलौ ठेठर दोउ मिटिजावै॥

अन्य

मानुषशीशकी अस्थि मँगाई। बहुत पुरान लेइ ढुँढ़वाई॥
घिसि पानीमें ताहि लगावै। नेत्ररोगकी जर मिटजावै॥

अन्य

सेंदुरुफ मिसिरी लेउ मँगाई। लाल फटकरी खीलकराई॥
औरखपरियासबसमडारी। पीसिखरलसुरमा करिधारी
जो नहिंकहूँखपरिया पावै। लँगबसरीतेहि योज मिलावै

अन्य

सेन्दुरुफ मिसिसमकारीदीजै। निंबूरससे खरल करीजै॥
मुर्गीके परभे लगवावै। यह सुरमा रुज खोय बहावै॥

अन्य

गेरू अरु सोरा पिसवावै। दोनों नेत्रनमें फुकवावै॥

अन्य

आँखिनके जारा मिटानेकी गोली

सुरमा वोही लेउ मँगाई। और चाकसू रस उतलाई॥
सोराकलमी गजको दन्ता। नीम्बूरस खरल करंता॥
चनाप्रमाण बटी बनवाई। घामें सुखै धरौ घर भाई॥
पानीमें घसि अंजन करिये। जारा कटै नेत्रदुख हरिये॥

अन्य

जारा मांडा फूली अच्छाकरनेकी दवा

श्यामकाँचकी चुरिया लावै।हरदीसाँभरिनमक मिलावै॥
सम करि मिही लेउ पिसवाई।माँडा फूलीपर फुकवाई॥

अन्य

गोलिनदार कटैया लावै। ताके फलको रस निकरावै॥
नेत्रनमें तेहि देउ चुवाई। नेत्रनका ठेठर मिटि जाई॥
प्रथम नेत्रमें वरमदेखावै।दवा नीकिबहुशकनहीं आवै॥
फिर पीछेको नीक देखावै।अरुण वरण भीतर ह्वै जावै॥

रुजिनावृषभलक्षण वा दवा

दोहा-रोगजुवां रूजी कहौं, देहीमें ह्वै जाय।
तासों पशु दूबर रहै, चारा थोरा खाय॥
वृषभ रुजीला जानिये, रोम गिरे सब अंग।
जहँ तहँ खाल उधीलई, रूप होय बहु भंग॥

चौ०-रूजीनामक्फिमं इक होई। पशुकेतनु भगटै बहुसोई॥

खाल रोम सगरे खाई। दिन दिन दूबर ह्वै दुख पाई ॥

दवा

विनुवाँ कंडा भस्म करावै।नीर मिलाय अंग मलवावै॥

अन्य

हरदी सर्षप तेल मिलाई । वाको लै तनमें चुपराई ॥

अन्य

बीज सरीफाके मँगवाई।की खिन्नीजल पीसि लगाई॥

अन्य

तितिलीकी पाती पिसवावै।जलके साथ अंग चुपरावै॥

अन्य

साँभरिनमक पिसावौ भाई।रसनामें दशदिन मिलवाई॥

अन्य

आँबा भस्म कपर छनवावै।हुक्कापानी तेहि मिलवावै ।
सकल शरीर देहु मलवाई।कइउ रोजलग करौ उपाई॥

अन्य

भुरजीभार करहुँवाँ लावै । गेरू सर्षपतेल मिलावै ।
देहीमें बहु मालिस करै । रूजी मरै रोगदुख हरै ॥

अन्य

नींबपात जलमें उसनावे।वासोमलि दशदिन अन्हवावै॥

चपठी वा किलीननकी दवा

दोहा-चपठी और किलीन जो, वृषतनुमें ह्वै जाय।
ताकी दवा कराइये, किर्मरोग नशि जाय ॥

चौ॰भुरकुडकीपातीमँगवावै।जलमेंचुपरैवृषभअन्हवावै।
लकरि भुरकुडकेरि मँगाई।खूँटा गाडि वृषभ बँधवाई ॥

कमीलावृष लक्षण

दोहा-वृषभ कमीला जानिये, यहि परमेह सुनाम ।
दवा किये रुज जात है, तेहि मति राखौ धाम॥
झरा करै नरियाय बहु, दूबर रहै हमेश ।
कमताकत शेखी बडी, कछु तनु रहै कलेश ॥

"वृषभमहिषके झरीलारोगका लक्षण व दवा"

दोहा-वृषभ झरिला जानिये, जेहि नित झरै मनोज ।
दिन दिन दूबर होत है, तागति घटै सो रोज ॥

दवा

चौ॰पीपरलाखकतीरालीजै।खदिरसफेदमिलैतेहिदीजै॥
दुइ दुइ तोला वजन करावै।जीरा श्वेत छटांक पिसावै॥
चावर साँठीके मँगवावै । आधसेर तेहि तौलि धरावै॥
गायके दूध पकायखधावै।प्रातकाल इकइस दिनपावै॥
झलबेरियाजड छोलिमँगाई।सेंबरबबुरछाल मिलवाई॥
सुखै पीसि चूरण बनवावै। जोपिसानसँग पिंड खवावै॥

अन्य

दोहा-झलबेरिया अरु बबुरकी, जड़की छाल छोलाय।
दुइ दुइ तोला सब करौ, बबुरपात मिलवाय ॥
चौ॰-केलाजड़तोलाभरिलीजै।एकछटांकछोहाराकीजै॥
आधसेर गोदूध मँगावै।सकल पीसि तेहि गुरै खवावै॥

सिंगरी बबुरकेरि मँगवाई। जामें बीज परे नहिं भाई॥
चनाके आटामें तेहि दीजै। आध आधसेरै करि लीजै॥
खदिर श्वेत केलाजड लीजै। और कतीराको तेहि दीजै॥
तोला एक एक परमाना। यह आटा सँग देउ सुजाना॥
मूरीबीज सौंफ सितजीरा। इक इक तोला ले सब धीरा॥
यवआटामें पिंड बनवाई। सातरोजलग वृषहि खवाई॥
श्वेत खैर अरु लेउ कतीरा। अँवरा मिलै करौ इक ठौरा॥
इकइक तोलाकी परमाना। गेरह दिन लग यहै विधाना॥
सांझ भिजैकै प्रात खवाई। रोग झरीका दूरि कराई॥
बेरी अनार बबुरकी पाती। दुइ दुइ तोला करु यहि भांती॥
फलबब्बुर दुइ तोला लीजै। पीसि महीन वृषभको दीजै॥

अंडकोश सूजै ताके लक्षण व दवा

दोहा-कटवा वधियाके किये, अंडकोश उसियायँ।
याकी चिन्ता मति करौ, जलदी नीक देखाय॥
चौ०-दूसरिविधिवादीतेसूजै। तेहिकीदवाबहुतदिनकीजै॥
तीसरि विधि गरमीते जानौ। ताकी दवा करी बुधवानौ॥
यह रुज गरमीते कम होई। वादीते वृषको दुख देई॥
जो गरमीते वरम देखावै। मुलतानी माटी मँगवावै॥
शीतल पानीमें पिसवाई। अंडन ऊपर लेप कराई॥

अन्य

जोसरदी वादी पहिचानौ। तेहिकी दवा बहुत विधि जानौ॥
काराजीरी अरु अजवायन। गेरू सब सम नीर पिसायन॥

गरमकराय लेप करि दीजै।सतये दिन तेहि नीको लीजै॥

अन्य

पानीमें तिल श्याम पिसावे। अग्निपकाय लेप करवावे॥

अन्य

लेउ दालचीनी गुड भाई। पीसि गरम करि लेप कराई॥

अन्य बफारा

गोगोबर टाटक लै आवै। पानी मिलै पकाय लगावै॥

अन्य

योगिया रंडके पात मँगावै। जलमें चुरै बाफ सेंकवावै॥
बाही गरम नीरमें धोवै। पटकै अंड बहुत सुख होवै॥

अन्य

जलमें गेंदापात उस्यावै। अंडकोश पर बाफ़ देवावै॥
श्याम मिर्च इकतोला पीसै।लेपन किये सो रुज नहिं दीसै॥
अगर वह गेंदापात बँधावै। नीको होय बहुत सुख पावै॥

अन्य दवा खानेकी

सहिंजन छाली लेउ मँगाई। रंडाजडकी बकली लाई॥
गोल कटैया लेउ समूला।सुखै महीन पीसि करि तोला॥
सोंठि लेउ मैदा पिसवाई।सकल दवाके सम मिलवाई॥
घृतमें एक छटांक मिलावै।प्रातहि दशदिन वृषहि खवावै॥

अन्य

जवाखार मेरु अरु पीपरी।सोंठि मिलाय खरलमें रगरी॥
तोला तोलाभरि सबलीजि। मदिरा आध पावमें दीजै॥

गजचरण रोग दूसरा नाम फीलपांव ।

दोहा–गजसमान जाके चरण, सूजे बहुत दिखाय ।
सो गजचरण बखानिये, रुजको नाम दिखाय॥
चौ०दूसर नामसुनो मनलाई।फीलपांव सबकहैं सुनाई॥
काहूकेइक पांवमें जानो । चारोंमें केहुरोग बखानो ॥
बदसूरति बहुतै ह्वै जावै।चलै न पावै पशुलँगरावै ॥

दवा

दोहा–लै पटोलजड निंबदल, छोटी हर्र मिलाय ।
पावएक घृतमें मिलै, पशुको देउ खवाय ॥
अजवाइन सैंधा नमक, वायभिरंग मिलाय।
सोंठि पीपरी समकरौ, इक इक तोला लाय ॥
दोनों गुडमें सानिके, पशुको देउ खवाय ।
फीलपांव रुजकी व्यथा, दुइ महिनामें जाय ॥

अन्य चौपाई

लेउ फटकरिकाचि पिसाई। माखनमें तेहि मिलैखवाई॥

अन्य

जो इनते नहि नीक देखावै। तो नस्तर लै पीब बहावै ॥
जलमें धोयसाफक्षत करिये।ता ऊपर यह दवा चुपरिये॥
दोहा–एक छटांक खजूरिफल, जलमें देउ भिजाय ।
दुइदिनलग भीजै जबै, मलिकै लेउ छनाय ॥
सज्जी खार मँगाय अरु, जवाखारको लेउ ।
दुइ दुइ तोलाके वजन, ताही जलमें देउ ॥

यह औषध गजचरणमें, एक मास लगवाय ।
नीक होय पशुसुख बढ़ै, करियो यही उपाय ॥

अन्य

गंधक तिलके तैलमें, पीसि लगावै कोय ।
फीलपांव गजचरण रुज, खोय बहावै सोय ॥
बहुत कठिन यह जानिये, नर पशुको दुख देव ।
दवा बहुत दिनलग करौ, नीक होय यश लेय ॥

जहरवातलक्षण व दवा

दोहा-जो जानौ पशुवृषभके, जहरवात रुज होय ॥
ताके लक्षण कहत हौं, जानि लेउ सब कोय ॥
चौ० गर्दनसूजिजायबहुभारी।चारापानीमुशकिलडारी॥
सूजन बहुकठोर ह्वै जाई। सब पशुको दुख देत सदाई॥

दवा

कुटकी औ बंडार मँगावै। तोला तोला करि पिसवावै॥
एक टकाभरि काराजीरी। आटा सानि जवनका धरी॥
एक दिनामें देउ खवाई। कैयो बेर ताहि मनलाई ॥

अन्य

कुटकी पिपरी बायविरंगी। चीत चिरैता ककराशृङ्गी॥
सोंठि मिर्च अरु जीरा श्वेता। काराजीरी सम सब लेता॥
इक इक लेउ छटांक मँगाई।पीसि कूटि कपरा छनवाई॥
लहसुन अरु बंडार पिसाई।पाव पाव दुहुँ देउ मिलाई॥
यवके आटा मिलि सनवावै।एक छटांक प्रमाण बतावै॥

पाँचसातदिन पशुको दीजै।जहरवातरुजको हरि लीजै॥

मसला सब तरहके जहरवातपर खवानेके
लिये बहुत अच्छा है

दोहा–जहरवात सब तरहको, जो पशुके होजाय।
ताको दवा खवाउ यह, रोग दूरि बहिजाय॥

चौ०चीतचिरैताककरा शृंगी।जवाखारकुटकीऔभृङ्गी॥
पिपरी बडी पीपरामूरी। बीच पलासैं गूगुरु धरी॥
सूख सँभारूपात मँगावै। और मरोरफली मिलवावै॥
पाव पाव यहि दवा करीजै।आगेवजन और लिखिदीजै
सज्जी साँभरनिमक मँगावै।साधो खरिया कच्चा लावै॥
काराजीरी घोडवच लीजै।जीरा श्वेत हींग मिलि दीजै॥
अजवायन देशी खुरसानी। राई अदरख फल इंद्रानी॥
नींब बकैना पात मँगावै। बेलगूद सब सुखै मिलावै॥
मिरच इन्द्रयव देउ मिलाई। गुरच हर्र छोटी मँगवाई॥
आध आधसेरै सब लीजै। आगे और वजन सो कीजै॥
बडी हर्र हरदी बंडारा। कचरी सोंठि बहेरे डारा॥
सँहिजनछालि पुदीना प्याजू। इकइकसेर दवा यह साजू
कोचिलातीनिछटाँकभिजावै।बकलाछीलिताहिमिलवावै
लेउ सोहागा ओर फटकरी।दोनों खील पाव इक करी॥
सकलदवाकुटवाय छनवै।आधपाव मौताज खवावै॥
सर्वं जहरवातनपर दीजै।नीक होय दुखको हरि लीजै॥

लेप अजमाया हुआ है

सुरस मकोइका काराजीरी। अरुवण्डार पीसि तेहि धरी॥
गुन गुन करि लेपै थोपवावै। ऊपर महुवापात बँधावै॥

दवा खानेकी

तूतकेरि पाती इक पाऊ। मिरचै एक छटांक मिलाऊ॥
कूटि पीसि आटा सनवावै। सोगलियाय वृषैं मुख नावै॥
वह थोपै यह दवाखवाई। यहिते और अधिक नहिं भाई॥

गरदब्बारोगलक्षण जहरवातकी तरह

दोहा-गरदब्बा रुज नाम है, महा कठिन गलशूल॥
सूजन आवै हलकमें। जहँ रसनाको मूल॥
चौ०-मुखमें हाथ डारिकै देखै। बहुत जूड ताको अवरेखै
लक्षण जहरवातके जानौ। है असाध्य याको पहिचानौ॥
प्रथम दान कछु वृषहित कीजो। तापीछेफिरिदवाकरीजो॥
मेथी आध पाव मँगाई। काँदा तिनि छटाँक मिलाई॥
पानीमें दोनों उसनावै। फिरि मलिकै तेहि छानि पियावै॥

अन्य नासु

बेनवरधुवाँ नासुको दीजै। रोग गरदबा नीको लीजै॥
सर्षपतैल अफीम मिलाई। नासुवृषभको दीज्यो भाई॥

दवा खानेकी

दोहा-देउ मसाला वृषभको, ऋतु हेमन्त सो जानि।
यासौ तनु मोटा रहै, महावृद्धि बलखानि॥

करियारीजड लेउ मँगाई आधपाव पिसवाय खवाई॥
तेलियाकन्द दवा इक कहिये। जिमीकंद सम पातालहिये
तांको मूल लेउ खोदवाई। चनाके आटा पीसि खवाई॥
ग्राहशीशकी अस्थि मँगावै। ताहि पीसिकछु वृषहि खवावै
पशुशालामें जो धरवाई। तहाँ गरदबा निकट न जाई॥

अन्य

मनुषअस्थि छँटाक पिसावै। चनाके आटा सानि खवावै॥
पल्ली एक सजीव मँगाई। आटा सानि मध्य धरवाई॥
देउ खवाय वृषभको जबहीं। रोग गरदबा जाई तबहीं॥

अन्य लेपन

लै बंडार महीन पिसाई। काराजीरी सम मिलवाई॥
सुरस मकोयमें ताहि पिसावै। महुवाकी पतरी बनवावै॥
गरम करै पतरी पर चुपरै। टोटी हलके ऊपर धरै॥
तेहिपर रुई पहल धरवाई। कपराभे तेहि देउ बँधाई॥

अन्य बफारा

पातधतूर सँभारू पिलुवा। अंबरवेलि रूसकी मिलुवा॥
इन्है उसेइ बफारा दीजै। गरदब्बा रुज नीको लीजै॥

दागदेनेकी विधि

दहिने पुट्ठापर सुनु भाई। दाग त्रिशूल ठाड करवाई

रोगका नाम पटका

दोहा—एकी एका जो वृषभ, धरणीमें गिरि जाय।
बेदम और बेहोश है, सो यमपुरको जाय॥

चौ०–पहर एक दुइमें मरिजाई। यह रुज पटका नाम कहाई

उपाय

एककान वा आधेशिरतक। देउ दगाय न कीजै कछुशक
मृत्यु न होय तो नीक देखावै। और उपाय न कछु बनि आवै

रोगका नाम बुडका

दोहा–बुडका रुज वृष महिषके, जो होवै पहिचान।
बेदम और बेहोश ह्वै, बूड नीर जनु जान॥

उपाय

चौ०–मीठा गुडशर सेर मँगावै। सातबेर वृषपर उतरावै॥
लै लै महावीरको नामा। सो धरि राखु आपने धामा॥
गुरधनियाँ वाकी बनवावै। भौमवार बँदरन चबवावै॥
कछुक पुण्य वृषके हित कीजै। यथाशक्ति मनमें गुणिलीजै॥
और दवा याकी नहिं भाई। महावीरकी कृपा सेवाई॥

रोगका नाम घुरका यह जहरवातकी
किस्म गरदब्बाकी तरह है

दोहा–घुरघुराय घुरै घुरकि, लेफालार बहाय।
सिगरे कर्ण विलोकिये, लक्षण दिये बताय॥
चारोंपद फैलायके, लोटि धरणिमें जाय।
सब शरीर शीतल करै नेत्र खुले रहिजाय॥

चौ०–दोनों आँखिजायँ पथराई। अरुनथुननतेनीर बहाई
श्वास गभीर कण्ठ रुँधि आवै। घुरघुरायकै शब्द सुनावै
ताते घुरका नाम कहावै। गरदब्बा की दवा करावै॥

वेधनरोगका नाम

दोहा–वेधन रुजको नाम कहि, महाकठिन है जेर ।
ताके लक्षण परखिकै, दवा करो मति देर ॥
चौ०–हैजासम तेहिजानौभाई।वृषभमहिषिकोहैदुखदाई
मरै बहुत नीके होय थोरा । ताके लक्षण सुनौ घनेरा॥
आंवखूनमिलि दस्त जो आवै। फाटफाट गोबर देखरावै॥
बहुत पातरा पोंकै भाई। वेहि अधिक कछु है चिकनाई॥

दवा

दोहा–बब्बूररियाँ दक्षिणी, और सिलमिली जानु ।
आधसेर पाती हुवो, पीसि तक्रमें सानु ॥
चौ०-पाँचसेर माठा मँगवावै।तीनों घोरिके नारि भरावै॥
साँझ भोर दुहुँबेर पियाई।अर्द्ध अर्द्ध परमान बताई॥
तीनि दिवस याविधिकरुभाई।नीकनहोयतो और उपाई॥

अन्य

पाती सरसइ हरियरि लावै।आधसेरताको कुचिलावै ॥
और कतीराको कुटवाई । आध पावकी वजन कराई॥
घडा एक पानी घोरवावै । राति ओसमें ताहि धरावै॥
थोर नीर वहि घरते लीजै।दुइनारी वृष प्रातहि दीजै॥
साँझ भोर पीवै दिन तीनी।रोग मिटै सब संशय हीनी॥

अन्य

मदिरा गुडकी लेउ मंगाई । एक पाव ताको तौलाई॥
तामें ईसबगोल भिजावै । एक छटांक वजन करवावै॥

साँझ भोर दिनतीनि खवाई। वेधन रोग दूरि ह्वैजाई॥

अन्य

अँबिलीकीपाती ले आवै। पीसि छानिकैताहि पियावै॥
एक दिनामें केतन्यो बेरै। देउ बृषभ वेधन रुज हेरै॥

अन्य

सिरकाकी सिकञ्जवी बनावै। अर्क गुलाब मिलाय पिलावै

अन्य

मिसिरी आधपाव पिसवाई। एक सेर पानी घोरवाई॥
निंबू निचोय कागदी दीजै। नारि भराय वृषभ वह पीजै

अन्य

पोदीना इक पाव मँगावै। तोला एक मिरच मिलवावै॥
जलमें पीसि वृषभको दीजै। वेधनरोगको नीको लीजै॥

अन्य मसाला चालीसा यह चारों रोगोंका है
मुनासिब है घरमें तयार धरा रहे वक्तपर काम आवैगा॥

दोहा-पटका बुडका धूरका, अरु वेधनका रोग।
चारों रोग असाध्य कहि, सुनौ चातुरे लोग॥

चौ०-चूरण नाम कहौं चालीसा। करिहै सर्व रोगको खीसा
अँवरा हर्र बहेरा लीजै। मेथी और कचेलिया दीजै॥
आध आधसेर यहि लावै। आगू और प्रमाण बतावै॥
सोंठि पीपरीमिरच भरंगा। अँबिलतास अजमोदै भंगा॥
तवाखीर अरु मूढ मँगावै। चीतकि लकरी ताहि मिलावै
साँभरि सोंचर नमक जो खारी। जवाखार अरु गूगुरडारी

घोडवचमिलै तौलि सबलीजै। पाव पावकी वजनकरीजै
छालि सहीजन सुखै पिसाई। चारिसेर तेहि लै तौलाई
एकसेर करु सौंफविधाना। आगे और प्रमाण बखाना॥
जीरा श्वेत असेतै हरदी। बीच पलाशै आँबा हरदी॥
बेलगूद अरुककरा शृङ्ग। काचिफटकरी खीलसोहोगा॥
असगँध सोवा बीज हुरहुरा। लोधपठानी काराजीरा॥
फली मिरौर कलौंजी कुटकी। सर्वरोगको देहै फटकी॥
इतनी दवा प्रमाण करीजै। आध आध पावै सबलीजै॥
कूटि पीसि कपरा छनवावै। आध पाव नितप्रातखवावै
बरहौ मास तुरगको दीजै। सर्वरोग ताको हरि लीजै॥

जो चमार बैलको जहरकी गोली खवाइके मारि डारते हैं, तेहिके लक्षण व दवा

दोहा-जे चण्डाल चमार अरु वृषको जहर खवाय।
जीव मारि हत्या करैं, खाललोभ अधिकाय॥

चौ०-गोली जहर तीनि विधि जानो। वत्सनाभ शंखिया बखानो॥ तीसर नाम सिंगिया कहिये। इन गोलिनते मृत्यु जो लहिये॥ तिनके लक्षण अरु पहिचानी। खायेपर परखो बुधवानी।

चिह्न

जीभ ओठ सूजन देखरावे। बेहोशी हफ्फनिमुख आवे
मुखते बहुदुर्गंधि सो जानो। अरु आँखैटेढी पहिचानो
ये लक्षण पशुके तनु देखै। वत्सनाभ विष दियो सोलेखै

दवा

सधुई और पलाँकी लाई । दोनोंके रस लेउ कढाई ॥
एक एकको अलग देखावै। दोनों मिलिकै चहै पियावै॥

अन्य

गर्म दूध बकरीको दीजै। गऊ दूध विधि यहै भनीजै॥

अन्य

खट्टा तक्र लेउ मँगवाई । निंबूको रस मिलै पियाई॥

अन्य

दोहा—यहि रुज में दुइ रात तक, चारा खान न देइ।
जलकी जगह गुलाब दै, जहरदुःख हरि लेइ॥

शंखियाकी गोलीके लक्षण

दोहा—दाँत जीभ सूखी लखे, मुखपै जलन देखाय ।
आँखें माफिक रक्तके, देह बहुत गरमाय ॥
श्याहखून पोंकै अधिक, बहु बदहोश जो होय।
हाथ पाँय फैलायके, परा रहे पशु सोय ॥
चौ०यहिलक्षणयुतदेखियजाही।दीनशंखियाजानौताही

दवा

दोहा—गौके दूधनमें मिलै, घृत तेहि देइ पियाय ।
बढो शंखियाको जहर, ताही छिन हटि जाय॥

अन्य

कत्था श्वेत गुलाबमें देवै।जहर शंखियाको हरि लेवै॥

केलाकी जडको जल लीजै। मिलै कपूर नारि भरि दीजै॥

अन्य

ले गुलाब उत्तम मँगवाई। मिलै कपूर सो देउ पियाई॥

अन्य

अजादूधमें घृतहि चुरावै। नारि भरायकै ताहि पियावै॥

अन्य

ईसबगोल लवाब बनाई। गौ को दधि देइ मिलाई॥
डारि गुलाब नारि भरि दीजै। जहरशंखियाकोइरिलीजै॥

अन्य

विहिदाना लवाब लैलीजै। याही विधि पशुखानको दीजै॥

सिंगियाजहरकी गोलिनके लक्षण व दवा

दोहा—पोंकै मूतै रुधिर बहु, अरु बेहोश देखाय।
दशन जीभ नीलेवरण, जहर सिंगिया आय॥

दवा

चौ०—गाइदूधतेहिबहुतपियावै। ताकोपशुकोजहरमिटावै

अन्य

बरफके पानीमें मिलवाई। पीसि कपूरे देउ पियाई॥
जो यह पानी नहिंकहुँपावै। तौ गुलाबमें मिलै पियावै॥
की खीराको जल निकराई। अरु तरबूज नीक बहुभाई॥
ईसबगोल लवाब निकारै। की विहिदाना भिजै सवाँरै॥
इनमें कोइ एकौ मिलिजावै। पीसिकपूर मिलै तेहि प्यावै॥

खुरपक्काज्वरलक्षण व दवा अँगरेजी मत
इलाजुलवहायम किताबका मत

दोहा—कहौ खुरपका ज्वर प्रबल, याको सुनौ हवाल ॥
तीनि विलायतके वृषभ, कीन्हेंसिसकलबिहाल ॥
चौ०-हिंदुस्थानअवधकेदेशा।तहँखुरपकाकरेकमकीशा।
जेतने पशु रोगनतेज करैं। दवा कियेते जल्दी सँभरैं ॥
जे वृभ बेबरदाशि रहतहैं। कोइ कोइतामें मृत्यु गहत हैं॥
फिरंगस्तान राज अँगरेजी। तहँखुरपका करैज्वरतेजी॥
गरुव शरीरकेर वृष जानौ। तारूते बडदुःख बखानौ ॥
थोरे पशू मरत हैं भाई। फिरंगस्तान दवा अधिकाई॥
इंगलिस्तान मुलुक इकहेवै। तहँखुरपकादुःखबहु देवै ॥
जेतने पशुनकेर ज्वरआवैं। तामें आधे तेहि मरिजावैं॥

लक्षण

सकल शरीर थरथरी पहिले। फिरबोखारदेहीमें फैले॥
चरण हाथ मुख सींगगरमहैं। दाना परैं जीभ मुखमेहैं॥
हाथ पाँव मुख थन नथुननमें।परफैंफोला यहि ठौरनमें॥
श्रवण शरद मुखलारबहतहैं।क्षुधाजाय तनुरोमफटतहैं ॥

दवा

दोहा—चरण खुरी मुख धोइये, प्रतिदिन षटवर जान ॥
गर्म नीर करवायकै, साफ करो बुधवान ॥
चौ०-पाँचटाँकफटकरिलैआवै।आधसेरपानीघोरवावै॥
जखम औरमुखयासोंधोवै। जल्दी नीककरैसुखहोवै॥

बगलअयनथनसाफरखावै।औरजखम जहँ होइ धोवावै
कपराकी पोटरि सेंकवाई।मा।छिनकी कछु जतन कराई ॥

तेल खुरपकाके जखममें लगानेका

चौ०-पावएक अरसीको तेला। एकछटांककपूरै मेला॥
तारपीनको तेल मँगावै। तोला डेढ ताहि मिलवावै॥
अग्नि पकाय कपूरै डारै॥ शीशीमें भरिकै तेहि धारै॥
जखमके ऊपर चुपरै जबही। कीरा मरैं न औरौ परहीं॥
माछी लगैं जो मुखमें आई।तेलकपूर मिलाय लगाई॥
जो तेजी बहुज्वरकी होई। औरौ दवा करौ पुनि सोई॥

दवा खानेकी

नव मासे करपूर मँगावै। तोला भरि सोरा मिलवावै॥
दोहा-मदिरा तोला तीनि लै, पीसि कपूर मिलाय॥
ता पाछे सोरा मिलै, या विधि करौ उपाय॥
शीतल पानी सेर इक, तामें सकल घोराय॥
नारि भरायकै दीजिये, ज्वरको शांति कराय॥

अन्य

चौ०-कटुकचिरैतालेउमँगाई।तोलातीनिताहि पिसवाई
उतनै साँभरि नमक मिलावै। पंद्रह मासे सोरालावै॥
राब मिठाई डेढ छटांका। पानी आधसेर कूपका॥
सकल पीसिकै एकमिलावै।नारि भरायवृषभमुखनावै॥
हरियरि नरमघास तेहि दीजै।तापाछेविधिऔर करीजै॥

अन्य भोजनपथ्य

चाउरकी दरिया पकवावै । वृषको पेट भराय खवावै॥
डेढ छटांक मिठाई नावै । अर्द्धछटांकनमकमिलवावै ॥
दुइइकबेर यहै विधि कीजै।दरिया मिलै खानको दीजै॥

हिन्दुस्तानी मत लक्षण व दवा

दोहा-दमै बहुत शोभा अधिक, चारा खाय न नेक॥
नथुना बोल वृषभके, चरण, धरणि नहिं टेक॥

चौ०-मुखमें हाथडारिकैदेखै।तनजानिज्वरताहिविशेखै
लार वहै कछु मुखते आई । याके लक्षण दिये बताई॥
चारों चरण उतारिज्वरआवै । फूटै खुरी रोग दरशावै ॥

दवा

गुञ्जादल इक पाव पिसाई।जलके साथ मिलै मुखनाई

अन्य

श्याममिर्चदुइ तोला लावै।तामें घृत इकपावमिलावै ॥
जलके साथ मिर्च पिसवाई साँझ भोर दिन तीनि पियाई

अन्य

ईसनिम्बूरि पावइक लीजै। ताहिंपीसिमिलिघृतसँगदीजै
तीनि दिवस नित प्रात खवावै। पीछेदवा और करवावै ॥

अन्य

पीपरपरकी नींब मँगाई । वाके दल इकपाव पिसाई ॥
गोघृत वजन बराबरि लीजै । तामें मिलै वृषको दीजै॥

अन्य

तिल्ली श्वेत आधसेर लावै। जलमें पीसि वृषभमुखनावै
दोहा-श्याम उरद पिसवायकै, रोटी लेउ बनाय।
एक तरफ काची रहै, एक तरफ पकिजाय ॥

चौपाई

तामें सर्षप तेल लगावै। छेदि गूँदिकै बहु चुपरावै ॥
थोरा थोरा वृषहि खवाई।खुरपक्का ज्वर दूरि कराई॥

अन्य

श्मशानकीमाटीलावै।कछुक अस्थिमिलिताहिखोदावै॥
पीसि कूटिकै राखुधराई। चारि पांच दिनवृषहि खवाई॥

अन्य

बब्बुरकी छाली उसनावै।सोजल बहुत गाढ औटावै॥
खुरके जखम देउ चुपराई।बहु मजबूत होय सुनु भाई ॥

खुरपक्काखुरहा ज्वर झारनेका मन्त्र साबर

अकतरखुरबावकतरदार। पाकै नीर मँदिर उजियार॥
आगेअर्जुनपाछे भीम।मोरखोरनाग्वादैंसिंह॥गोरखनाथ
निहालीबाली। गोरखनाथकी बाचा फिरी॥मेरीभक्ति
गुरुकी शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरोवाच आदेश गुरुकी॥

मन्त्रविधि

चौ०-यहैमंत्रपढिकरौविधाना।खुरज्वरनाशनहैपरिमाना।
एकहाथभे जल भरिलावै। पढौ मन्त्र मुख फूँकत जावै

इकइसबेर मंत्र पढ़ि कीजै वाही जल मुख छींटा दीजै॥
देहीं छिरकि चरण छिरकावै। जौन बचै सो मुखै पियावै॥
तीनि दिवसनित प्रातै करै। औरौ कछुक दवा अनुसरै॥

दूसरा मन्त्र साबर, घुरका, बौंड़ी, डिवरा, खुरपक्का रोगनाशन

गंग यमुन दो बहैं सरस्वती। गऊ चरावै गोरखयती॥
गोरखयतीकि बाचा फुरी। मानहुँफूटै न आवै खुरी॥
जारामारा मांद बिसहरी। बडुका बौंडीडिमरा रुजजारी
भस्मखुरखुट दोहाई नोना चमारीकी मेरी भक्ति॥
गुरुकी शक्ति फुरोमन्त्र ईश्वरोवाच

मन्त्रविधि

चौ०-नींबकेटेरुवाभे झरवाई। पाँचबेर पढ़ि मन्त्रसोहाई

तीसरामन्त्र खुरपक्का ज्वर झारनेका

गुडहोय झोपरी मुहैन आव फूटै खुरीमैंराजाका कुर
हिलहोय रंजे महिका सौपी गाय मोरे चराय वहिल
बियाय मोरे चराये वेढि न जाय वेढे जायसहर दुइघोडे
दोहाई पांचो वीर पँडवनकी धनछाड़िकै सोरि न जाय॥

मन्त्रविधि

चौ०-एकहाथमें नीरभरावै।पढ़िपढ़िमन्त्रताहिफुकवावै॥
ग्यारह बेर मंत्र पढ़िफूँकै। फेरिवहै जल मुखपर छिरकै॥
थोरा वृषभैयनको दीजै।सांझ भोर दिन तीन करीजै॥

विषहरारोग लक्षण वा दवा

सो०-शुटकी मिली गंधाय, गोबर पोंकै नीरसम ।
पेट झरै अधिकाय, दिन दिन दूबर होत है ॥

चौ०गोवृषमहिषीमहिषबखानौ।रोगकठिनयहदवाप्रमानौ
वनमें विरवा एक कहावै । ताको नाम विषहरा गावै॥
पात पलाशकेर अनुहारी । बोडा चलैं महीपर भारी ॥
आधपाव तेहि पात पिसाई । नारि भरायकै देउ पियाई
सातरोजलग प्रात खवावै।नीक होय पशुबहुसुख पावै॥

विषहरारोग दूसरे किस्मका ताके लक्षण

दोहा-रोग बिसहरा जानियो, वृष महिषीके होय ।
थरथराय कांपै अधिक, मुख सूखै दुख होय ॥

चौ०-चारा खाय न जलसोंनेहा।नितप्रतिदूबरिहोवैदेहा
यहि रुजके लक्षण पहिचानौ।बहुत मरैंनीकेकमजानौ॥
अधिक उपाय दवा जो करिहै।मुश्किलतेसोनीकोहोइहै

दवा

बांबी दीमककी माटी लावै।जौन नवीन बहुत देखरावै॥
पानीमें तेहि पीसि सनावै।वाकी गुरिया गोल बनावै॥
शनरसरीमें सकलगुहावै । माल बनाय वृषभ पहिरावै॥

अन्यलेप

सोवाबीज जवायनि सरसौ।पाकी अँबिलीं कालेसरसौ
सेंधौ जवाखार अरु राई । हरदी तामें देउ मिलाई ॥
सकलदवा समभागपिसवैं।गुनगुनकरि मुखलेपकरावैं॥

ऊपरते पट देव बँधाई । तीनि रोजलग यहै लगाई ॥
झारै मन्त्र नीक ह्वै जावै । दुहूँ विषहरनको यह भावै॥

मन्त्र साबर

आरासारासरसरसरा । चरैं समुद्रके तीर ।
पंख डोलावै विषझैरै । निर्विष होय शरीर ॥
दोहाई नोनाचमारन । इति मन्त्रझरनेकी विधि

चौ०-अर्कपातछोटा पलईका।तापर डारु दूध वाहीका॥
पांच बूँदको है परमाना । ताहि बराबरि गोघृत साना॥
कुशकी लाभ लेउ इकआनी।तापर घेपि घेपि पढ़ुवानी॥
पढिपढि मन्त्र फूकु पातापर । कुशभे घेपि घेपि वाहीपर
गेरह बार मन्त्र पढि झारै । ताके पाछे और विचारै॥
कान तरे कनपटी कहावै । बाईं तरफ़ पात तहँ छावै॥
छुवतिछुवति याही विधि जावै।पूँछलगे फिर दहिने आवै॥
छुवत छुवत पातालैंजाई। दाहिनि कनपटिमें चपकाई ॥
तहाँ सूजि आई बहु भावै।तब जैहै रुज सुख उपजावै॥

सरदी वा वादीते वृषभ पोंके दोनोंके लक्षण एक हैं

दोहा-शरदीवादी दुहुँनते, वृष पोंकै अकुलाय ।
ताके लक्षण कहत हौं, समुझे एक देखाय ॥

चौ०-बोले पेट पियासनलागै।ठंढ शरीर रहै सुख भागै॥
गोबर बोहिदार कछु जानौ।ताकेलक्षण यह पहिचानौ॥
सोंचर सेंधौ साँभरि लीजै।जवाखार सज्जी मिलि दीजै
हर्र बहेर अँवरा डारो। हरदी छोटी हर्र विचारो ॥

जीरा श्वेत असेत मंगावै। भाँग ककूँदनि ताहि मिलावै॥
देवदारु मिरचै लै कारी। पिपरी पिपरामूर सो डारी॥
मूरी सोवा दुहुनके बीजै। वायभिरंग शतावारि लीजै॥
नागौरी असगंध लैधरिये। सोंठि मँगाय ताहि लै डरिये
अजवायन अजमोद कहीजै।छालि सहींजन तामें दीजै॥
टका टकाभरि सबपिसवावै।दुइतोला नितप्रातखवावै॥

गरमीते वृष पोंकाकरै ताके लक्षण

दोहा-जो गरमीते वृषभको, पेट झरै दुख होय।
ताके लक्षण समुझिकै, दवा करौ सबकोय॥
दमैं अधिक श्वासा चलै, प्यास बहुत सरसाय।
हाथ धरै तन गरम है याको यहै सुभाय॥
चौ०-एकछटांककतीरालीजै। साँझै भिजैप्रातवृषदीजै॥
जवआटामिलिपिंडबनाई। जेनहिं खाय तो देउ खवाई॥

अन्य

धनियाँजीरा श्वेत मँगावै।टकाटकाभरि दुवो पिसावै॥
एक छटांक भाँग मिलवाई। यव आटासँग सानि खवाई॥
साझ भोर दुहुँबेर खवावै। अर्द्ध अर्द्ध ताको करवावै॥

अन्य

फलस छालि लीजौ मँगवाई। आधपाव ताको पिसवाई॥
यव आटामें पिंड बनावै। साँझ भोर दुहुँबेर खवावै॥

अन्य

जमुनी आँबकीगुठली लावै। छोटी माँई ताहि मिलावै॥

पीसि यवनके आटा साने। पिंड बनाय वृषभमुख आने॥

अन्य

आधपाव अरसी पिसवाई। यव आटासँग सानि खवाई॥

महिष वृष रक्त पोंकै ताकी दवा

चौ०-पोंकै रुधिर महिष वृषजोई। गरमीते पहिचानौ सोई
धनियाँ सेंधौनमक पिसाईयवआटामिलिपिंड खवाई॥

अन्य

और कतीरा भिजै खवावै। यवके आटामें सनवावै॥

पेशाब बन्द होइ ताकी दवा

दोहा--गो महिषी वृष पशुनको, मूत्र बन्द दुख होय॥
रुजनाशन विधि कीजिये, सुखी रहे वह सोय॥
चौ०-राईबहुतमहीनपिसावै। जलकेसाथ गरम करवावै॥
अंडकोशपर लेपन करै। खुलै पेशाब दुख रुजहरै॥

अन्य

बानरके दुइ जुवां मँगाई। दोनों श्रवणनमें डरवाई॥
कलमीसोरा नान्ह पिसावै। तोला दुइकी तीनि करावै॥
गोदधिसेर एक मेलवाई। नाज भरायके देउ पियाई॥

अन्य

मदिरा गोघृत देउ मिलाई। आध पावतेहिवृषहिपिलाई॥

वधियारोगलक्षण दूसरा नाम
दुरगवाँछा कहते हैं

छन्द-इक मक्षिकाको काम । है वाधिया तेहि नाम॥
सो गुदाके ढिग जाय । पैठे उदरमें धाय ॥
माछी जिये कछु देर । दुख रहै ताको घेर ॥
इक जुवाँको लै आव । सोश्रवणमध्य चलाव॥
ले नींबतेल मँगाय । सो गुदामध्य फुँकाय ॥
एक चौगमें भरि फूक । जो कर याहि सलूक ॥
कटूतेल लेइ पाव । सो वृष मुखमें नाव ॥
हुक्काकी नीर मँगाय । सो श्रवणमें दे नाय ॥

लोहजारोग-लक्षण

दोहा-सुस्त रहै वृष जो बहुत, आकस्मात सुजान ।
कछुक देर पीछे लखौ, मूतै रुधिर निदान ॥

चौ०-याकोलोहजानामबखानौ।दवाकियेवृषनीकोजानौ
बबुरपात इक पान मँगाई । हरदी दुइ तोला पिसवाई॥
जलमें घोरि नारि भरि दीजै । साँझ भोर दुहुँबेर करीजै॥

अन्य

ककईपात पावभरि लीजै। अजै दूध इकसेरमें दीजै ॥
दोनों मिलै नारि भरि प्यावै, तीनिबेर परमाण बतावै ॥

अन्य

दोहा-शिखरन दीजै वृषभको, जो लोहजा पहिचान ।
तक्र मिठाई मिलैके, दीज्यो ताहि सुजान ॥

जुलाब जब कोई दवा, न असर करै तब देय ॥
दोहा-लोहजा मारै वृषभको, नीक न होय सुजान ॥
तो जुलाब यह दीजिये, जलदी खुलै निदान ॥
चौ०-मेथीअजवाइनिअरुहरदी।तीनोंपीसिकरौबहुगरदी
पात कसौंजी और बकैना। ककईपात कंजके लेना ॥
यहि चारों पाता मँगवावै।गाँडरजड़पियाजकोलावै॥
लहसुन गोलकटैया पाता। टका टका भरि समकरु भ्राता॥
दुइसेरपानीमें पिसवावै।नारि भराय वृषभमुख नावै ॥

दूसरी किस्मका लोहजारोग रक्त मूता करै

दोहा-जो गरमी मारा वृषभ, रुधिर मूति असलाय॥
भूख घटै तनु दूबरो, बाकी दवा कराय ॥
चौ०-सूखी फाँकी आँमकी लावै।पक्के आधपाव तौलावै॥
माटीबरतन साँझभिजाई।प्रातै मलि खौंजी फिकवाई॥
पाँच सातदिन वृषभको दीजै।शीतल रहैदुःख सब छीजै॥

अन्य

दोहा-तिल्ली श्वेत भिजायके, एक पाव दिन सात ।
प्रातै पीसि पियाउ नित, शीतल ह्वैहै गात ॥

"पैरमें रसबादी उतरै ताके लक्षण"

दोहा-रसबादी जेहि वृषभके, उतरै चारों पाय ।
दवा करो ततकाल ही, रुज दूषण मिटिजाय॥
चौ०चारोंचरणकिगांठिजोसूजै।रसबादीतेहिनामकहीजै
गौ वृष महिषीके रस उतरै । ताहि मसालादै रुज हरै॥


मसाला

वायविरंग भाँग अजवायन । सहिंजन जड़की छालि मिलायन॥निर्गुंडीअरुबीजपलासा।सेंधौसौचरनमकसों वासा॥सकलदवासम भाग पिसाई। चूरणकरिधरिराखौ भाई॥एकमासलगपशुकोदीजै।रोगहरै बहुसुख बढीजै ॥

अन्यलेप

योगियारँडजड़छालि मँगावै। पातधतूर सँभारू लावै॥ भांग मिलै समभाग पिसाई।गुनगुनकरि लेपन करवाई

दागनेकी विधि-(यहि सूरतिका दाग देइ)



गांठि गरेरि गोल दगवावै । मध्य लकीरै दुइ करवावै॥ जौन सकलकी लिखी बनाई।यहविधि चारौं गांठि दगाई

आगीमें जो वृषभजरिजाय ताकी दवा

दोहा-पावकमें वृष जो जरै, जलदी दवा कराउ ।
प्याज पीसि ताको सुरस, ऊपर तेहि टपकाउ॥
चूनाको जल लीजिये, अरु अरसीको तेल ।
दुवौ बराबरि घेरिकै, पोति देउ सब मेल ॥

रोगका नाम परका

दोहा–पंखनदार भुजङ्ग इक, चिटकै कछुक उड़ाय ।
जो वृष ऊपर नीकरै, तेहि रुज यह ह्वै जाय॥
चौ०परकारुजतेहिनामकहावै।सकलअङ्गछालापरिजावै
चारा खाय न कछु करि नेहा । नितप्रति दूबरि होवै देहा
जो गफलतिमें दवा न करिहै।खालचिटकतनुकी सब जैहै
दूसरनाम भुजंगको जानौ। उड़ानाग ताको पहिचानौ॥

दवा

दोहा–गेहूँका भुस लायकै, अग्नि देउ सुलगाय ।
ताकी धुंई देवाइये सकल शरीरमें जाय ॥

अन्य

चौ०-रविदिनअरुणबनातैलावै।ताहिधोयवृषकेमुखनावै
बहै बनात शीशपर बांधै।पांचरोजदोनों विधिसाधै॥
यह विषधर काहूको काटै । सकल अंगटुकरा ह्वै फाटै॥
परछाहीं जेहि ऊपर परै । ताहूको कछु नाकिस करै ॥

रोगका नाम जरा शरदऋतुकी घासमें फेना उठता है सो खायेते यह रोग होता है

दोहा–कीट होत इक शरदऋतु, तृणपर ताको वासु ।
श्वेत फेन मुखते द्रवै, जरानाम कहि तासु ॥
चौ०-दूसरानाम चौखराकहिये।जोरअढ़ाईदिनलगरहिये
महिषी वृष वनमें जो चरई । वहैं घासखाये रुज बढ़ई॥
खातै घास बैठि पशु जाई।कुछ न बसाय हिलै नहिं पाई॥

जहेरदारकिरवा अरु फेना । याकी दवा करो बुध ऐना॥

पहिचान

पशुकेतनुश्याही कछु दरसै । जानौ जरारोग वृषतरसै॥

दवा

कूटिपीसिइकसेरकरेला । वृषभ खवाय देउ मुख मेला ॥

अन्य

श्याम मिर्चमिलिघृतैपियावै।तासोंजहर मिटैसुखपावै॥

अन्य

कुम्हडा पीसिकै नीर निच्वावै। नारि भराय वृषभमुखनावै

अन्य

दोहा–नींबपात पिसवाय बहु, आधासेर रस लेउ ।
एकपाव गोदधिहि मिलि, वृषभ नारि भरि देउ॥

अन्य–टटका

दोहा–वृषभ पीठिपर काग जो, बैठे आय बनाय ।
ताही क्षण विष सकल हर, सुखबाढै अधिकाय॥

चौ०-ताहित औरजतनकोकीजै जाविधि कागबैठिदुख
छीजैथोरादधिपीठीपर छिरकै। बैठिकागखावैमनभरिकै॥

सरेदमीरोगलक्षण । घुरघुराकरै, श्वास बहुत चलै,
मेहनतिमें जीभ काढि देत है

दोहा–घुरघुराय श्वासा चलै, मेहनत परे कलेश ।
जीभकाढि ठाढो रहै, सुस्त बहुत नहिं वेश ॥

चौ०-साँसउखरि ताहिको जाई। याकी दवा करौ मन लाई ॥

दवा

दुइ तोला भरि सोरा लीजै। यव आटा सँग खानको दीजै ॥

अन्य

सौंफ कुलींजन मिरचैं कारी। तोला तोला भरि सब डारी ॥
आधपाव सक्कर मिलवावै। अरुण वरणकी जौन देखावै ॥
आधसेर गो दूध घोराई। प्रातसमय वृषके मुखनाई ॥

अन्य

सौंठि अतीस सौंफ को लीजै। मिसिरी श्याम मिरच सम कीजै
पीसि छानि बरतन भरि लीजै। साँझसमय वृष खानको दीजै
आधपाव परमान बतावै। यव आटामें पिण्ड खवावै ॥

अन्य

सिता सौंफ इक पाव मँगाई। तोलासात मिरच मिलवाई
औंरा एक टका रि लीजै। कंजगूद इक तोला दीजै ॥
भोनयनू दुइ टका करावै। सकल महीन पीसि घेपवावै
आटामें दुइ पिंड बनाई। सांझभोर पशुके मुखनाई ॥

अन्य

मदिरा आधपाव परमाना। एक मास लग देउ सुजाना ॥

अन्य

किसिमिसि औरमुनक्का पिपरी। मिरच सौंफ अदरख लै धरी
जीरा श्वेत लेउ विहिदाना। मौरेठी मिलि करौ विधाना ॥
सकल दवा सम भाग पिसाई। बबुर गोंद जलमें झिजवाई ॥

तेहि पानी गोली बनवावै । तोला इक परमान करावै॥
सांझ भोर इकएक खवाई । रोगजाय पशु बहुसुख पाई॥

अन्य

प्याज यतरि इकपावसोलीजै।तामेंनमक टकाभरि दीजै॥
जल पियायकै देउ खवाई।इकइस रोज प्रमाण बताई ॥

अन्य

नींब पातको रस निकराई । तामें सर्षपतेल मिलाई ॥
गोदधि तीनों सम घेपवावै।सातरोजलग वृषहि पियावै॥
घामेमें फिरि बहु दौरावै । सर्षपतेल नाक मग प्यावै॥

अन्य

जीरा श्वेत पाव इक लीजै । सूखपात मेंहदी सम कीजै॥
श्वेतखदिर अरु लेउकतीरा । आधपाव लै दूनो धीरा॥
रसवत तोला तीनि मँगावै।सकलपीसि नान्ही करवावै॥
बाकी तीनि खुराक करीजै । सांझ भिजै प्रात वृषदीजै॥

अन्य

प्याज कतीरा कुचिलि बनावै।जलपियायकै ताहिखवावै

आरजासाँकदमीका

दोहा—सरेदमीते अलग है, साँक दमीरुज येह ।
सांकलेन मुशकिल करै, दुबरावै बहुदेह ॥
चौ०-सरेदमीको मेहनत परई।नरीसांक घुरघुरधुनिकरई॥
सांकदमीमें यह नहिं सोई । इतने भेद कहत सब कोई॥

चौ०-अँबराहर्रबहेरा लीजै।श्याममिरचचारोंसमकीजै॥
पावपावभरि वजन करावै।दुइसेर चावल मिलै पकावै॥
शक्कर लालि आधसेरडारी।हलुवाकरितेहिलेउउतारी॥
तीनिछटांकप्रात निशिदीजै।सांकदमीको अंत करीजै॥

दोहा-सेंहुडकेरी डारलै, दुइ तोला परमान।
आगिमें भूजै ताहि कछु, पीसै तौन सुजान॥

चौ०पिपरामूलमिरचलैकारी।इकइकतोलातामहँडारी॥
यवकीआटामिलैखवावै।सांकदमीसोरुजमिटिजावै॥

दोहा-इंद्रायनकी मूल अरु, पीपरि मिरच मिलाय॥
रंडाके जरकी त्वचा, पिपरामूल मँगाय॥
अजवायनि वंडार अरु, त्रिफला हरदी दारु॥
कूलींजन खारी नमक, सेंधों सोंचर धारु॥
दुइदुइ तोलाके वजन, सबकी लेइ तुलाय॥
गेहुँके आटा सेर इक, रोटी लेइ बनाय॥
बिनुवा कूंडन मध्यधरि, वाको दीजै फूँकि॥
कोइलाकरि बरतन धरै, ता रोटीको बूँकि॥

चौ०-दवा तीनितोलेलैलीजै। यवपिसानमेंसानिकेदीजै॥
आधीआधीदुहुँबेरदीजै। सांकदमीकादुखहरिलीजै॥
"रोग खाँसी व धांसैका शरदी व गर्मी दुहुँनते होता है"

दोहा-धांसकरैबहुजोरसे, खांसी अधिक बढ़ाय।
शरदीगरमीदुहुँनते, ताको करो उपाय॥

चौ०-जो गरमीते धांसकराई । ताकेलक्षणसुनौबताई॥
सूखीखांसीवृषभकोआवै।तौगरमीकी दवा करावै॥
दवा-बब्बुरगोंदकतीरालीजै।टकाटकाभरिपीसिकरीजै॥
जवआटामें ताहिसनावै।पिंडबनायवृषभमुखनावै॥

अन्य

शक्करसौंफमिरचले कारी। गोघृतसकल बराबरिडारी॥
दोहा-चारौं रकम पाव इक, यव आटामें सान ।
इकइस दिन लगु दीजिये, याको यही विधान ॥

अन्य

चौ०-लेउमलाइदूधकीभाई। जलपियायइकपावखवाई

अन्य

एकछटाँक रूसके पाता। सांभरिनमकटकाभरिलाता॥
यवआटामें पीसि मिलाई । पिंडबनायके देउ खवाई॥

अन्य

जवाखारइकतोलालीजै । सोंठि छटांकपीसिधरिदीजै ॥
रसकोसिरकादेउमिलाई । नारिभराय वृषभमुखनाई ॥

अन्य

मदिरा लेउ मिठाईकेरी । गोघृत ताहि मिलावो घेरी ॥
आधपाव दोनोंतुलकीजै । नारिभराय वृषभको दीजै॥
गोधृतसहतबराबरिलावै । कछुककैफरा पीसि मिलावै॥
थोरा गुनगुन ताहि कराई । नथुननके मगदेउ पियाई॥

सर्षपतेलनारिभरि दीजै । खाँसी धांसदुहूँरुछीजै ॥

शरदीते खांसी धांस होय ताका उपाय

दवाका नाम महाकल्याणपिंड

दोहा–सोंठि सोहागा कैफरा, कुटकी वायभिरंग ।
हींग फटकरी मिर्चलै, जीरा श्वेतै रंग ॥

चौ०-सकलदवासमभागपिसाई।मेथीआटादूनमिलाई॥
जलसोंसानिपिंडबनवावै । एकछटांकप्रमाणकरावै ॥
गोली एक प्रातनितखाई । वृषको रोग दूरिह्वै जाई ॥
औररोगजोहोयदिमाकी । ताको नीककरै मनताकी ॥

अन्य

तीनिवर्षका गुड लै आवै। एकछटांक प्रमाण करावै॥
एकटकाभरिसोंठि पिसाई । दोनों मिलैके देउ खवाई ॥

अन्य

दोहा–सोठि पीपरी मिरच अरु, लहसुन चारों पीस ॥
तोलातोला भरि सकल, रुजको करि हैं खीस ॥
चौ०-मेथीकेरपिसानमँगावै।ताहिमिलायवृषभमुखनावै

अन्य

हींग अधेला भरि पिसवाई। अदरखएकछटांकमँगाई ॥
तेहिको चीरि हींग भर दीजै। ऊपरते कपरौटी कीजै ॥
आगीकीभुलभुलिमेंधरिये।पाकीजायतबदवानिकरिये॥
पीसि महीन ताहिकौ कीजै। जलपियायकैपीछूदीजै ॥

सात रोजलग यहै खवावै। शरदी खाँसी धांस मिटावै॥
बांसपात नितप्रात खवाई। याहूते धांस सब मिटिजाई॥

अन्य लेपन दिमागका

पड़वा महिषक गोबर लावै। आध पाव ताको करवावै॥
खरीनमक टकाभरि लीजै। जलसों घोरि पकाय धरीजै॥
शिरपर लेपन यहिको करै। तीनिरोजमें तेहि रुजहरै॥

अन्य

दोहा-आजदूध अरु सहतको, पाव पाव भरिलेउ।
सोंठि टकारि पीसिकै, मिलै प्रात नित देउ॥

अन्य

